नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 44

सोमवार, 04 से 10 दिसम्बर 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक



केवल 'आप' निशुल्क शिक्षा की गारंटी दे सकती है : केजरीवाल 03

नेताओं पर भ्रष्टाचार में कार्रवाई की तलवार 08

शेन वॉटसन बने क्वेटा ग्लेडियेटर्स के मुख्य कोच 10

योग द्वारा दूर हो सकता है पीठ का दर्द 11

शहनाज ने गांव में दोस्तों संग ढोल पर किया डांस 12


# NCR समाचार


इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र


## चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी: प्रधानमंत्री

- 'मोदी की गारंटी' में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि 'झूठी घोषणाएं' करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'मोदी की गारंटी' में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि 'झूठी घोषणाएं' करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है और लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती।

उन्होंने कहा, "हमारी सरकार ह्यमाई-बापह्ल सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है। जिस तरह एक बच्चा अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसी तरह यह मोदी आपकी सेवा के लिए काम करता है।"

प्रधानमंत्री ने कहा, "मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। मेरे लिए हर गरीब वीआईपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआईपी है, हर किसान वीआईपी है, हर युवा वीआईपी है।" उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल यह है कि देश उन लोगों पर भरोसा क्यों नहीं करता जो हमारा विरोध करते हैं।

मोदी ने कहा, "कुछ राजनीतिक दलों को समझ नहीं आ रहा है कि वे झूठी घोषणाएं करके कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। चुनाव लोगों के बीच जाकर जीते जाते हैं, सोशल मीडिया पर नहीं।"

उन्होंने कहा, "चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है। लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के बजाये सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों न रहती।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है।

उन्होंने कहा, "इन चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। मैं सभी मतदाताओं का आभारी हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया।"

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को जरूरतमंदों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत ही कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है।

उन्होंने कहा, "पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी अब वह चली गई। सरकार ने जरूरतमंदों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा, "इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं।"

उन्होंने कहा कि सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तभी हर लाभार्थी तक पहुंचा जा सकेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ह्यमोदी की गारंटीह्ल वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को केंद्र सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ जरूर मिला है।

उन्होंने कहा, "और जब यह लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है।

इस कार्यक्रम में देश भर से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के हजारों लाभार्थी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे देश से 2,000 से अधिक वैन, हजारों कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) भी जुड़े।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई हैं ताकि सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से इन योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित किया जा सके।

### राजस्थान को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक

## कमियां दूर लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का संकल्प



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार की समीक्षा के लिए शनिवार को बैठक की और यह फैसला किया कि कमियों को दूर करके तथा एकजुट होकर अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। राजस्थान के साथ मिजोरम विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

राजस्थान से संबंधित समीक्षा बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

बैठक के बाद रंधावा ने संवाददाताओं से कहा, "काफी लंबी चर्चा हुई है। हमारे कई उम्मीदवार बहुत कम वोटों से हारे। हमने नेतृत्व को बोल दिया है कि हम लोकसभा चुनाव की तैयारियां करेंगे। जहां जहां कमियां थीं, उनको हम दूर करके चुनाव लड़ेंगे। एकजुट होकर लड़ेंगे।" उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी पूरी कांग्रेस एकजुट होकर लड़ी थी। यह पूछे जाने पर क्या प्रभारी पद से उन्होंने इस्तीफे की पेशकश की तो रंधावा ने कहा, "उन्होंने (नेतृत्व) कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में राजस्थान में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है।"

रंधावा के मुताबिक, उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह विधानसभा चुनाव तक रहना चाहते थे। कांग्रेस के मिजोरम प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा, "हमने मिजोरम चुनाव के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर राज्य की संगठनात्मक संरचना के साथ-साथ चुनाव के दौरान हुए विभिन्न घटनाक्रम शामिल थे।"

उन्होंने कहा, "हमने अपनी भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इन सभी मामलों पर गहन चर्चा की गई।

## महाराष्ट्र में एनआईए की 44 जगहों पर छापेमारी, 15 संदिग्ध हिरासत में

एनसीआर समाचार




**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की टीम ने शनिवार को तड़के महाराष्ट्र में 44 जगहों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 15 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम ने इन सबके पास से मोबाइल फोन और लैपटाप सहित कुछ अन्य सामान बरामद किए हैं। हालांकि अभी तक एनआईए की ओर से इस संबंध में अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है।

सूत्रों के अनुसार एनआईए को मिले गोपनीय इनपुट के आधार पर आज तड़के एनआईए और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र के पुणे में 1, ठाणे ग्रामीण में 31, ठाणे शहर में 1 और भयंदर में 1, मुंबई में एक, इस तरह 44 जगहों पर पर छापा मारा है। बताया जा रहा है कि पुणे में संदिग्ध शोएब अली शेख और अनवर अली शेख के घर पर छापेमारी के दौरान लैपटाप, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। यहां से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसी तरह ठाणे के भिवंडी स्थित पडघा बोरीवली में भी एनआईए की टीम ने छापेमारी करते हुए दस लोगों को हिरासत में लिया है। इन सभी से पूछताछ की जाएगी और बाद में जरूरत पड़ने पर इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। एनआईए की टीम ने मुंबई के अंधेरी कार्गो इलाके में भी आज छापा डाला है। यह कार्रवाई बेहद गोपनीय रखी गई है।

जानकारी के अनुसार पुणे और भिवंडी में एनआईए की टीम ने इससे पहले आईएसआईएस माड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उस समय पता चला था कि इन सभी को विदेश से भारतवर्ष में आतंकी गतिविधियों को फैलाने का निर्देश मिला था। इन सभी से गहन छानबीन के बाद एनआईए को पता चला था कि पकड़े गए सभी को बम विस्फोट और हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी गई थी और इन्हें विदेश से पैसे मिलते थे। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम को आज संदिग्धों के पास से बम बनाने से संबंधित कागज-पत्र भी मिले हैं। फिलहाल इस मामले की गहन छानबीन अभी भी जारी है।

## वसंत कुंज से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनो जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड गोलियां चलाईं, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

जांच के दौरान सामने आया कि अनीश कथित तौर पर रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम और हमले के छह आपराधिक मामलों में शामिल था।

## महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा की लोकसभा की सदस्यता शुक्रवार को खत्म कर दी गई। लोकसभा ने महुआ मामले में एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद इसे पास कर दिया।

रिपोर्ट में महुआ की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की गई थी। सदस्यता खत्म करने के फैसले के बाद समूचे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। इसी के साथ लोकसभा की कार्यवाही सोमवार, 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच सदन में पेश की गई। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त फैसले लेने होंगे। उन्होंने रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आधा घंटे का समय तय किया, जिसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों ने नाकाफी बताया था। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी ने मांग की कि स्वयं महुआ मोइत्रा को इस संबंध में अपना पक्ष रखने दिया जाए। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 2005 में इसी तरह के मामले में 10 सांसदों को निलंबित किया गया था और उस दौरान लोकसभा अध्यक्ष रहे सोमनाथ चटर्जी ने सदस्यों को अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी थी। जोशी की ओर से पेश प्रस्ताव पर विचार करने के दौरान विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया और महुआ के निष्कासन के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आचार समिति की रिपोर्ट बहुत लंबी है। ऐसे में सदस्यों को इसको पढ़ने का और समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर आज कोई फैसला न लिया जाए। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भी चर्चा के दौरान कहा कि महुआ पर आरोप लगे हैं, लेकिन उनको अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। यह न्याय संगत नहीं है। कोई भी आचार समिति दंड देने की सिफारिश नहीं कर सकती है उसे सिर्फ रिपोर्ट पेश करने का अधिकार है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर प्रश्न पूछने का आरोप लगाया था। उन्होंने इन आरोपों पर जांच समिति से जांच कराए जाने की मांग की थी। दूबे के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ने मामले को संसद की आचार समिति को भेज दिया था। दुबे का आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से प्रश्न पूछे जाने के एवज में रिश्वत और उपहार लिए हैं।



### 'कंगारू अदालत' ने बिना सबूत मुझे सजा दी'

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को लोकसभा से अपने निष्कासन की तुलना 'कंगारू अदालत' द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है। लोकसभा की आचार समिति की सिफारिश पर सदन की सदस्यता से निष्कासित किये जाने के कुछ मिनट बाद अपनी प्रतिक्रिया में मोइत्रा ने कहा कि उन्हें उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है और उन्हें नकदी या उपहार दिए जाने का कोई सबूत नहीं है। लोकसभा की आचार समिति ने 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में महुआ मोइत्रा को सदन की सदस्यता से निष्कासित करने की सिफारिश की थी।

## सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है : राजनाथ

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि आर्थिक विकास लिंग तटस्थ होना चाहिए। सरकार ने पहले की उस कहानी को सफलतापूर्वक बदल दिया है जिसमें अर्थव्यवस्था के विकास का श्रेय अकेले पुरुषों के योगदान को दिया जाता था।

शीर्ष व्यापार मंडल फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, "महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास न केवल पुरुषों के बल पर हो, बल्कि नारी शक्ति के आधार पर भी हो।"

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाते हुए सिंह ने कहा, "लड़कियां अब सैनिक स्कूलों में पढ़ रही हैं, जबकि महिला अधिकारियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब महिलाओं को लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, युद्धपोतों पर तैनात किया जा रहा है और सीमा पार अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा लड़कियां सशस्त्र बलों में शामिल हो रही हैं।"

मंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक विकास इंजन के रूप में उभरा है और दुनिया को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय विकास की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और क्षमता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों और कार्यक्रमों ने भारतीय विकास की कहानी को शक्ति दी है, जिसके विभिन्न पहलू आज की दुनिया को आकार दे रहे हैं।

मंत्री ने कहा, "भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि उसका विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं होगा। हमने हरित विकास का रास्ता चुना है। हमने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये। हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन बनाया है। हमने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहल की है। हमने जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता भी कम कर दी है।"

रक्षा मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई पहलों और उपलब्धियों को भी सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा, "हमने सड़कों, हवाई अड्डों और रेलवे में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा दिया। 2014 तक भारत में 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, आज यह बढ़कर लगभग 1.5 लाख किलोमीटर हो गया है।

जहां 2014 में भारत में केवल 74 हवाई अड्डे थे, वहीं आज यह संख्या दोगुनी हो गई है। पीएम गति शक्ति योजना और नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के जरिए हमने देश में 100 लाख करोड़ रुपये तक के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की योजना बनाई है।" समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सिंह ने कहा कि भारत की विकास कहानी दशार्ती है कि आर्थिक विकास और वितरणात्मक न्याय के बीच कोई असंगत समझौता नहीं है। उन्होंने कहा, "हमारा विकास मॉडल दिखाता है कि सभी के लिए समान अवसर और त्वरित विकास दर एक साथ हासिल की जा सकती है।

## पॉक्सो के दो लाख 43 हजार मामले अदालतों में लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे। एक शोधपत्र "जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज" के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा।

शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715


### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# मौलवी को आतंकी तत्वों से जोड़कर पीएम मोदी को निशाना बनाना चाहते हैं भाजपा विधायक: कर्नाटक सीएम

**बेलगावी, (कर्नाटक), एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा है कि भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने मौलवी सैयद तनवीर हाशमी, जिन्हें तनवीर पीर के नाम से जाना जाता है, के खिलाफ आतंकवाद से संबंध होने का आरोप लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने की कोशिश की। सिद्दारमैया ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि विधायक यतनाल ने मौलवी तनवीर हाशमी के साथ फोटो जारी कर उन पर आरोप लगाए हैं, लेकिन असली निशाना पीएम मोदी ही लगते हैं और यह बात धीरे-धीरे सामने आ रही है। उन्होंने तंज कसा, "मीडिया में जारी तस्वीरें पीएम मोदी सहित भाजपा नेताओं के मौलवी हाशमी के साथ संबंधों को स्पष्ट रूप से बताती हैं। क्या यह विश्वास किया जा सकता है कि विधायक यतनाल, जो मौलवी हाशमी के पड़ोसी हैं और उनसे करीबी तौर पर जुड़े हुए हैं, को इसके बारे में पता नहीं था। कर्नाटक सीएम ने लिखा, "भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष और विपक्ष के नेता (एलओपी) का पद गंवाने के बाद विधायक यतनाल गुस्से से उबल रहे



हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इसका बदला लेने के लिए उन्होंने मुझ पर और मौलवी हाशमी पर आरोप लगाए।" उन्होंने कहा, "विधायक यतनाल को यकीन था कि इस मुद्दे को उठाने और मेरे खिलाफ आरोप लगाने के बाद, पीएम मोदी के साथ मौलवी के रिश्ते भी सार्वजनिक हो जाएंगे। उन्होंने मेरे खिलाफ आरोप लगाकर नाटक रचा, लेकिन उनका असली इरादा पीएम और भाजपा नेतृत्व का अपमान करना था। सिद्दारमैया ने कहा, "सार्वजनिक रूप से मौलवी हाशमी के साथ मेरे मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं।

हाशमी ने केंद्र सरकार के माध्यम से जांच को भी चुनौती दी है। अब, पीएम मोदी अपने खिलाफ आरोपों का जवाब देने के लिए मजबूर हैं। अगर हाशमी के आतंकी कनेक्शन हैं तो पीएम मोदी को तुरंत जांच का आदेश देना चाहिए और मौलवी हाशमी के साथ अपने रिश्ते को स्पष्ट करना चाहिए।" उन्होंने मांग की, "अगर यह कार्रवाई नहीं की गई तो कम से कम झूठे आरोपों के लिए विधायक यतनाल के खिलाफ कार्रवाई शुरू करें।" सीएम सिद्दारमैया ने सवाल किया, "विधायक यतनाल बार-बार ऐसे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा और उनके बेटों पर कई गंभीर आरोप लगाए। यतनाल ने कहा था कि मुख्यमंत्री बनने के लिए पहले आलाकमान को दो हजार करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। विधायक यत्नाल के पीछे कौन सी ताकत है कि वह हाईकमान के खिलाफ इस तरह बोल रहे हैं?" उन्होंने पूछा, "कौन से 'जी' के आशीर्वाद उन्हें सजा से बचा रहे हैं, यह भी सामने आना चाहिए।

## अदालत ने विजयन, उनकी बेटी, यूडीएफ नेताओं को नोटिस जारी किया

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, उनकी बेटी टी वीणा और कुछ अन्य नेताओं को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस एक निजी खनिज कंपनी और वीणा की आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन के संबंध में जारी किया गया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. बाबू ने कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेताओं पी के कुन्हालीकुट्टी और वी के इब्राहिम कुंजु के साथ ही वीणा की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस आदि को भी नोटिस जारी किया।



अदालत ने इससे पहले एक वकील को याचिकाकर्ता - कलामासेरी के सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश बाबू- की ओर से बहस करने के लिए न्याय मित्र नियुक्त किया। गिरीश बाबू की मामला लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी। उच्च न्यायालय गिरीश द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विशेष सतर्कता अदालत, मुवट्टुपुझा के एक आदेश को चुनौती दी गई है। विशेष सतर्कता अदालत ने कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीणा की कंपनी और संदिग्ध नेताओं के बीच कथित अवैध वित्तीय लेनदेन की जांच के लिए दायर एक याचिका सबूत के अभाव में खारिज कर दी थी। जब संवाददाताओं ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उच्च न्यायालय के नोटिस के बारे में मुख्यमंत्री से पूछा, तो विजयन ने आज इस सवाल को खारिज कर दिया और पत्रकारों से कहा कि वे इस बारे में चिंता न करें, क्योंकि नोटिस उन्हें जारी किया गया है।

इस बीच, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय आरोपों की जांच नहीं कर रहा है, क्योंकि वाम दल और मुख्यमंत्री का भाजपा के साथ समझौता है।


कुछ महीने पहले एक मलयालम दैनिक की उस खबर के बाद केरल में एक विवाद उत्पन्न हो गया था कि सीएमआरएल ने 2017 और 2020 के बीच मुख्यमंत्री की बेटी को कुल 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

सतर्कता अदालत ने कहा था कि सामान्य आरोपों के अलावा, शिकायतकर्ता ने कोई भी ठोस तथ्य पेश नहीं किये हैं, जो यह दशार्ता हो कि नेताओं ने कथित भुगतान के बदले में सीएमआरएल को किसी तरह से फायदा पहुंचाया।

## इजरायल की सेना ने गाजा में दर्जनों फि लिस्तीनियों को किया गिरफ़्तार

**गाजा, एजेंसी।** इजरायली सेना ने गुरुवार को उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया शहर में कार्रवाई के दौरान दर्जनों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार कर लिया। फिलिस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सैनिकों ने बेइत लाहिया में आवासीय इलाकों पर हमले के दौरान गिरफ्तारियां कीं। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने पूछताछ के दौरान जानबूझकर बंदियों के कपड़े उतार दिए। इजरायली सेना ने भी पुष्टि की कि उसके सैनिकों ने गाजा पट्टी में घुसपैठ के दौरान दर्जनों फिलिस्तीनी कार्यकताओं को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटनाक्रम में इजरायली सेना ने घोषणा की कि कुछ दिन पहले एक इजरायली लड़ाकू विमान ने गाजा पट्टी में सभी टोही अभियानों के लिए जिम्मेदार हमास के सैन्य खुफिया प्रमुख अब्देल अजीज अल-रंतीसी को मार गिराया।

## बाइडेन ने हमास की हिरासत में इजरायली बंधकों पर चिंता व्यक्त की



**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास की हिरासत में मौजूद 135 इजरायली बंधकों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है। इजरायल के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बाइडेन ने बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक लंबी टेलीफोन कॉल की जिसमें उन्होंने इजरायली बंधकों के भाग्य के बारे में अपनी चिंताओं को साझा किया। बयान के अनुसार, बाइडेन ने अमेरिका की स्थिति दोहराई है कि रेड क्रॉस को बंधकों से मिलने और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का जायजा लेने की अनुमति दी जाए। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, "उन्होंने कहा कि हमास द्वारा युवा महिला नागरिक बंधकों को रिहा करने से इनकार कर दिया गया है, जिसके कारण मानवीय संघर्ष विराम में रुकावट आई। नेताओं ने शेष बंधकों को मुक्त करने के लिए हरसंभव अवसर तलाशने के लिए गंभीर प्रयास करते रहने पर सहमति व्यक्त की। "राष्ट्रपति ने गाजा में मानवीय सहायता के निरंतर प्रवाह के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में इजरायल के फैसले का स्वागत किया कि ईंधन आपूर्ति का बढ़ा स्तर अपेक्षित जरूरतों को पूरा करेगा, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि और अधिक सहायता की तत्काल आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने जोर दिया कि नागरिकों की रक्षा करने और नागरिक आबादी को हमास से अलग करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, जिसमें ऐसे गलियारे भी शामिल हैं जो लोगों को सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने की अनुमति देते हैं।

## कैबिनेट विस्तार पर चर्चा के लिए तेलंगाना सीएम दिल्ली में



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मंत्रियों को विभागों के आवंटन और मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में कांग्रेस नेतृत्व के साथ चर्चा करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद, वह बेगमपेट हवाई अड्डे से एक विशेष विमान से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे।

गुरुवार को शपथ लेने वाले 11 मंत्रियों के बीच वितरित किए जाने वाले विभागों पर वो एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। एक-दो दिन में छह मंत्रियों के नाम फाइनल होने की संभावना है।

तेलंगाना में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं। मंत्री पद के लिए विभिन्न हलकों से मांग आ रही है। कांग्रेस नेतृत्व उन वर्गों को प्रतिनिधित्व देना चाहता है जो छूट गए हैं। 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं चुना गया, इसलिए माना जा रहा है कि नेतृत्व एक या दो मुसलमानों को शामिल करने और बाद में उन्हें विधान परिषद में नामांकित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर और तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के नामों पर विचार चल रहा है। शब्बीर ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में कार्य किया था। वो निजामाबाद शहरी से चुनाव हार गए, जबकि अजहरुद्दीन को जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मंत्री जीवन रेड्डी, मधु यास्खी गौड़ और जग्गा रेड्डी जैसे वरिष्ठ नेताओं को भी मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग चल रही है, जो विधानसभा के लिए निर्वाचित नहीं हो सके। 119 सदस्यीय विधानसभा में 64 सीटें हासिल कर कांग्रेस राज्य की सत्ता पर काबिज हुई। गुरुवार को शपथ लेने वाले सभी मंत्री नवनिर्वाचित विधायक हैं। कुछ विधायक भी कैबिनेट पद के प्रबल दावेदार हैं। पार्टी उन समुदायों और क्षेत्रों को प्राथमिकता दे सकती है, जिन्हें मंत्रिमंडल का गठन करते समय प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा सका। केंद्रीय नेतृत्व मंत्रियों को आवंटित किये जाने वाले विभागों पर भी फैसला करेगा।

## पन्नुन की हत्या की साजिशकर्ताओं को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत और अमेरिका को रणनीतिक साझेदार बताते हुए व्हाइट हाउस ने गुरुवार को दोहराया कि वह चाहता है कि उसकी धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश की पूरी जांच हो और इसके पीछे के लोगों को "उचित रूप से जवाबदेह" ठहराया जाए। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी ने गुरुवार को कहा, "भारत एक रणनीतिक साझेदार है। हम उस रणनीतिक साझेदारी को गहरा कर रहे हैं। वे प्रशांत क्षेत्र में क्वाड के सदस्य हैं और हम सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर उनके साथ भाग लेते हैं और हम यह देखना चाहते हैं कि यह निर्बाध रूप से जारी रहे।" किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, "साथ ही हम निश्चित रूप से इन आरोपों की गंभीरता को पहचानते हैं और जैसा



कि मैंने पहले कहा था, हम चाहते हैं कि इसकी पूरी जांच हो और जिम्मेदार लोगों को उचित रूप से जवाबदेह ठहराया जाए।" वह भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर आरोपों के प्रभाव और 2024 में राष्ट्रपति जो बाइडेन की भारत यात्रा पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। खालिस्तान नेता गुरपतवंत सिंह पन्नुन की हत्या की साजिश रचने में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को दोषी ठहराए जाने से कथित तौर पर अगले साल गणतंत्र दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति की उपस्थिति के कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई है। किर्बी ने कहा कि उनके पास इस समय घोषणा करने के लिए कोई यात्रा नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके भारतीय समकक्ष पन्नुन मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने समाचार ब्रीफिंग में कहा, "यह (मामला) सक्रिय जांच के अधीन है। हमने कहा है कि हमें खुशी है कि हमारे भारतीय समकक्ष इसे गंभीरता से ले रहे हैं। हम चाहते हैं कि इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाए, लेकिन मैं इससे आगे नहीं कहूँगा। जांच पूरी नहीं हुई है।" यह टिप्पणी तब आई जब अमेरिका के प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन फाइनर ने इस सप्ताह भारत का दौरा किया, जिसके दौरान उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा से बातचीत की।

## स्नानघर में गिरने से केसीआर के कूल्हे में फ्रैक्चर, प्रतिरोपण सर्जरी की जरूरत

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को एरार्वेली स्थित अपने आवास में गिरने के कारण हुए फ्रैक्चर के बाद कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी करानी होगी और ठीक होने की प्रक्रिया में लगभग छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा।



उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के संस्थापक केसीआर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और राज्य के नए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को अपने पूर्ववर्ती को सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया। केसीआर के बेटे के.टी. रामाराव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बाथरूम में गिरने के चलते राव को आज कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी करानी होगी। राव शहर के सोमाजीगुडा स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल ने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, सीटी स्कैन समेत विभिन्न जांच में पता चला कि उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर है। इसके लिए उन्हें बाएं कूल्हे के प्रतिरोपण की आवश्यकता होगी और ऐसे मामलों में ठीक होने में छह से सात सप्ताह लग जाते हैं।" बुलेटिन में कहा गया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों की एक टीम लगातार केसीआर के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है तथा उनकी हालत स्थिर है। राव के कार्यालय ने कहा कि उनकी पत्नी सोभम्मा, बेटे रामाराव, बेटी कविता और परिवार के अन्य सदस्य उनके साथ हैं।

इस बीच, राज्य के स्वास्थ्य सचिव एस. ए. एम. रिजवी ने मुख्यमंत्री रेड्डी के निर्देश पर अस्पताल का दौरा किया और केसीआर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। अधिकारी ने मुख्यमंत्री की ओर से अस्पताल प्रबंधन को सूचित किया कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान राव को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान की जानी चाहिए।

## ईरान, रूस के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए जमीन तैयार: रायसी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने इस बात पर जोर दिया है कि दोनों पक्षों के हितों के अनुरूप ईरान और रूस के बीच सहयोग का विस्तार करने के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाने के लिए "जमीन तैयार है"। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने ईरानी राष्ट्रपति की वेबसाइट पर जारी बयान के हवाले से बताया कि रायसी ने गुरुवार को मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक में ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों के साथ-साथ ज्ञान-आधारित फर्मों के क्षेत्र में दोनों देशों के अच्छे द्विपक्षीय सहयोग पर टिप्पणी की।

रायसी ने बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ईरान की पड़ोसी-उन्मुख नीति के अनुरूप रूस के साथ सहयोग महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास की ओर मुड़ते हुए, रायसी ने कहा कि मानवता की पीड़ा का कारण एकतरफावाद और अन्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था है, "जिसकी एक अभिव्यक्ति आज गाजा में देखी जा सकती है।" उन्होंने गाजा पट्टी पर इजरायल के चल रहे हमलों का जिक्र करते हुए इजरायल के "गाजा के असहाय लोगों के खिलाफ अपराधों को नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध" के रूप में निंदा की। रायसी ने कहा, "गाजा पर सैन्य हमलों में छह हजार से अधिक बच्चों की हत्या सहित इजरायल के अपराधों को संयुक्त राज्य अमेरिका और (कुछ) पश्चिमी देशों का समर्थन प्राप्त था।" उन्होंने अफसोस जताया कि "गाजा में हर 10 मिनट में एक बच्चा मर रहा है", तटीय क्षेत्र में फिलिस्तीनियों के खिलाफ "बमबारी और अपराध" को रोकने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पुतिन ने अपनी ओर से कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध "सर्वोत्तम संभव स्तर पर" हैं। पुतिन ने कहा कि ईरान की व्यापार प्रदर्शनियों में रूसी व्यापारियों की आकर्षक उपस्थिति और पिछले वर्ष 5 अरब डॉलर के वार्षिक कारोबार के साथ द्विपक्षीय व्यापार में 20 प्रतिशत की वृद्धि द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोलने के लिए मास्को और तेहरान के दृढ़ संकल्प का संकेत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवहन, सड़क और रेलमार्ग परियोजनाएं अच्छी तरह से प्रगति कर रही हैं और ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के सहयोग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। पुतिन ने क्षेत्रीय मुद्दों पर दोनों देशों के साझा रुख की ओर इशारा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीन के मुद्दे और गाजा पट्टी पर विचारों का आदान-प्रदान भी रूस और ईरान के बीच बातचीत के विषयों में से एक था। ईरान और रूस दोनों पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

## एक नजर

### फिलीपींस स्कूल विस्फोट का संदिग्ध गिरफ्तार

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के यूनिवर्सिटी जिम में हुए बम विस्फोट के संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। विस्फोट में चार लोग मारे गए थे और 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फिलीपींस के सशस्त्र बल के सार्वजनिक मामलों के प्रमुख जेरक्सेस त्रिनिदाद ने कहा कि गिरफ्तार सख्श कई संदिग्धों में से एक है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले दो लोगों की पहचान की गई थी जिन्होंने कथित तौर पर मिंडानाओ द्वीप पर मरावी शहर में मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी के जिम के अंदर एक सीट के नीचे विस्फोटक रखा था।

3 दिसंबर को हुए विस्फोट में कैथोलिक सेवा में भाग लेने वाले सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों को निशाना बनाया गया था।

### फिलीपींस : रविवार के स्कूल विस्फोट से जुड़े मामले में एक संदिग्ध गिरफ्तार

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के सुरक्षा बलों ने रविवार को एक विश्वविद्यालय के जिम में हुए बम विस्फोट से जुड़े एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गए थे। एक सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फिलीपींस के सशस्त्र बल के सार्वजनिक मामलों के प्रमुख जेरक्स त्रिनिदाद ने पुरुष संदिग्ध को सहयोगियों में से एक करार दिया। उन्होंने संदिग्ध की गिरफ्तारी के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अधिकारियों ने पहले रुचि रखने वाले दो लोगों की पहचान की थी जिन्होंने कथित तौर पर मिंडानाओ द्वीप पर मरावी शहर में मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी के जिम के अंदर एक सीट के नीचे विस्फोटक रखा था। विस्फोट में कैथोलिक सेवा में भाग लेने वाले सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों को निशाना बनाया गया।

### इंडोनेशिया में सड़क दुर्घटना में 7 की मौत

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बेंग्कुलु प्रांत में एक मिनीबस के ट्रक से टकरा जाने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। एक स्थानीय यातायात पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना गुरुवार को हुई जब ट्रक मुकोमुको से प्रांत की राजधानी बेंग्कुलु की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक ने एक मिनीबस को टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोग सवार थे। मुकोमुको यातायात पुलिस प्रमुख रूली जुल्ध फरमाना ने कहा कि आगे की जांच अभी भी जारी है।

### दौसा में विवाह समारोह में बच्ची से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के दौसा जिले में एक विवाह समारोह के दौरान छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात अज्ञात आरोपी ने छह साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पीड़ित बच्ची अपने परिवार के साथ एक समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। विवाह समारोह से लौटते समय माता-पिता को घटना का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस के अनुसार पीड़िता को जयपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए मामले में आगे की जांच की जा रही है। इस संबंध में दौसा के महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### ओडिशा के अंगुल जिले में हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के अंगुल जिले में अलग-अलग स्थानों पर एक जंगली हाथी ने दो लोगों को कुचलकर मार डाला। एक वन अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

जान गंवाने वाले लोगों की पहचान सारधापुर गांव के गुरू नायक और चेलियापाडा गांव की अनिथु साहू के रूप में की गयी है।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार रात को इन दोनों के शव बरामद किये। अंगुल के संभागीय वन अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि हाथी ने पहले सारधापुर में घूमने निकले नायक पर हमला किया और फिर चेलियापाडा में साहू को निशाना बनाया। उन्होंने कहा, हम हाथी द्वारा इन दोनों को कुचलकर मार डालने की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं। आमतौर पर हाथी हार्मोन संबंधी बदलाव के चलते हिंसक व्यवहार दिखाते हैं। हम हाथी के व्यवहार का अध्ययन कर रहे हैं और फिर उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे।" उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार इन दोनों के परिवारों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### पोंजी योजनाओं को रोकने के लिए अध्ययन समूह बनाएगी महाराष्ट्र सरकार: फडणवीस

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में पोंजी योजनाओं के बढ़ते मामलों का अध्ययन करने के लिए एक अध्ययन समूह बनाया जाएगा और इसकी सिफारिशों पर काम किया जाएगा। वह बृहस्पतिवार से शुरू हुए राज्य विधान मंडल के शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार तीन महीने तक इस मुद्दे पर अध्ययन के लिए एक समूह बनाएगी। समूह अपनी सिफारिशें दे देगा तो राज्य मौजूदा कानूनों में आवश्यक बदलाव करेगा। हम लोगों की गाढ़ी कमाई लूटे जाने की घटनाओं को कम करने के लिए नियमों को सख्त बनाएंगे।" इससे पहले रवींद्र वाइकर, अशोक चव्हाण और बालासाहेब थोराट समेत कुछ विधायकों ने सदन में इस मुद्दे को उठाया था।

### वेस्ट बैंक में इजरायली सेना के हमले में 6 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह, एजेंसी।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि शुक्रवार को वेस्ट बैंक के तुबास में एक शरणार्थी शिविर पर इजरायली बलों के हमले में कम से कम छह फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, "दक्षिणी तुबास में अल-फर' शरणार्थी शिविर पर इजरायली सैनिकों के हमले के दौरान फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हो गए।" स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि शिविर में फिलिस्तीनियों और इजरायली सैनिकों के बीच हिंसक टकराव हुआ, जिसके दौरान भारी गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। इजरायली सेना ने घटना पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि वह रिपोर्ट की जांच कर रही है।

### बेंगलुरु में होमवर्क न करने पर टीचर ने छात्र को लोहे की रॉड से पीटा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में शुक्रवार को एक निजी स्कूल की महिला शिक्षिका ने होमवर्क नहीं करने पर एक छात्र को लोहे की रॉड से पीटा। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिटाई के चलते छात्र को गंभीर रक्तस्त्राव हुआ और उसके हाथ पर छह टांके लगे। घटना 5 दिसंबर की है और स्कूल प्रबंधन ने मामले को दबाने की कोशिश की। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शाहीकला ने मीडिया को बताया है कि उन्हें बेंगलुरु के लॉर्ड्स स्कूल के एक छात्र पर शिक्षक द्वारा मारपीट की शिकायत मिली थी। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच के लिए भेजा गया है और स्कूल को नोटिस भी जारी किया गया है।

# केवल 'आप' निशुल्क शिक्षा की गारंटी दे सकती है : केजरीवाल

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राउज एवेन्यू रोड स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर बुधवार को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके सामाजिक योगदानों के लिए श्रद्धांजलि दी और नमन किया। केजरीवाल ने इस दौरान बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ केजरीवाल गारंटी देता था। अब अन्य पार्टियों ने भी हमारा एजेंडा चुरा लिया। अब वह भी गारंटी देने लगे हैं। लेकिन फ्री शिक्षा की कोई गारंटी नहीं दे रहा है।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीएम केजरीवाल ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर बहुत ही गरीब थे। वह स्कूल जाते तो अपना टाट साथ ले जाते थे। उन्हें अन्य बच्चों के साथ क्लास में बैठकर पढ़ने नहीं दिया जाता था। उन्हें उस घड़े में पानी नहीं पीने दिया जाता था, जिसमें अन्य बच्चे पानी पीते थे। विषम परिस्थितियों में उन्होंने पढ़ाई की और सन 1913 में अमेरिका के कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए चले गए। जो दुनिया की सबसे अच्छी यूनिवर्सिटी में से एक है। इसमें एडमिशन लेना आसान काम नहीं है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंबेडकर कितने इंटेलिजेंट थे। जिन्होंने मुश्किल हालातो में पढ़ाई की और कोलंबिया यूनिवर्सिटी में दाखिला पाया था। यहां से उन्होंने पीएचडी की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से दूसरी पीएचडी की।

गारंटी देने का एजेंडा, चोरी करने का आरोपः केजरीवाल ने कहा कि आजादी के 75 सालों में इन लोगों ने मिलकर देश के सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्ग कर दिया। कोई पार्टी नहीं चाहती कि देश के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। आज सारी पार्टियों ने हमारा एजेंडा चोरी कर लिया। पहले हम कहा करते थे केजरीवाल की गारंटी देता है। आज अन्य पार्टियों के घोषणा पत्र, संकल्प पत्र अब हर जगह गारंटी दी जा रही है। सारे फ्री बिजली की बात कर रहे हैं लेकिन कोई भी फ्री शिक्षा की बात नहीं कर रहा है। शिक्षक की गारंटी सिर्फ आम आदमी पार्टी ही दे सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा एमएलए किसी नेता के खानदान से नहीं हैं, पहले से किसी पॉलिटिक्स से जुड़े लोग नहीं है। हम लोग आम लोग हैं। हम लोग आम आदमी की समस्या समझते हैं। यदि एक परिवार के बच्चे को शिक्षा मिल जाती है तो उसकी कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। यदि किसी परिवार के बच्चे को शिक्षा नहीं मिलती है तो आने वाली पीढ़ी पीछे हो जाती है। इसलिए सबसे ज्यादा हमने शिक्षा पर जोर दिया। जानबूझकर 75 साल तक लोगों को अशिक्षित रखा गया है। यदि आम आदमी पार्टी दिल्ली के 2 करोड़ लोगों के बच्चों को फ्री शिक्षा दे सकती है तो 75 साल में क्या 140 करोड़ लोगों को शिक्षा नहीं दी जा सकती। संघर्ष और सेवा के सिद्धांतों पर कर रहे कामः केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के दो मंत्र थे संघर्ष और सेवा। जब दिल्ली में अपनी 70 में से 67 सीट आई तो सोचा चलो अब संघर्ष पूरा हुआ लेकिन इन्होंने हमें काम नहीं करने दिया। इन्होंने सभी पावर ले ली केजरीवाल के पास कोई पावर नहीं छोड़ी। आम आदमी पार्टी संघर्ष के लिए पैदा हुई है। हमें संघर्ष में जीना है। इन लोगों को काम नहीं करने देना है और हमने ठान लिया है काम करना ही है। आज आप के कई नेता जेल में है। यदि वह झुक जाए और उनकी बात मान लें और बीजेपी में चल जाए तो अच्छी जिंदगी जिएंगे। लेकिन हम बाबा साहब अंबेडकर और भगत सिंह के चेले हैं मर जाएंगे मिट जाएंगे लेकिन झुकेंगे नहीं।

दिल्ली की जनता का आशीर्वाद हमारे पासः केजरीवाल ने कहा कि पिछले जन्म में कुछ अच्छे काम किया होंगे जो भगवान ने जनता की सेवा करने का इतना बड़ा मौका दिया है। यदि हम दिल्ली में बिजली पानी और महिलाओं का सफर फ्री नहीं करते तो अगला चुनाव हार जाते, इसीलिए ये लोग हमारे काम में अड़चन डाल रहे हैं। लेकिन इन्हें मालूम नहीं है कि दिल्ली से अब केजरीवाल को नहीं हटा सकते, क्योंकि करोड़ों लोगों का आशीर्वाद अपने पास है।

## दिल्ली दंगा मामला : ईडी के विशेष निदेशक को अदालत में पेश होने के आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच वाले 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में अभियोजन पक्ष के वकीलों की अनुपस्थिति पर नाखुशी व्यक्त करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने धन शोधन रोधी एजेंसी के विशेष निदेशक को उसके समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

हुसैन पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक दंगे भड़काने के लिए छद्म कंपनियों का उपयोग करके कई करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे और अभियोजन पक्ष की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अदालत ने लगभग आधे घंटे तक इंतजार किया और हुसैन द्वारा अपने वकील के माध्यम से दायर एक आवेदन पर ईडी के जवाब की प्रति प्रदान करने के अदालत के पिछले निर्देश के बावजूद, ऐसा नहीं किया गया।

## बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने श्रृद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय संविधान के महान वास्तुकार एवम् निमार्ता, बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 67वीं पुण्यतिथि,महापरिनिर्वाण दिवस पर श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने आज प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा साहेब को श्रृद्धा सुमन अपिर्त कर श्रृद्धांजलि दी।



आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रेल अधिकारियों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब का स्मरण किया तथा उन्हें श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री चौधुरी ने अपने सम्बोधन में बाबा साहेबके जीवन और कार्यों से सीख लेकर प्रत्येक कर्मी को अपने अच्छे आचरण से सबकी सेवा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब जीवन भर अधिकार और समानता के लिए समर्पित रहे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर अपनी श्रृद्धांजलि दी।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने दिया अल्टीमेटम- अप्रैल तक तैयार हो फ्लाईओवर, नहीं तो नपेंगे अधिकारी



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने बुधवार को आनंद विहार के निमार्णाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने निर्माण कार्य में चल रही देरी को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि बचा हुआ काम अप्रैल तक पूरा करें। निर्माण में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल, अनुमान है कि आनंद विहार के निमार्णाधीन फ्लाईओवर पर प्रतिदिन करीब 1.48 लाख वाहन गुजरेंगे। एक बार सफर करने पर वाहन चालकों का करीब 11.07 मिनट बचेगा। साथ ही, 42, 700 घंटे प्रतिदिन मैन पावर की बचत होगी। कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन 1.50 लाख टन कम होगा। सालाना 16.57 लाख लीटर ईंधन की बचत होगी और प्रति वर्ष लोगों के 144.78 करोड़ रुपए की बचत होगी। यह फ्लाईओवर पूर्वी दिल्ली को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम प्रोजेक्ट है। उन्होंने अधिकारियों को बचा हुआ काम तेजी के साथ पूरा करने को कहा। साथ ही इसका प्रोग्रेस रिपोर्ट हर सप्ताह सौंपने का आदेश दिया। फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि निर्माण तय समय से पीछे चल रहा है जिसके कारण हर दिन हजारों वाहनों को जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान में इस रोड स्ट्रेच पर प्लानिंग के साथ बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाए, ताकि यहां आवाजाही करने वालों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने विभाग को अपने प्लानिंग और मॉनिटरिंग प्रोसेस को बेहतर बनाने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी परियोजना में होने वाली देरी से बचा जा सके।

आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर के बीच फ्लाईओवरः

6 लेन के फ्लाईओवर का निर्माण

आसपास के इलाकों के लोगों को फ्लाईओवर से सीधी कनेक्टिविटी मिले इसके लिए 2 अप-डाउन रैंप का निर्माण

फ्लाईओवर के साथ ही साइकिल लेन व मल्टी-यूटिलिटी जोन आदि का भी किया जाएगा निर्माण

फ्लाईओवर का इस्तेमाल करने वाले लोगों को मिलेगा 2 रेडलाइट से निजात

नए फ्लाईओवरों से जनता को होने वाले लाभः इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनंद विहार आरओबी और अप्सरा बॉर्डर आरओबी के बीच रोड नंबर-56 पर करीब 1440 मीटर लंबा और छह लेन का चौड़ा फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण के बाद रामप्रस्थ कॉलोनी, विवेक विहार और श्रेष्ठ विहार रेड लाइट पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस फ्लाई ओवर से होकर प्रतिदिन औसतन 1.48 लाख वाहन गुजरेंगे। जिन्हें आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी। इस फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान रैंप, फूटपॉथ, साइनेज, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, हॉर्टिकल्चर समेत अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

## भाजपा ने दिव्यांगों को वितरित किये सहयोग उपकरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा द्वारा आज प्रदेश कार्यालय में दिव्यांगजन आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता दिल्ली भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयोजक अरुण राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा एवं प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज ने सभी दिव्यांगजनों को संबोधित किया और सहयोग उपकरण वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन पंचदेव शुक्ल ने किया। अपने संबोधन में वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जिस दिव्यांग बिल को कांग्रेस ने पिछले 20 वर्षों से लटका कर रखा था उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2016 में पारित कर दिव्यांगजनों को बड़ी राहत दी और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का एक सफल प्रयास किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग आरक्षण पहले 3 फीसदी था जिसे मोदी सरकार ने बढ़ाकर 4 फीसदी किया और साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विशेष वरीयता देते हुए 5 फीसदी की छूट दी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से केन्द्रीय कर्मचारियों में ग्रुप बी के स्तर के कर्मचारियों को भी आरक्षण दिया जिससे दिव्यांगजनों को नई उम्मीद जगी। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय स्तर तक के खेलों का आयोजन दिल्ली के नेहरु स्टेडियम में किया जा रहा है जो देश में पहली बार होगा और हम सब उसकी साक्षी बनेंगे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने एएसआई को टक्कर मारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैंट इलाके में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार एएसआई को टक्कर मार दी। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घायल 53 वर्षीय राजेन्द्र सिंह परिवार के साथ खेरा रोड नजफगढ़ में रहते हैं। वह दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में एएसआई हैं और चाणक्यपुरी सर्कल में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 4 दिसंबर की रात वह ड्यूटी खत्म कर दिल्ली कैंट होते हुए घर लौट रहे थे। 11:20 बजे आईओसी लाल बत्ती रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। वह बाइक के साथ सड़क पर गिर गए। ट्रक चालक ने रफ्तार बढ़ाई और फरार हो गया। पुलिसकर्मी ने सड़क पर साइड में होकर अपनी जान बचाई। फिलहाल पुलिसकर्मी एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## दिव्यांग दिवस पर समारोह का आयोजन हुआ

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के शुभ अवसर पर दिल्ली सरकार के दिव्यांगजन आयुक्त रंजन मुखर्जी के कार्यालय और दिल्ली सरकार के शिक्षा एवम समाज कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में त्यागराज स्टेडियम में दिव्य उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन डॉ वीरेन्द्र कुमार, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने घंटा बजाकर किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बतलाया कि दिव्यांग व्यक्तियों की क्षमता में कोई कमी नहीं है, सिर्फ उन्हें सही दिशा निर्देश की जरुरत है। समारोह में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि सरकार अगले साल देश के अलग अलग शहरों में दिव्यांग मेलों का आयोजन करेगी ताकि दिव्यांग कलाकारों को अपने समान को बेचने के लिए बाजार उपलब्ध हो पाए। उक्त समारोह में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित विशेष विद्यालय के




छात्र छात्राओं और शिक्षक आदि ने भाग लिया। पाच हजार दर्शको की क्षमता वाला त्यागराज स्टेडियम भिन्न भिन्न प्रकार के दिव्यांगजनो से ठसाठस भरा हुआ था। कार्यक्रम के प्रारंभ में दिव्याग जनो की सेवा करने में अपनी सारी उम्र और क्षमता लगाने वाले मशहूर चिकित्सक डॉ मैथ्यू वर्गीज, सेन्ट स्टीफन अस्पताल और अखिल भारतीय विकलांग विधवा वृद्धा सेवा समिति के अध्यक्ष सुनहरी लाल यादव को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया। तदुपरांत विभिन्न सेवा एवम खेलो के प्रतिभावान दिव्यांग जनों को भी सम्मानित करने का महत्वपूर्ण कार्य रंजन मुखर्जी, दिव्यांग जन आयुक्त और अंजलि सहरावत, निदेशक, समाज कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा किया गया।सम्मानित होने वालो में डॉ राकेश रमण झा अध्यक्ष, पूर्वांचल विचार मंच के अलावा बारह अन्य दिव्यांगजनो को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के दूसरे दिन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने भी भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दी तथा उक्त समारोह के आयोजन के लिए दिल्ली सरकार के दिव्याग जन आयुक्त श्री रंजन मुखर्जी की प्रशंसा की तथा स्टेडियम में आयोजित समारोह में दिव्याग जनो द्वारा बनाये गए हस्तशिल्प सामानो की प्रशंसा की।

समारोह में विभिन्न संस्थाओ से आये दिव्याग जनो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिससे उन्होंने दर्शको का मन मोह लिया। उक्त कार्यक्रम मै दिल्ली सरकार के शिक्षा एवम समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अलावा दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने सहयोग किया।कार्यक्रम के अन्त मै दिल्ली सरकार के दिव्यागजन आयुक्त रंजन मुखर्जी ने उक्त समारोह को भव्य बनाने और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियो का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### मुफ्त सिगरेट न देने पर दुकानदार को गोली मारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सागरपुर इलाके में फ्री सिगरेट न देने पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने दुकानदार को गोली मार दी। बदमाशों ने दुकान में तीन राऊंड फायरिंग की और फरार हो गए। एक गोली दुकानदार को लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 29 वर्षीय इरफान परिवार के साथ रघु नगर, सागरपुर इलाके में रहता है और दुकान चलाता है। उसने बताया कि 28 नवंबर को कुणाल नाम का एक शख्स उसकी दुकान पर आया और एक पैकेट सिगरेट मांगी।

इरफान ने पैकेट दे दिया और पैसे मांगे। इस पर कुणाल ने कहा कि वह पैसे देते नहीं लेते हैं। कुणाल, इरफान को धमकी देकर चला गया। तीन दिसंबर को वह फिर दुकान पर आया और सिगरेट मांगी। इरफान ने बिना पैसे के सिगरेट देने से मना कर दिया। इस पर कुणाल ने धमकी दी और चला गया। कुछ ही देर बाद तीन नकाबपोश उसकी दुकान में घुस गए। आरोपियों ने सिगरेट का पैकेट न देने की बात करते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी। एक शख्स ने पिस्तौल निकाली और फायरिंग शुरू कर दी। आरोपियों ने तीन राऊंड फायरिंग की, इसमें से एक गोली इरफान के पैर में लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर भीड़ जमा हो गई तो आरोपी पिस्तौल लहराते हुए फरार हो गए। पुलिस ने इरफान को अस्पताल पहुंचाया और केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### अल शिफा अस्पताल के नए निदेशक डॉ. मिन्हाजुद्दीन अहमद को सम्मान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली स्टेट और फामेर्सी विंग ने अल शिफा अस्पताल के नए निदेशक डॉ. मिन्हाजुद्दीन अहमद के सम्मान में एक अभिनंदन बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. मिन्हाजुद्दीन अहमद (सेवानिवृत्त-निदेशक सीसीआरयूएम, भारत सरकार, हैदराबाद ने पिछले महीने अल शिफा अस्पताल के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। इस अवसर पर तिब्बी कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें डॉ. सैयद अहमद खान, प्रोफेसर अख्तर हुसैन चौधरी, हकीम मुहम्मद जलीस (लिमरा), हकीम उजैर बकाई और हकीम नईम रजा आदि शामिल थे, ने अल-शिफा अस्पताल पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह अस्पताल लोगों की मांग पर खरा उतरेगा और भविष्य में लोगों के लिए और भी फायदेमंद साबित होगा। डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि डॉ. मिन्हाजुद्दीन अहमद के अनुभवों का लाभ हम सभी को अवश्य मिलेगा।

### हवाई अड्डे के आसपास चार सौ से ज्यादा दलाल पकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हवाई अड्डा परिसर और आसपास के क्षेत्र में चार सौ से ज्यादा दलालों को पुलिस ने पकड़ा है। पिछले साल की तुलना में यह संख्या दोगुने से भी ज्यादा है। हवाई अड्डे के आसपास ऐसे लोगों की मौजूदगी रही है जो यात्रियों को अवैध तरीके से अलग-अलग सेवाएं देने का आश्वासन देते हैं और बदले में मोटी रकम वसूलते हैं। पुलिस के मुताबिक इन दलालों के चलते न सिर्फ हवाई अड्डे और देश की प्रतिष्ठा दांव पर लगती है बल्कि सुरक्षा को भी खतरा होता है। भियान में इस साल अभी तक 474 दलालों की गिरफ्तारी की गई है। पिछले वर्ष कुल 220 दलालों को पकड़ा गया था।

### कारोबारी के 17 लाख रुपये लेकर भागा कर्मचारी दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के लाहौरी गेट इलाके में 17 लाख रुपये लेकर फरार हुए कारोबारी के कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उस वक्त फरार हुआ, जब कारोबारी पार्किंग से कार निकालने के लिए गया था। घटना 30 नवंबर की है। लक्ष्मी नगर निवासी राहुल वार्ष्णेय की शिकायत पर लाहौरी गेट में एफआईआर दर्ज की गई थी। दरअसल पीड़ित लाहौरी गेट इलाके में बीज का व्यवसाय करता है। उसने बताया कि वह अपने कर्मचारी यूपी के हाथरस निवासी अशोक कुमार के साथ गत 29 नवंबर को काम खत्म करने के बाद घर जा रहे थे। घर जाते समय रात करीब आठ बजे चर्च मिशन पार्किंग के पास उन्होंने कर्मी को इंतजार करने के लिए कहा और उसे 17.50 लाख रुपयों से भरा बैग थमा दिया। जब वह बाहर आए तो कर्मी पैसों का बैग लेकर भाग चुका था। उन्होंने उसकी तलाश की और उसका मोबाइल भी बंद था। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने जांच की और आरोपी को हाथरस से दबोच लिया। उसके कब्जे से करीब 17 लाख रुपये बरामद भी कर लिए। यह रकम उसके गाजियाबाद के लोनी स्थित किराए के घर से बरामद हुई। उसने लालच में आकर यह वारदात की थी।

### गऊ शाला तोड़ने के विरोढ में दिया धरना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएसबीटी पुल के पास, शास्त्री पार्क मैट्रो आईटी पार्क के नजदीक स्थित गौशाला को 01 दिसंबर, 2023 को डीडीए, एमसीडी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया था जिसको लेकर गौभक्तों में भारी रोष है क्योंकि अब गौमाता बेहाल होकर मर रही हैं। लगातार उच्च अधिकारियों से संपर्क करके गौशाला के समाधान निकालने के प्रयास हो रहे थे। आज प्रातः 8/12/2023 को अचानक केजरीवाल सरकार की एमसीडी चार, पांच ट्रक लेकर के गौमाता को जबरदस्ती वहां से उठाने के लिए पहुंच गई जिस कारण से गौभक्तों ने इकट्ठे होकर आईएसबीटी पुल पर जाम लगा दिया व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता भाजपा जय भगवान गोयल सहित सभी वहां धरने में बैठ गए। पुलिस की भारी मशक्कत के बाद ही गौभक्त वहां से हठे। गौभक्तों ने श्री गोयल के साथ गौशाला के प्रांगण में भी धरना दिया। इसके बाद श्री जय भगवान गोयल गौशाला के संचालक डॉक्टर बाबा जी, पवन कुमार, कैलाश चंद, दिनेश बैंसला, अरूण कुमार को साथ लेकर एलजी कार्यालय पहुंचे और वहां पहुंचकर एलजी कार्यालय में गौशाला को वहीं रहने दिया जाए, गौशाला का पुनर्निर्माण करवाया जाए व गौभक्तों से गौमाता की सेवा करने का अधिकार न छीना जाए, प्रमुखता से ये बातें रखी और एमसीडी द्वारा ऐसी कोई कार्यवाई दुबारा न दोहराई जाने की बात भी कही गई। एलजी ऑफिस ने जल्द ही इस समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।


### पिछले आठ सालों में बढ़े हैं दिल्ली में अपराध : परमानन्द शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अपराध दर लगातार बढती जा रही है। इस ओर ना तो दिल्ली की सरकार गंभीर है और ना ही केंद्र की सरकार। यह कहना है रामनगर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष परमानन्द शर्मा का। परमानन्द शर्मा कहते हैं दिल्ली में अपराधिक मामलों में वृधि हुई, इनमें महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों के साथ यौन शोषण और अत्याचार के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिन पर नियंत्रण करने में दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस पूरी विफल साबित रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों की जिम्मेदारी कौन लेगा, क्योंकि अपराधिक केपिटल बन चुकी राजधानी में केजरीवाल यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि पुलिस केन्द्र सरकार के आधीन है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय द्वारा कानून व्यवस्था की विफलता और असंवेदनशीलता के कारण राजधानी में अपराधिक गतिविधियां में लगातार वृद्धि हो रही है और दिल्ली में अपराधिक घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो चिंता का विषय है।

# महुआ मोइत्रा संसद में वापसी कैसे कर सकती है, जाने कौन-कौन से बचे हैं उनके पास ऑप्शन ?

**मो. हसन राजा**

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में शुक्रवार यानी 8 दिसंबर को लोकसभा की सदस्यता निष्काषित कर दिया गया । सदन की एथिक्स कमेटी ने इस मामले में सांसद महुआ मोइत्रा को निष्काषित करने की सिफारिश की थी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने निष्कासन प्रस्ताव संसद में पेश किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूर कर लिया गया। वहीं ओपोजीसन ने महुआ की सांसदी जाने की तुलना लोकतंत्र की कत्ल से कर दी है। महुआ मोइत्रा ने मामले में खुद को बेकसूर बताया है।



आपको बता दें, महुआ मोइत्रा पर आरोप था कि, उन्होंने अपने पार्लियामेंट लॉगिन आईडी पासवर्ड उद्द्योगपति दर्शन हीरानंदानी के साथ शेयर किये। उनके ऊपर ये भी आरोप था कि 2019-23 के बीच उनकी आईडी से 61 बार सवाल किये, जिन्हे महुआ ने ने नहीं, बल्कि हीरानंदानी के द्वारा पूछा गया था। इसके बदले में में हीरानंदानी ने महुआ को कैश, उपहार और कई तरह से मदद की थी। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने इस मामले की शिकायत की थी और मुद्दे को उठाया था। जिसके बाद एथिक्स कमिटी ने जाँच आरंभ की थी।

**महुआ मोइत्रा ने क्या कहा**

वहीं, महुआ ने सांसदी जाने के बाद कहा कि उन्हें निष्काषित करने का निर्णय 'कंगारू अदालत' के जरिए दी जाने वाली फांसी की सजा के जैसे है। उन्होंने आरोप लगया गया कि, सरकार ने एथिक्स कमेटी को ओपजिसन को झुकाने वाला हथियार बनाना आरंभ कर दिया है। महुआ ने कहा कि उन्हें उस आचार संहिता का दोषी पाया गया है, जिसका कोई भी आस्तित्व नहीं है। कैश या गिफ्ट के भी कोई सबूत नहीं मिले हैं। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि सांसदी जाने के महुआ के पास क्या विकल्प बचे हैं?

**महुआ के पास किया ऑप्शन बचे हैं?**

दरअसल, महुआ मोइत्रा के पास कुल मिलाकर 5 ऑप्शन बचे हैं। लेकिन अभी ये साफ तौर पर नहीं कह सकते हैं कि यदि वह इन विकल्पों का प्रयोग करेंगी, तो उन्हें राहत मिल जाएगी। ऐसे में आइये इन 5 विकल्पों के बारे में जानते हैं।

1. टीएमसी नेता के पास पहला विकल्प है कि वह निर्णय की समीक्षा के लिए संसद से गुजरिश करें। हालांकि, अंतिम निर्णय सांसद का ही होगा कि, वह इस पर विचार करना चाहता है या नहीं।

2. महुआ मोइत्रा के पास दूसरा विकल्प है कि वह मौलिक अधिकारों और प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय जाएं। वह इस मामले में केस करें और फिर अदालती निर्णय की उम्मीद करें।

महुआ के पास तीसरा ऑप्शन है कि, वह संसद के फैसले को स्वीकार करें और आगे बढ़ जाएं। लगभग 4 महीने बाद एक बार फिर से एलक्शन होने वाला है। वह चुनाव लड़े और जीतकर फिर से संसद में पहुंच जाएं।

टीएमसी नेता द्वारा यदि वह चाहें तो चौथे विकल्प के तौर पर एथिक्स कमेटी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दे सकती हैं। वह इस बात का तर्क दे सकती है कि एथिक्स कमेटी ने पूर्वग्रह से ग्रस्त होकर उनके खिलाफ निर्णय दिया। वह ये भी कह सकते हैं कि इस मसले को विशेषाधिकार समिति को देखना चाहिए।

महुआ मोइत्रा 5 वें विकल्प के तौर पर दिल्ली उच्च न्यायलय में चल रहे मुकदमे के जरिये राहत की मांग कर सकती है। इसके लिए उन्हें अदालत में साबित करना होगा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से उनकी छवि धूमिल हुई है। इसके जरिए वह एथिक्स कमेटी के निर्णय बदलने की उम्मीद कर सकती हैं।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना नहीं दिया जाने का सच आया सामने

**कपिल कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** जखौरा की ग्राम पंचायत बांसी के प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 से है। जहां का कुछ दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें एक तथाकथित पत्रकार द्वारा चलाए गए वीडियो में बताया गया था कि. बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना नहीं दिया जा रहा है एवं एससी एसटी बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। वीडियो को देखते हुए हकीकत जानने पहुंचे रिपोर्टर द्वारा बच्चों से बात की गई, बच्चों ने बताया कि हम लोगों को रोज मीनू के हिसाब से खाना मिलता है।



हम लोगों के साथ कोई द्वेष भावना विद्यालय के किसी भी स्टाफ द्वारा नहीं की जाती है एवं हमारे साथ कोई गलत व्यवहार नहीं किया जाता। हमारे विद्यालय के जो गुरुजन और मैडम है सारा स्टाफ हमें प्रेम करता है। यदि हम लोगों में से किसी का बर्थडे होता है तो विद्यालय परिसर में केक काट कर हमारा जन्मदिन मनाया जाता है।

वीडियो में बच्चे खुद अपने मुंह जवानी बोल रहे हैं कि हमारे लिए पौष्टिक खाना मिलता है। विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं हेड मास्टर से भी बात हुई है। जिन्होंने बताया कि हम सबके द्वारा बांसी चौकी में जाकर इन तथाकथित पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है और मैडम द्वारा बताया गया है कि जो पत्रकार आए थे वह अनर्गल पैसे की मांग करते हैं और हमारी झूठी शिकायत हमारे उच्च अधिकारियों से करते हैं। पैसे मांग पूरी न होने के चलते ही वह झूठा वीडियो वायरल किया गया है।

वह एक अपराधिक किस्म का व्यक्ति है। जिस पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गुंडाऐक्ट गैंगस्टर जैसे कई मामले दर्ज हैं। आखिरकार शासन प्रशासन द्वारा ऐसे तथाकथित पत्रकारों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रहा है। इनके खिलाफ क्यों करवाई नहीं की जा रही है। विद्यालय के सारे स्टाफ में बताया कि हमारे साथ न्याय होना चाहिए और हमारे प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही होना चाहिए नहीं तो हम जिला मुख्यालय पर संगठन द्वारा प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# दरोगा की पिस्टल से निकली बुलेट, महिला के शरीर में समाई




**नरेन्द्र**

**उत्तर प्रदेशः** अलीगढ़ कोतवाली नगर के सीसीटीएनएस कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात दरोगा मनोज शर्मा की पिस्टल से अचानक गोली चल गई। वहां पर पासपोर्ट की रिपोर्ट लगवाने आई महिला को गोली लग गई। हालांकि परिवार ने जानबूझकर गोली मारने का आरोप लगाया हैं। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

एसएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी महिला के उपचार के बारे में की जानकारी करने के लिए मेडिकल पहुंचे। आरोपी दरोगा मौके से फरार हो गया है। पुलिस टीम फरार दरोगा की तलाश में जुट गई है। "थाना कोतवाली नगर के सीसीटीएनएस कार्यालय में पर दरोगा की पिस्टल से अज्ञात कारण से गोली चली है। गोली पास खड़ी महिला को लगी, जिससे वह घायल हो गई। आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी दारोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं।

# खदान में श्रमिक की पत्थर में दबने से हुई मौत, सुरक्षा उपकरण नहीं होने की वजह से हुई लापरवाही

**अकक्षय कुमार प्रजापति**

**राजस्थानः** रामगंज मंडी के ओधोगिक क्षेत्र में खदान में काम कर रहे एक मजदूर की पत्थर में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना लक्ष्मीपुरा में एएसआई कंपनी की खदान नंबर 3 की है। मृतक श्रमिक को आनन फानन में रामगंज मंडी सीएचसी लेकर आए जहां डॉ. ने जाँच के बाद श्रमिक को मृत घोषित कर दिया। वहीं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए सुकेत पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक के परिजन कंपनी से मुआवजे की माँग कर रहे है। वहीं इस साल सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं करवाने की लापरवाही से यह तीसरी मौत है।



श्रमिक रैदास ने बताया कि, दिन के लगभग 1 बजे हुए थे। हमारे साथ रणजीत पत्थर को हटाने का काम कर रहा था। इसी बीच पत्थर की एक सट्टी गिरने की आवाज आई। जो रणजीत के ऊपर गिरी थी। हम सभी मजदूरो ने मशक़्क़त कर पत्थर की सट्टी हटाने लेकिन जब तक रणजीत की मौत हो गई। ठेकेदार और कंपनी अधिकारियों को सूचना मिलने पर रणजीत को रामगंज मंडी लेकर गए। कंपनी की खदानों में काम करते करते वर्षों बीत गये। लेकिन सुरक्षा के लिए न हेलमेट है न ही सुरक्षा के पुख़्ते इंतजाम किए हुए है। पुलिस कर रही मामले की जांच, हुआ हंगामा सुकेत एसएचओ विष्णु सिंह ने बताया कि खदान में काम करने के दौरान मजदूर रणजीत की मौत होने के मामले में रामगंज मंडी सीएचसी पहुंचे।

जहां मृतक रणजीत(60) पुत्र मूलचंद निवासी सातलखेडी थाना सुकेत का शव मोर्चरी में रखा हुआ है। परिजन अभी मजदूर की मौत पर मुआवजे की मांग पर अड़े हुए है। परिजनों से समझाइश की जा रही है। मृतक रणजीत के तीन बेटे है। सभी की शादी हो गई है। एक बेटे कुशाल की अभी 10 दिन पहले ही शादी हुई थी। मामले को शांत कर जल्द पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जायेंगी। वहीं परिजनों के रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे।

एक साल में तीन की मौत, कारण सुरक्षा उपकरणों का अभाव जानकारी के अनुसार एएसआई कंपनी की खदान में यह एक साल में तीसरी मौत है। करीब 1 साल पहले ही खदान में दो मुंशियों की ट्रक से कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जब भी कंपनी पर सुरक्षा उपकरणों को लेकर सवाल उठे थे। जिसके बाद भी मजदूरो को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गये। जिसके कारण आय दिन श्रमिक मौत के साये में काम करते है।

## एक नजर

### पासपोर्ट की इंक्वारी करने आई महिला के कोतवाली में लगी गोली



**महर, उत्तर प्रदेशः** थाना कोतवाली के अंतर्गत भोजपुर चौकी इंचार्ज से पिस्टल चेक करते वक्त गोली चल गई। महिला के सर में गोली लग गई, महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली में स्थानीय लोगों ने गरवा तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग गई,

इशरत जहां जिसे गोली लगी है, थाना कोतवाली क्षेत्र के हड्डी गोदाम तुर्कमान गेट के रहने वाली है। अटव खठट मेडिकल कॉलेज में महिला को भर्ती किया गया है। उनका इलाज चल रहा है। यह मामला अलीगढ़ के थाना कोतवाली क्षेत्र का मामला।

### अम्बाह के स्कूल के छात्रों ने पोरसा मुक्तिधाम में मनाया पिकनिक



**अजय सिंह तोमर, मध्य प्रदेशः** मुक्तिधाम पोरसा की सुंदरता उसकी कलाकृति से मोहित होकर अम्बाह के छात्रों ने पोरसा के मुक्तिधाम में आकर आज पिकनिक मनाई। पहले मुक्तिधाम में भ्रमण करने के बाद पिकनिक मनाई। किटी पार्टी हुई एवं संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया। यह कार्यक्रम मुक्तिधाम के संचालक डॉक्टर अनिल गुप्ता की नेतृत्व में हुआ। एक प्राइवेट स्कूल अम्बाह का था, जो पोरसा के मुक्तिधाम की सुंदरता से प्रेरित होकर अपनी एक सैकड़ा स्कूली छात्रों को लेकर आज पोरसा आए पर मुक्तिधाम की सुंदरता देखी। उसके बाद संस्कृतिक मुक्तिधाम में किया तथा स्वल्पाहार देकर पार्टी मनाई गई।


### 11 दिसंबर को काशी आ रही हैं राष्ट्रपति द्रोपदी बढ़ाई गई सुरक्षा



**अमन पांडे, उत्तर प्रदेशः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 11 दिसंबर को काशी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा गया। राष्ट्रपति के आगमन, प्रस्थान और ठहरने संबंधित सभी बिंदुओं पर सभी की जिम्मेदारियां तय की गईं। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान पार्किंग आदि क्षेत्रों में चेकिंग पर विशेष जोर दिया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वायु सेना के विशेष विमान से सुबह 10:30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से सीधे काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। शाम चार बजे एयरपोर्ट से विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी। बैठक में एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों और विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर पिकअप पलटी डेढ़ दर्जन मजदूर घायल




**आनंद यादव, उत्तर प्रदेशः** अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई। जिससे डेढ़ दर्जन मजदूर घायल हो गए । जिसमें से तीन को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। शक्तिनगर मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के तेंदू गांव से समीप शनिवार को मजदूरों से भरी पिकप नहर में पलट गई । जिसमें करीब 20 मजदूर सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद, से सभी मजदूरों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जिसमें तीन लोगों को ज्यादा चोट लग जाने के वजह से चिकिस्कों ने उन्हें ट्रामा सेंटर में रिफर कर दिया है।

# शहर में बसों का प्रवेश हो बंद, डीसी से मिलकर लोगों ने उठाई मांग

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीरः** सुपर फास्ट बसों को शहर में प्रवेश न देने की मांग स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की है। वीरवार को डीसी राकेश मिन्हास से मिलने पहुंचे लोगों ने इस परेशानी को उठाया। शिष्टमंडल में शामिल अमरीश जसरोटिया ने बताया कि, शहर की आबादी बढ़ने के साथ वाहनों की संख्या में भी इजाफा हो चुका है। अब हाल ऐसा है कि शहर का कोई ऐसा घर नहीं जिसके पास आवागमन की सुविधा न हो। इसके अलावा लोगों को शहर में आने जाने के लिए हर गली, मोड़, चौक चौराहों पर ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध है।




इसके बावजूद शहर में बसें चल रही हैं, जो हादसे का कारण बन रही है। इससे जाम की समस्या पैदा हो से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि, शहर के कॉलेज रोड पारलीवंड आदि इलाकों में दौड़ने वाली इन बसों के कारण पिछले कुछ सालों में कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं। लिहाजा तेज गति से चलने वाली इन भारी भरकम बसों का शहर में प्रवेश पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए, ताकि सड़क पर चलने वाले आम लोग सुरक्षित रह सकें।

वहीं, वरिष्ठ नागरिक मास्टर शिवनंदन ने कहा कि, शहर में सड़कों की स्थिति अब बढ़ती आबादी के साथ इन बसों का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। लिहाजा अब इन बसों का शहर में प्रवेश बंद कर देना चाहिए। लोगों को इन बसों का लाभ देने के लिए स्टैंड शहर के बाहर कहीं ऐसी स्थान पर बनाया जाए। जहां से वह सीधा हाइवे पर जा सकें और शहर में लोग सुरक्षित रह सकें।

डीसी ने लोगों की बात सुनने के बाद उनकी मांग को जायज करार देते हुए जल्द इस पर कोई फैसला लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला पहले भी उनके संज्ञान में रहा है। लिहाजा अब वह इस मामले में संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर नई व्यवस्था की योजना तैयार करेंगे। इस मौके पर जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य मनिंदर पाल सिंह सौरभ, नवजोत सिंह, लालदीन मलिक, मंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, रविकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# एएसआई कंपनी की खदान में पत्थर के नीचे दबने से मजदूर की हुई मौत

**अकक्षय कुमार प्रजापति**

**राजस्थानः** कोटा जिले के सुकेत थाना क्षेत्र की एएसआई कंपनी की खदान नम्बर 3 में पत्थर का कार्य करते समय मजदूर के ऊपर पत्थर गिरने से मजदूर की मोके पर ही मौत हो गई।

मजदूर रणजीत यादव रोजमर्रा के तरह कंपनी में काम करने गया था। ऐसी दौरान मजदूर के ऊपर पत्थर गिर गया। जिससे मजदूर खदान के पत्थरों के निचे दब गया। जिससे मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सूचना पर कंपनी के अला अधिकारियों ने आनन फानन में मजदूर का शव रामगंजमंडी अस्पताल पहुँचाया जँहा पर मजदूर के शव को रामगंजमंडी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचित किया गया। फिलहाल सुकेत पुलिस में मामले की जाँच कर रही है।

वहीं पूर्व ने भी सुरक्षा उपकरणों के अभाव में कंपनी में कई मजदूरों की जान जा चुकी है। इसके बाद भी खनिज विभाग ने कंपनी पर कोई कार्यवाही नही की। वहीं थानाधिकारी विष्णु सिंह ने बताया कि, मजदूर रणजीत पुत्र मूलचंद्र उम्र 62 साल निवासी सातल खेड़ी की एएसआई कंपनी की खदान न.3 में पत्थर के नीचे दबाने से मौत हो गई। फिलहाल शव को रामगंजमंडी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, जब्त किया भारी मात्रा में शराब



**छनतबर राजेश भाई**

**गुजरातः** देवभूमि द्वारका पुलिस, देवभूमि द्वारका जिले के खंभालिया डिवीजन के खंभालिया और भनवाद पुलिस स्टेशनों में विभिन्न निषेध अपराधों में जब्त की गई अंग्रेजी शराब को नष्ट कर रही है।

शोक कुमार, यादव (आईपीएस), पुलिस महानिरीक्षक, राजकोट डिवीजन, राजकोट और नितेश पांडे, पुलिस अधीक्षक, देवभूमि द्वारका के मार्गदर्शन और हार्दिक प्रजापति, पुलिस उपाधीक्षक के मार्गदर्शन में। खंभालिया डिवीजन और क सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के.के. करामाता साहब और नारकोटिक्स नियंत्रण और उत्पाद शुल्क शाखा के प्रभारी अधीक्षक एस.सी. वाला जामखंभालिया, भाणवड़, पुलिस स्टेशन पर निषेधाज्ञा में बदलाव किया गया अपराध के कृत्य में जब्त किए गए विभिन्न भारतीय निर्मित ब्रांड हैं। इसके साथ ही एक मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसमें एक मात्रा में अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया।

अंग्रेजी शराब की बोतल क्रमांक 2744- जो कि विभिन्न ब्रांडों की मात्रा 11,16,700/- रुपए तथा भनवाड पुलिस स्टेशन में विभिन्न अपराधों के लिये। पकड़ी गई विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की मात्रा बोतल संख्या 1643/- है, जिसका कुल मूल्य 6,57200/- रुपये है, कुल अंग्रेजी शराब बोतल संख्या 4387/- है।

# मजदूरों से भरी पिकअप नहर में गिरी, 18 मजदूर घायल, 12 की हालत गंभीर

**मकसूद अहमद**

**उत्तर प्रदेशः** सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के तेंदू गांव के पास शनिवार को बड़ा हादसा पेश आया। धान कटाई के बाद मजदूरों को लेकर लौट रही पिकअप अनियंत्रित होकर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग स्थित नहर में जा गिरी। जिसमें 18 मजदूर घायल हो गए। 12 को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां 3 की हालत ज्यादा गंभीर पाते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे को लेकर जहां मौके पर देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।



वहीं सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर, पिकअप पर मजदूरों को भूसे की तरह लोड कर लाने के मामले को लेकर, पुलिस की तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बताते हैं कि, सोनभद्र से सटे सिंगरौली जनपद अंतर्गत चितरंगी थाना क्षेत्र के गांगी-बेलहवा गांव निवासी मजदूरों को धान की कटाई के लिए चंदौली जिले के चकिया थाना क्षेत्र में ले जाया गया था। धान कटाई के बाद शनिवार को उन्हें पिकअप पर लादकर वापस चितरंगी के लिए पहुंचाया जा रहा था। पिकअप पर जहां 18 मजदूर बैठे हुए थे।

वहीं उस पर मजदूरी में मिले धान की बोरियां भी ला दी गई थी। बताते हैं कि ओवरलोड स्थिति होने के कारण जैसे ही पिकअप वाराणसी शक्ति नगर मार्ग स्थित तेंदू नहर (घाघर मुख्य नहर) पर पहुंची। अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। मजदूरों की-चीख पुकार सुनकर रास्ते से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकाला।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राहुल (23), रेखा (18), रीता (20), सियाराम (37), मायावती (40), पार्वती (18), मुनेश्वर, (40), शिव कुमार (40), मुन्नी (42), विद्यावती (25), कमलेश (35) और मुन्नू (30) को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां सभी मजदूरों को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। चिकित्सकों के मुताबिक 3 की हालत ज्यादा गंभीर थी। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है। उधर पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि घायलों का समुचित इलाज हो रहा है। वाहन चलाने में लापरवाही करने वाले वाहन चालक और मजदूरों को असुरक्षित तरीके से लाद कर कर ले जाने वाले केयर टेकर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।

# 14 वर्षों से चल रहा अनुप मंडल का धरना, कब होगा न्याय ?

**रमेश कुमार त्रशंकर त्रिवेदी**

**गुजरात:** अनोपमंडल का धरना पिछले 14 साल से ज्यादा समय यानी 15 वर्ष होने को आए हैं। राजस्थान में सिरोही जिला कलैक्टर के सामने अविरत धरना चालू हैं। जो अनोप मंडल का कहना है कि, दुनिया में हो रहे विश्व का विनाश कुदरत नही करता आज सुख चैन से रहने के लिए हर देश की सरकारे और इन्सान अच्छी सिस्टम बनाता है। लेकिन यह सिस्टम सारी जीवा जून का सुख चैन छीन कर अंधकार की ओर ले जा रही है,( यह एक बहुत ही बड़ा गुप्त और गहरा राज है )

पहले के जमाने में भी ऐसा राक्षसी जाल रावण, हिरणाकश्यप, कंस, और कारुण बादशाह वगैरा ने पृथ्वी पर अपना राज कायम करने के लिए ऐसा जाल चलाया था, और धन अपने कब्जे में कर लिया था ,इन राक्षसी जाल को मिटाने के लिए श्री शनिचर जी , श्री रामचंद्र जी, श्री नरसिंह जी ,श्री गुरु नानक जी, वगैरह ने दुःख पा पा कर संसार की मदद से गुप्त




राक्षसी जाल को दफे करवाया था

ईश्वर परमात्मा ने दुखदायक सृष्टि की रचना की ही नहीं है,,, तो फिर यहां दुखदायक कर्म फल लिखने वाले और दुख पैदा करने वाले आज कौन है ? इस गुप्त महापाप को मिटाने के लिए श्री साध अनूप दास महाराज द्वारा रचित किताब जगत हितकारिणी के मजमून को अच्छी तरह समझ के बंदोबस्त किया जाए। तभी विश्व की हर समस्या का समाधान होगा। वरना भूल ही भूल में सब के बच्चे गारत करवा देंगे, क्योंकि सौदागर महाजन बनिए सभी विलयतों में राज से मिलती रखते हैं और अपने दगे की खबर बिल्कुल किसी को नहीं पढ़ने देते हैं और सबसे मिल के मिल रहते हैं, यह जादूखोरे इंद्रजाल से पूरे विश्व को बर्बाद कर देंगे और धन किसी के पास रहने नहीं देंगे और पुरे विश्व पर अपना राज करना है, एसी इनोहो की दिल की मंशा है।

इससे सब सज्जनों से अर्ज है कि, भारत सरकार के कर्मचारी वर्ग और राजनेता मिलकर इन राक्षसी जाल का बंदोबस्त करो क्योंकि मानव और जीवा जून की दिल से पुकार है और यह न्याय करवाना आपकी फर्ज में आता है अमृतलाल अध्यक्ष ने बताया कि, जब तक दुनिया में से पाप नही मिटता तब तक हमारी लड़ाई चालू रहेगी चाहे हमारी पेठिया खप जाय आगे भी देव और दानवों की लड़ाई हुए है और दानव वंश मारा गया है और देवताओ की जीत हुई।

अधर्म पर धर्म की जीत हुए है। असत्य पर सत्य की विजय हुए है। इस धरती पर देव कुल की लड़ाई है। अनोपमंडल आगे लड़ाई लड़ता रहेगा और 23/10/2009 से अविरत धरना चालू है। इसी मांग को लेकर भारत सरकार व राज्य सरकारो से बार बार गुहार लगाई गयी। मगर आज दिन तक कोई सुनवाई नही की गई। यदि इस बात पर समय रहते सरकार ने ध्यान नहीं दिया। तो आने वाला समय विश्व के लिए खतरा बन जायेगा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार और राज्य सरकारो की रहेगी।

## गुलदार ने एक आवारा गाय को बनाया निवाला

**आकील अली**

**उत्तर प्रदेश:** गांव फत्तेपुर के जंगल में गुलदार ने एक आवारा गाय को निवाला बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया। जब किसान सुबह जंगल में पहुंचे तो गाय को मृत अवस्था में पड़ा देख आश्चर्य चकित रह गए। इस मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फत्तेपुर में विवेक कुमार त्यागी के खेत में गुलदार ने एक आवारा गाय को निवाला बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया। जब किसान विवेक कुमार सुबह अपने खेत में पहुंचा तो गाय को मृत अवस्था में देख उसके होश उड़ गए।

इस मामले की सूचना उसने ग्रामीणों को दी। मौके पर ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि, गाय पर गुलदार ने हमला करते हुए मौत के घाट उतार दिया। उक्त स्थान पर गुलदार के पैरों के निशान खेत पर दिखाई दे रहे है। इस मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवारा गाय को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया।

गुलदार द्वारा गाय पर हमला करने की खबर सुनकर किसानों में दहशत व्याप्त हो गई।

## भाजपाइयों ने बिजनौर लोकसभा सीट जीतने पर की चर्चा

**आकील अली**

**उत्तर प्रदेश:** बिजनौर व चांदपुर विधानसभा संचालन समिति की एक बैठक भाजपा कार्यालय पर हुई, जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री एवं लोकसभा क्लस्टर इंचार्ज विजय शिवहरे रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, लोकसभा संयोजक सुमन त्यागी तथा संचालन बिजनौर विधानसभा संयोजक धीर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में विजय शिवहरे ने अब तक विधानसभा में हुए कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी से पूछा कि किस प्रकार बिजनौर लोकसभा सीट भारी मतों से जीती जाए। बैठक में



उपस्थित सभी संचालन समिति के सदस्यों से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तब मन से लगने तथा संगठन द्वारा जो कार्यक्रम या अभियान आते हैं उन्हें सही रूप से कराने की अपील की।

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी अरुण वशिष्ठ, लोकसभा संयोजक सुमन त्यागी, लोकसभा विस्तारक आतिश शर्मा, विधानसभा प्रभारी श्रीमोहन तायल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर संचालन समिति के सभी सम्मानित सदस्य विधानसभा मीडिया संयोजक सौरभ सिंघल, सहमीडिया प्रभारी आशीष शर्मा, दीपक पाल, सोशल मीडिया संयोजक गोपाल धीमान, लीगल संयोजक मनोज सेठी, विधानसभा लाभार्थी प्रमुख सुनील राजपूत, विधानसभा लाभार्थी प्रमुख महिला अभ्रा पाठक, चांदपुर विधानसभा संयोजक विकसित मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पुखराज सैनी, विशेष तोमर, राजकुमार, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा लाभार्थी प्रमुख स्वाति चौहान, लीगल संयोजक हरिश्वर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## रोड़ पर ट्रक खड़ी करना बन रहा परेशानियों का कारण

**पठान रुबिनाबानू**

**गुजरात:** अनूपपुर जिले में अमलाई स्टेशन है, बस स्टेशन के सामने हाईवे रोड अनूपपुर से शहडोल जाती है। हाईवे 43 को जोड़ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। वहीं पर भूरा सेठ की पेट्रोल टंकी है। टंकी के बगल से रोड़ लगी हुई है। जिसके अगल-बगल ट्रक और मैजिक खड़ी रहती है। दो पहिया वाहन ट्रक और मैजिक के बीचो-बीच गुजरना पड़ता है। जिससे कि कभी भी दुर्घटना हो सकती है। बगल से अमलाई थाना लगी हुई है। चचाई थाना लगती है और जो ट्रक खड़ी रहती हैं वह कोयले की रहती है



और बगल में ही कोयले की साइडिंग बनी हुई है।

नगरवासी कोयले की साइडिंग हटाने के लिए आमरण अनसन भी कर चुके हैं। हाईवे रोड और रेलवे लाइन के बीचों-बीच कोयले की शाइनिंग बनाई हुई है। जो ट्रक वाले रोड पर ही पूरा पार्किंग कर देते हैं। इस पर होने वाला एक्सीडेंट पर किसकी जिम्मेदारी होगी। कोई नहीं बता सकता, स्थानीय लोगों से पूछने पर रहते हैं ,भैया कोई किसी को नहीं बोलता है ,सब पैसा वाले हैं तुरंत अंदर करवा देते हैं ,ऐसा लगता है जैसे कि कानून उनके जेब में रहती है पुलिस वाले आते जाते हैं, पर कोई नहीं बोलता किसी को यहां पर रोड के अगल-बगल पैसा वालों की गुंडाराज चल रही है अमली रेलवे स्टेशन भी इसकी चपेट में आ गया है। अनूपपुर जिले में यह कोई नहीं घटना नहीं है की रोड के अगल-बगल ट्रक खड़ा ना पाया जाए।

## गोगामेडी हत्याकांड को लेकर प्रयागराज में क्षत्रिय समाज ने निकाला कैंडिल मार्च




**सतीश सिंह**

**उत्तर प्रदेश:** प्रयागराज में कल 8 / 12 / 23 को राजस्थान में हुये गोगामेडी हत्याकांड को लेकर प्रयागराज में क्षत्रिय समाज के द्वारा कैडिल मार्च निकाला गया। राजस्थान में हुये करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगा मेडी की हत्या को लेकर प्रयागराज में कल कैडिल मार्च निकाला गया। यह कैडिल मार्च धरना स्थल पत्थर गिरजाघर से लेकर सिविल लाइन्स सुभाष चोराहे तक निकाला गया। इस कैण्डिल मार्च में प्रयागराज के चर्चित रनवीर कुमार सिंह जानोद भी मौजूद रहे और साथ-साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सुरेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे क यह कैडिल मार्च गोगामेड़ी के हत्यारो को सजा दिलाने के लिए निकाली गई थी।

## युवती को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** सोशल मिडिया के माध्यम से युवती को आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंसी का इस्तेमाल कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि उधमपुर जिला पुलिस की ओर से साइबर फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत लोगों में फैल रही जागरूकता के कारण आज एक पीड़ित युवती ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर अन्य पीड़ित लोगों को आगे आने के प्रति जागरूक किया है।

जानकारी के अनुसार उधमपुर पुलिस थाने में एक युवती द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई कि, कोई अज्ञात व्यक्ति सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल बनाकर उसकी निजी तस्वीरों का दुरुपयोग कर ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए उधमपुर थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चौधरी की अध्यक्षता में टीम ने तकनीकी विभाग के सहयोग से मामले की जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान पुलिस ने एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इससे पूरे मामले का खुलासा हुआ। आरोपी की पहचान रामबन निवासी निगम सिंह के रूप में की गई है। पीड़िता के मुताबिक युवक एआई के माध्यम से उसकी फर्जी अश्लील तस्वीरें बनाकर ब्लैकमेल करता था। पुलिस पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## नौजवानों के सिर चढ़ा जातिवाद का खुमार, प्यार के बदले गंवानी पड़ी जान

**मोहम्मद समीर**

**उत्तर प्रदेश:** कौशाम्बी जनपद में संदीपन घाट थाना क्षेत्र में बंद पड़े पुराने भट्टे पर मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है, बतादें कि दिनांक 7 दिसम्बर 2023 को सुबह पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना संदीपनघाट क्षेत्रान्तर्गत कोइलहा में पुराने भट्ठे के पास नाली में एक व्यक्ति का शव पड़ा हैं, सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस फोर्स और फील्ड यूनिट की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया था।

जिसके बाद पुलिस द्वारा जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक का नाम वीरू रैदास पुत्र राजेश उर्फ जोगा निवासी नई बस्ती कोइलहा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी है तथा उसकी उम्र करीब 20 वर्ष हैं, घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0



300/23 धारा 302/201/34 भादवि पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा घटना का सफल अनावरण करने के लिए तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 8 दिसंबर 2023 को थाना संदीपनघाट पुलिस और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस के माध्यम से साक्ष्य संकलन के आधार पर 5 अभियुक्त सोनू उर्फ सोना, बब्लू उर्फ बल्लू को भट्ठे का पास से तथा पप्पू, धर्मेन्द्र, अंगद को हड्डी गोदाम कोइलहा जीटी रोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।


अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 1 अदद लोहे का पाइप, मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिसमे संबंध में विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गौरतलब है कि अभियुक्तगणों ने पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि हम लोग पासी जाति के हैं जबकि मृतक रैदास जाति का हैं मृतक बीरु हमारे समाज के पप्पू एवं हमारे मित्र धर्मेन्द्र के रिस्ते की एक लड़की से सम्बन्ध बनाने और शादी करने के लिए भगाकर ले जाने की बात कर रहा था।

मना करने पर मान नही रहा था, जिससे हम लोगों को अपमान महसूस हुआ, इसीलिए हम लोगों ने मृतक बीरु को जान से मारने की नियत से योजना बनाई और मृतक को खाने पीने का लालच देकर भट्ठे की ओर ले गए, जहां पर हम लोगों ने लोहे की पाइप से मृतक के सिर पर और शरीर पर चोटे पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी थी। मृत्यु हो जाने के बाद हम लोगों ने लाश को ले जाकर भट्ठे की चिमनी के नीचे बनी नाली में छिपा दिया था।

## कल से महिलाओं को मलेगी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा

**शेख मुबीन**

**तेलंगाना:** राज्य सड़क परिवहन निगम टी.एस.आर.टी.सी. कल से महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने की शुरूआत गाँव की



रोशनी, साधारण एक्सप्रेस सेवाओं में महिलाओं के लिए मुक्त यात्रा। लोगों को मुफ्त यात्रा में योगदान देना चाहिएः टी एस आरटी सी यमडी वी सी सज्जनार।

## एक नजर

### विधान सभा चुनाव जीतकर पहली बार राणापुर पहुंचे डॉक्टर विक्रांत भूरिया



**आरीफ मोहम्मद, मध्य प्रदेश:** विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विक्रांत भूरिया ने बीजेपी के भानू भुरिया को करीब 15, 000 वोटों से हरा कर जीत का एक बड़ा कीर्तिमान झाबुआ ज़िला विधान सभा 193, में रचा और एक भावी विधायक बने। चुनाव जीतकर पहली बार राणापुर पहुंचे डॉक्टर विक्रांत भूरिया समर्थको में गजब का जोश देखने को मिला।

नए नवेले कांग्रेस विधायक का रोड़ सो नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा और विक्रांत भूरिया ने अपने मतदाताओं का आभार प्रकट किया। जगह-जगह विक्रांत भूरिया का भव्य स्वागत किया गया। रोड़ सो पुराना बस स्टेंड सभा स्थल पहुंचा जहां कार्यकर्ता और समर्थको के साथ जम कर नाचे विक्रांत भूरिया कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आम सभा को अपने अपने अंदाज में संबोधित किया।

### कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये मिलने के बाद बीजेपी ने फूंके सांसद के पुतले



**प्रमोद कुमार बंसल, राजस्थान:** देश के सबसे बड़े भ्रष्टाचारी कांग्रेस राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ रुपये से अधिक नकद प्राप्त होने पर कोटपूतली भाजपा ने मुख्य चौराहे पर पुतला फूंककर भ्रष्टाचार के विरुद्ध आक्रोश व विरोध जताया।

इस मौके पर जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, रउ मोर्चा प्रदेश मंत्री सूबे सिंह, जिला मंत्री रविन्द्र शेखावत, जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, युवा मोर्चा जिला संयोजक कमल गुर्जर, चेयरमैन महेंद्र सैनी, विधानसभा मीडिया संयोजक जितेंद्र शेखावत, पूरब मंडल संयोजक विक्रम कसाणा, पश्चिम मंडल अध्यक्ष संजय सिंह नारेहड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल सैनी, एडवोकेट विकास जांगल, एडवोकेट विमल गोयल, लक्ष्मण सिंह पुरुषोत्तमपुरा, नाहर सिंह रावत, करतार पोसवाल, ओमी कांवर, कपिल शर्मा, बजरंग सैनी, मुकेश रावत, रमेश सैनी, मेहर चंद सैनी, नीरज सैनी, हीरालाल सैनी, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धलौनी ग्राम में की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत, लाभान्वित लोगों को किया गया किट वितरित



**दीपक यादव, उत्तर प्रदेश:** बीते शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र तरबगंज के ग्राम पंचायत धनौली के प्राथमिक विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई। विधानसभा क्षेत्र तरबगंज के मौजूदा भाजपा विधायक प्रेम नरायण पाण्डेय ने क्षेत्रवासियों को संबोधित कर केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा कर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों को किट वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनारायण पाण्डेय जी, मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी जी, प्रधान श्री अरविंद सिंह जी, तहसील के तमाम अधिकारी एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी सहित क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाना दिवस पर कप्तान ने किया थाने का औचक निरीक्षण



**संजीव कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश:** थाना फरीदपुर में आज माह के दूसरे शनिवार को थाना दिवस का आयोजन हुआ। थाने में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।जनपद के कप्तान चंद्रभान सुशील 'घुले' ने थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना के दैनिक रजिस्टर का मौका मुआयना किया तथा फरियादियों से भी उनकी समस्या के बारे में पूछा तथा संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

तहसील के राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व के संबंध में आई थी। जिनका संबंधित विभाग के कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने की निर्देश दिए। इंस्पेक्टर रामसेवक ने बताया की हमारे यहां 4 शिकायतें आई हैं। जो राजस्व से संबंधित है। हम लोग शिकायतो का अतिशीघ्र समाधान करने का प्रयास करते हैं। इसलिए यहां पर बहुत ज्यादा शिकायतें नहीं आ पाती हैं। थाने की पुलिस जनता की सेवा में सदैव तत्पर पर रहती है।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का आमजन तक पहुंचायें' शुभ्रा सिंह

मनोज कुमार

**राजस्थानः** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का गेप एनालिसिस करना है। विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लाभों को सेचुरेशन मोड में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचा है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का गैप एनालिसिस, विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लाभों को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी हर वर्ग के आमजन को पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर राज्य स्तर, जिला स्तर जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटियों का गठन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम(एचडब्ल्यूसी) पर कार्य किया जाएगा। भारत संकल्प यात्रा के आयोजन पर




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मिशन निदेशक डॉ.जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा आवश्यक तैयारियों को समय से पूरी करने के निर्देश प्रदान किए।

सीएमएचओ डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन में कार्य किए जाएंगे। जिनमें टीबी के संभावित रोगियों की स्क्रीनिंग, टीबी रोगों के लक्षणों एवं टीबी रोग से भेदभाव दूर करने के लिए आईईसी सामग्री का वितरण, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पंजीकरण, एवं टीबी रोगियों से अभियान में सहमति प्राप्त की जाएगी। टीबी का इलाज ले रहे रोगियों की बैंक खाता संख्या का इंद्राज किया जाएगा। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम में 40 आयु वर्ग के व्यक्तियों का सिकल सेल के लिए पीओसी स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जाएगा। स्क्रीनिंग के बाद लाभार्थियों को जैनेटिक काउंसलिंग पहचान कार्ड का वितरण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पात्र लाभार्थियों की ई केवाईसी की जाएगी। पीएमजेवाई कार्ड का वितरण किया जाएगा। लाभार्थियों अनुभव साझा किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जन औषधिक केंद्र में उच्च गुणवत्तापूर्ण दवाइयों एवं सर्जिकल उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। नवीन जन औषधि केंद्र खोलने के लिए फार्मासिस्टों को प्रेरित किया जाएगा। जन औषधि केंद्र संचालकों को शिविरों में भाग लेना सुनिश्चित करना है। राजकीय संस्थान में जन औषधि केंद्र का संचालन करना है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर वेलनेस की गतिविधियां करना, गैर संचारी रोगों के लिए सीबीएसी फार्म भरना, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की जाएगी। हाइपरटेंशन, डायबिटीज के मरीजों को दवाइयों का वितरण किया जाएगा। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य मेला शिविरों में विभागीय गतिविधियों का ऑनलाईन इंद्राज किया जाना है। कार्यक्रम के शिविरों में विभिन्न योजनाओं का प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश वर्मा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के एनालिसिस के साथ कार्यक्रमों का अंतिम स्तर तक प्रचार -प्रसार किया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यक्रम के लाभों को परिपूर्णता मोड पर प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने संबंधित कार्यक्रम मोबाइल मोबाइल वैन के जरिए किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा में पर्याप्त प्रचार -प्रसार के लिए नोडल ऑफिसर बनाए जाएंगे और चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, आशा, व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का आमुखीकरण किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग,जागरूकता परक, दवा वितरण, पीएम-जेएवाई कार्ड वितरण एवं प्रचार प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# शादी में गए परिवार के घर चोरी, जाने क्या हैं पूरा मामला

राजेश कुमार

**जम्मू कश्मीरः** घरवाले गए शादी पर पीछे से चोरों ने घर में चोरी की वारदात को दिया अंजाम लाखों के सोने के गहने नगद राशि और बच्चों की बूगनी से पैसे लेकर हुए राफु चक्कर चोरों ने घर को अच्छी तरह खंगाला अलमारियों और ताले तोड़ने के लिए गाची का इस्तेमाल किया गया। जम्मू की जानीपुर पैंपश कॉलोनी से चोरी का मामला सामने आया चोरों ने देर रात घर के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल है। उनकी सारी जमा कुंजी एक पल में चोर ले उड़े परिवार की महिला शालू जी ने कहा कि हम शादी पर गए थे।

हमें एक हफ्ता हो गया रोज हम शादी पर प्रोग्राम में जाते हुए और दो ढाई बजे की करीब रात को हम वापस आ जाते थे। कल हम 4:30 के करीब घर से निकले थे शादी के लिए जब हम शादी से वापस आए तो मेरे पति बाहर गाड़ी लगा रहे थे तो मैं पहले घर के पास पहुंची मैंने गेट का ताला खोला तो देख आगे दरवाजे पर लॉक नहीं है। तो मैं अपने बेटे से पूछा की बेटा तुमने दरवाजे पर ताला नहीं लगाया था बेटे ने बोला माँ ताला तो आपने हीं लगाए थे। मैंने कहा



कि हां ताले तो मैंने हीं लगाया था चोरों ने एक ताला तोड़कर नीचे जमीन पर रखा हुआ था और दूसरे दरवाजे की पूरी कुंडी तोड़ दी थी।

शालू ने बताया कि अंदर लाइट ऑन थी थोड़ा से दरवाजा खुला हुआ था मुझे लगा कि अंदर कोई है मैं अपने बेटा और बेटी को लेकर बाहर निकल गई और अपने पति को मैंने बोला कि आप जल्दी आओ अंदर कोई है जब मेरे पति मेरे साथ आए तो मैंने उनको बोला कि आप कोई हाथ में चीज पकड़ लो कोई अंदर है इसलिए लेकिन मेरे पति सीधे अंदर आ गए और अंदर आकर हमने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और आलामरियां तोड़ी गई हैं और जब बेटे ने कपड़े उठाए तो कपड़े के नीचे से गाची मिली अलमारी के अंदर के लकड़ को भी तोड़ा गया है और बच्चे की बुगनी को भी तोड़ दिया गया है।

शालू ने बताया कि मेरे दो सेट थे सोने के एयररिंग की जोड़ी थी और नगद राशि 70 हजार रुपया सब चोर चोरी करके ले गए हैं। फिर हमने आसपास के पड़ोसियों से पूछा कि आपको कोई आवाज नहीं आई पड़ोसियों ने बताया कि हम रात को 12 बजे के करीब सोया हमें कोई आवाज नहीं आई और शालू जी ने कहा कि मैंने देखा कि चोरों ने आसपास के पड़ोसियों के बाहर के दरवाजे की कुंडिया लगा दी थी कि पड़ोसियों को पता भी चले तो वह बाहर ना आ सके इतने शातिर चोर थे।

शालू जी पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि हमारे हक हलाल की मेहनत की कमाई सारी जमा कुंजी चोर चुरा के ले गए हैं हमें हमारा सामान वापस दिलाई जाए और चोरों को पकड़ा जाए जल्द से जल्द और उनके ऊपर बनती कार्रवाई की जाए शालू जी ने कहा कि हमने जानीपुर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवा दिया है और पुलिस मौके पर आई थी उन्होंने मौका देख जानीपुर पुलिस ने आगे तहकीकात शुरू कर दिया और चोरों को पकाने के लिए शापेमरी शुरू करती है पुलिस द्वारा सीसी कैमरे कंगाले जा रहे हैं।

# दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना से हो रहा युवतियों को लाभ

DDU-GKY
Deen Dayal Upadhyaya
Grameen Kaushalya Yojana
Empowering India • Powering the World

**उत्तर प्रदेशः** वृहस्पतिवार को कोर्टयार्ड मैरियाट शिलांग में सोनभद्र की संस्था यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति दुद्धी को मेघालय सरकार ने उत्कृष्ट कार्य हेतु संस्था के निदेशक दीपक तिवारी को सम्मानित किया। यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति के निदेशक दीपक तिवारी ने बताया कि दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु मेघालय सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री ए0 टी0 मण्डल के द्वारा सम्मानित किया गया।

दीपक तिवारी ने कहा कि संस्था में बहुत ही हर्षोउल्लास है। मेघायल में हमारी संस्था के प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। हमने मेघालय में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है। गरीब वर्ग के युवतियों के कौशल को निखारा है। हर वर्ग के युवाओं के साथ जुड़ कर बदलाव लाने का प्रयास किया है।

इस अवसर पर एससी साधु (IAS) निदेशक एवं सचिव कम्यूनिटी ग्रामीण विकास विभाग, सी खड़कोंगोर (IAS) सचिव कम्युनिटी एवं ग्रामीण विकास विभाग, रंगहेय राघव सहायक निदेशक, NIRDPR, एस0 आर0 मराक (MCS) राज्य कार्यक्रम निदेशक मेघालय सरकार तथा संस्था के वाइस प्रेसिडेंट ऑपरेशन नरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# शराब से भरी वाहन पुलिस ने पकड़ी, तीन आरोपी में से एक पकड़ में दो फरार

अरबिंद्र गुप्ता

**मध्य प्रदेशः** पुलिस अधीक्षक दतिया प्रदीप शर्मा के आदेश के पालन में अति पुलिस अधीक्षक सुनील शिवहरे के निर्देशन एवं एसडीओपी महोदय अखिलेश पुरी गोस्वामी के मार्गदर्शन मे दिनांक 07.12.2023 को दौराने कस्बा इंतजाम के मुखबिर की सूचना पर से ग्राम उचिया के पास पडरा नरिया के बगल में एक नीले रंग की स्कार्पियो कार संदिग्ध हालत में खड़ी दिखी हमराह पुलिस फोर्स के माध्यम से घेराबंदी कर दबिश दी गई। तो उक्त स्कार्पियो वाहन से तीन व्यक्ति उतर कर भागने लगे जिसमे से एक व्यक्ति को हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा तथा शेष दो व्यक्ति नरिया में भाग गये जिन्हें पकड़ने का काफी प्रयास किया किन्तु नहीं मिल सके।

अभिरक्षा मे लिये व्यक्ति से उसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम मलखान उर्फ मलकू अहिरवार पुत्र पन्नालाल अहिरवार उम्र 20 साल निवासी नीरज




निरंजन के मकान मे शिवविहार कालोनी थाना देहात जिला दतिया स्थाई पता ग्राम खिरियानाई थाना उनाव जिला दतिया का होना बताया मौके से भागे हुए व्यक्तियो के बारे में पूछा आरोपी द्वारा एक का नाम जीतू उर्फ बाबा अहिरवार पुत्र शोभाराम जाटव निवासी लालमारी मोहल्ला दतिया एवं दूसरे व्यक्ति का नाम दीपू गुप्ता निवासी उनाव रोड दतिया का होना बताया तथा स्कार्पियो वाहन में रखे सामान के बारे में पूछा तो अवैध शराब की पेटियां होना बताया।

स्कार्पियो वाहन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP09JY0421 जिसका चेचिस नबर MA1TA2BFC32C75901 तथा इजन नंबर BF34B35439 है की तलाशी ली गई जिसमे अवैध शराब की पेटियां रखी होना पाई जिन्हे हमराह फोर्स की मदद से गाड़ी से उतारा गया। जो कुल 80 पेटीया अवैध शराब की होना पाई गई। जिनमे 10 पेटी देशी मसाला शराब की तथा 39 पेटी देशी प्लेन शराब की 28 पेटी देशी प्लेन शराब की 01 पेटी देशी प्लेन शराब की आरोपी से उक्त अवैध शराब के लायसेंस व परमिट के बारे में पूछते नहीं होना बताया आरोपी का यह अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाए जाने से उक्त कुल 10 पेटी देशी मसाला शराब कुल 80 पेटी (720 लीटर शराब) कुल किमती 8.5 लाख रुपए की को समक्ष पचानों के विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया।

आरोपी मलखान उर्फ मलकू अहिरवार को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराया जाकर समक्ष पंचानो के गिरफ्तार किया गया बापसी पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में- थाना प्रभारी निरी. धीरेन्द मिश्रा, उनि अवतारसिंह यादव, प्रआर 1004 राहुल यादव, प्रआर 739 वृजमोहन उपाध्याय, प्रआर 641 राघवेन्द्र सिंह, आर 764 भानु दुबे, आर 1008 विवेक शर्मा, आर 470 केशव, आर 711 धमेन्द्र शर्मा, आर 268 प्रवीण परिहार, सैनिक 162 कृष्णकांत की अहम भूमिका रही है।

## एक नजर


# खाने के बिल भुगतान को लेकर हुआ झगड़ा, चाकू से गोंड कर युवक की हत्या



**नरेन्द्र, उत्तर प्रदेशः** गाजियाबाद में एक होटल पर खाना खाने के बाद बिल चुकाने को लेकर हुए विवाद में चाकुओं से हुए हमले में एक युवक की मौत हो गई। मामला मुरादनगर इलाके का है जहां एक भोजनालय का है जहां बिल के भुगतान को लेकर भाई के साथ हुए विवाद के बाद चार लोगों ने कथित तौर पर एक 18 वर्षीय लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, चांद पुत्र दिलशाद और उसका भाई बशारत उम्र 18 वर्ष पुत्र दिलशाद निवासी गण गांव नेकपुर थाना मुरादनगर एक होटल पर खाना खाने गए थे। वही होटल पर खाना खाने के बाद रुपयों के पेमेंट को लेकर कहासुनी हो गई, इसके बाद गांव में आकर दोनो पक्षों में चाकूओं से झगड़ा हो गया। झगड़े में बशारत उम्र 18 वर्ष पुत्र दिलशाद पर आशु उम्र 36 वर्ष पुत्र नसीरू सहित 4 युवकों ने चाकू से हमला कर-के घायल कर दिया, जिसको गंभीर हालात में मुरादनगर लाया गया। मुरादनगर से संजयनगर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बशारत की मृत्यु हो गई।

# अधिवक्ता ने कार्यप्रणाली को लेकर किया धरना प्रदर्शन, जाने क्या हैं मामला ?



**संजीव कुमार सिंह, उत्तर प्रदेशः** तहसील फरीदपुर में तैनात नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट अधिवक्ताओं में धरना प्रदर्शन किया। उच्चाधिकारियो के आश्वासन के बाद भी अधिकारी की कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया है। बताते चलें कि उक्त अधिकारी की कार्य प्रणाली को लेकर अधिवक्ता पिछले कई दिनों से न्यायिक कार्यो का वहिष्कार किया जा रहा है।

बार के महासचिव चंद्रजीत मिश्रा ऐडवोकेट ने बताया कि उक्त अधिकारी के अड़ियल तथा भ्रष्ट रवैया के चलते पत्रावलियों का निष्पादन जानबूझकर नहीं करते हैं ,तथा मामूली सी बात पर पत्रावलियों को निरस्त कर देते हैं जिससे वादकारियों का हित प्रभावित हो रहा है। यदि उक्त अधिकारी ने अपने अड़ियल रवैया में बदलाव नहीं किया तो धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# बालू लदी ट्रक को खनन अधिकारी ने रोका, ट्रक मालिक बैठा धरने पर

**उत्तर प्रदेशः** थाना क्षेत्र के बरवा फार्म के पास हाइबे पर कुशीनगर खनन अधिकारी द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक बालू लदी ट्रक को रोक लिया और मानक विहीन बताकर कार्यवाही की बात कहने लगे, जिसपर बालू लदा ट्रक मालिक खनन अधिकारी से विनती कर अपने नीजी कार्य के लिए बालू ले जाने की बात कहने लगा ' खनन अधिकारी द्वारा उसकी बात न मानने पर उक्त ट्रक मालिक द्वारा पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए वहीं ट्रक के आगे धरने पर बैठ गया '

मिली जानकारी के अनुसार नगर कसया क्षेत्र के तिवारी गांव



कंखोरिया निवासी चंद्रशेखर शुक्ला शुक्रवार को ट्रक से बालू लेकर आ रहें थे। कि बरवा फार्म हाइबे पर क्षेत्र के खनन अधिकारी द्वारा बालू लदी ट्रक को रोक लिया और कार्यवाही की बात करने लगे, जिस पर बालू मालिक खनन अधिकारी को अपने नीजी उपयोग के लिए बालू लें जाने की बात कहने लगा, लेकिन खनन अधिकारी नहीं माने तो बालू मालिक द्वारा खनन अधिकारी पर पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए वहीं सड़क पर ट्रक के आगे धरने पर बैठ गया।

इस दौरान बालू मालिक ने खनन अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कह रहा था कि, यहाँ बहुत सारी बालू लदी गाड़िया खड़ी थी, जिसको खनन अधिकारी द्वारा पैसे लेकर छोड़ दिया गया, मैंने भी कुछ पैसे देने की बात कहीं, लेकिन अधिकारी द्वारा ज्यादा पैसा माँगा जा रहा था, उतना पैसा न देने पर खनन अधिकारी ने मुझे धक्का देकर गाली देते हुए भगा दिए, जबकि मेरे गाड़ी पर बालू अंडर लोडिंग हैं, फिर भी मेरी गाड़ी मन माफिक पैसा न देने पर रोक लिए लए मैं यही धरने पर बैठा हूँ।

# भारतीय मजदुर संघ के अध्यक्ष को भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया



**नीतिन गर्गए राजस्थानः** भारतीय जनता पार्टी के विधायक भजन लाल शर्मा जी का भारतीय मजदूर संघ के कार्यकरताओ ने स्वागत किया। इस मोके पर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा बताया गया की पिछले 2 साल से उनको प्रशाशन के द्वारा बहुत परेशान किया गया इसके इलावा और भी समस्या को बताया गया। जिस पर भजन लाल ने समस्याो का जल्द समाधान का आश्ववसन दिया। इस मोके पर ग्रेटर नगर निगम के महामंत्री अखिल दिवेदी। समाजसेवी पवन खंडेलवाल भारतीय मजदूर संघ के दीपक शर्मा सोनू पंडित पवन वैष्णव राजकुमार साहू सोनू जैन और भी काफी सदयस्य मौजूद रहे।

# जनपद मीरजापुर छानबे क्षेत्र के गैपुरा चौराहे पर हुआ दर्दनाक हादसा



**सूरज मौर्य, उत्तर प्रदेशः** मिरजापुर जिला के छानबे क्षेत्र के गैपुरा चौराहे पर टीयुवी स्कारपियो ने तीन लोगों को धक्का मार दिया` जिसमें कौशिल्या देवी पत्नी पप्पू यादव उम्र 45 वर्ष जो वरूआ की निवासी है ` जो दवा के लिए जा रही थी और राम सरन पुत्र छोटे लाल उम्र 45 वर्ष जो की होलवापुर के निवासी है`

मोटर साइकिल से कहीं जा रहे थे` और संगम लाल पुत्र श्री नाथ दुवे उम्र 60 वर्ष जो देवरी के निवासी है जो चौराहे पर खड़े थे` सभी को ग्रामीणों की मदत से प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र सरोई लाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला मण्डलीय अस्पताल के भेजा गया है`

ड्राइवर सुरक्षित है उसे किसी प्रकार कोई चोट नहीं आया है. ड्राइवर को पकड़ लिया गया है तथा टी यु वी स्कारपियो गैपुरा चौकी में खडी. किया गया है` घटना के निरीक्षण के लिए गैपुरा चौकी इंचार्ज उदयनारायण कुशवाहा अपने दल बल के साथ पहुँच गए हैं।


# मुख्यमंत्री चुनने में कांग्रेस से पीछे क्यों रह गए पीएम मोदी और शाह ?

रुस्तम इमरान

**नई दिल्लीः** 03 दिसंबर 2023 को आए विधान सभा चुनाव ने सब को चौंका दिया हैं। राइट विंग मीडिया को सायद पहले से पैट था और वह यही क्यास लगा रहे थे। परन्तु लेफ्ट विंग मीडिया को इसकी कटाई उम्मीद नहीं थी। उन सब के हिसाब से जो माहौल था। भाजपा नहीं जीत पाती ऐसा मानना था उन सभी का। आए नतीजों में भाजपा को पांच राज्यों में से तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विशाल बहुमत मिली हैं ऐसे में भाजपा का रास्ता साफ होता दिख रहा है, लोकसभा इलेक्शन को लेकर।

काँग्रेस ने मुख्यमंत्री के साथ मंत्री भी चुन लिए

कांग्रेस सिर्फ तेलंगना में ही सरकार बना पाई हैं। कांग्रेस ने लगे हाथों अपना मुख्यमंत्री भी चुन लिया हैं। रेवंत रेड्डी ने





मुख्य मंत्री के रूप में सपथ ली हैं। मिजोरम में ( Zoram People's Movement ) पार्टी ने सत्ता अपने हाथ में ली हैं। लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में सपथ ली हैं।

प्रचंड बहुमत मिलने पर मोदी और शाह कश्मकश में

मुख्यमंत्री के मामले में भाजपा अब तक पिछड़ी दिख रही हैं। प्रचंड बहुमत होने के बाद भी अभी तक तीनों राज्य में मुख्यमंत्रीयों की घोषणा नहीं कर पाई हैं। क्या वजह इनसे सभी अनजान हैं। भाजपा सभी फैसले शाह और मोदी लेते हैं, लेकिन यहाँ दोनों कश्मकश में पड़ गए हैं। अभी तक निर्णय नहीं ले सके हैं। जिससे पता चलता हैं की जीत के बाद भी कितने दबाव में हैं दोनों।

11 दिसंबर को मध्य प्रदेश वधयकों की बैठक

जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री को लेकर 11 दिसंबर को बैठक होने वाली हैं। जिसमे भाजपा के सारे नव-निर्वाचित विधायक शामिल होंगे। मालूम होता हैं की इस अहम बैठक के बाद ही मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री का चेहरा तय हो पाएगा। वैसे मध्य प्रदेश के चुनाव के अंतिम दिनों में भजपा (BJP) ने मुख्यमंत्री का चेहरा शिवराज सिंह चौहान को ही पेश किया था।

# ठण्ड में बच्चों और बुजुर्ग को रहना चाहिए सतर्क

आशीष दुबे

**मध्य प्रदेशः** ठंडी का मौसम कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। इसलिए इस मौसम में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है। ठंडी के मौसम में होने वाली आम बीमारियों में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, गले में खराश, कान का दर्द, आंखों में जलन, और त्वचा संबंधी समस्याएं शामिल हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरती जा सकती हैं: ऊनी कपड़े पहनें: ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनना सबसे अच्छा तरीका है।



ऊनी कपड़े शरीर की गर्मी को अंदर रखते हैं और ठंड से बचाते हैं। सिर, मुंह, और नाक को ढकें: ठंडी हवा से बचने के लिए सिर, मुंह, और नाक को ढकना भी जरूरी है। इसके लिए टोपी, मास्क, और गमछा का उपयोग किया जा सकता है। पर्याप्त पानी पिएं: ठंडी के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो सकती है। इसलिए इस मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। हल्का और पौष्टिक भोजन करें: ठंडी के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए हल्का और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। धूम्रपान और शराब का सेवन न करें।

धूम्रपान और शराब का सेवन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए इस मौसम में धूम्रपान और शराब का सेवन न करना चाहिए। नियमित व्यायाम करें। नियमित व्यायाम करने से शरीर में गर्मी पैदा होती है और बीमारियों से बचाव होता है। अपनी दिनचर्या को नियमित रखें: ठंडी के मौसम में दिनचर्या को नियमित रखना भी जरूरी है। इससे शरीर को पर्याप्त नींद मिलती है और बीमारियों से बचाव होता है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष सावधानियां बच्चे और बुजुर्ग ठंड से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

इसलिए इनके लिए विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाने के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरती जा सकती हैं: बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उनको गर्म कपड़े पहनाना चाहिए। बच्चों के लिए ऊनी कपड़े सबसे अच्छे होते हैं। बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाना चाहिए। बच्चों को धूप में ले जाएं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें धूप में ले जाना चाहिए। धूप से शरीर को गर्मी मिलती है और बीमारियों से बचाव होता है।

बुजुर्गों को गर्म रखें: बुजुर्गों को ठंड से बचाने के लिए, उनको गर्म रखना चाहिए। बुजुर्गों को ऊनी कपड़े पहनाने चाहिए और उन्हें ठंड में बाहर निकलने से बचना चाहिए। ठंडी के मौसम में बीमार पड़ने पर क्या करें? यदि आप ठंडी के मौसम में बीमार पड़ जाते हैं, तो निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें आराम करें।


बीमार पड़ने पर सबसे जरूरी है कि आप आराम करें। इससे शरीर को ठीक होने में मदद मिलेगी। पानी पिएं बीमार पड़ने पर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और बीमारियों से लड़ने में मदद मिलेगी। हल्का और पौष्टिक भोजन करें। बीमार पड़ने पर हल्का और पौष्टिक भोजन करना चाहिए। इससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्व मिलेंगे और बीमारियों से लड़ने में मदद मिलेगी। दवा लें यदि आपके लक्षण गंभीर हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेकर दवा लें। ठंडी के मौसम में सावधानी बरतने से आप खुद को और अपने परिवार को बीमारियों से बचा सकते हैं।

# इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं, गुरु ही रास्ता दिखाता है, गुरु ही जीवन की नैया पार लगाता है : आचार्य गोपाल शास्त्री

अजय सिंह तोमर

**मध्य प्रदेशः** भगवान श्री गणेश जी की मल्ल युद्ध के दौरान दो दो पहलवान आने पर बलराम जी अखाड़े में आए तब श्री कृष्ण जी ने राजा कंस को सिंहासन पर ही मारा। उसके बाद सांदीपनि आश्रम में गुरु महाराज से शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा ग्रहण करने के बाद गुरु दक्षिणा में गुरु पुत्र को भगवान श्री कृष्णा जी ने पानी जिंदा यमराज जी से वापस लाकर दिया- आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री

सिंगरौली धाम पर सुरेश चंद गुप्ता व रामसेवक गुप्ता तथा श्री भगवान गुप्ता के द्वारा आयोजित संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा में आज आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने कंस वधं वह संदीप पनी आश्रम में गुरु शिक्षा तथा गुरु दक्षिणा में यमराज जी से गुरु पुत्र को जिंदा वापस लाने तथा 64 कलाओं की शिक्षा सीखने की बारे में विस्तार से समझाया गया। शास्त्री ने बताया की इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है जो शिक्षा देता है।



उसे जीवन की नैया पार लग जाती है। गुरु ही अपने शिष्य को इस प्रकार की शिक्षा देता है कि, वह जीवन में खुशहाली जिंदगी जी के स्वर्ग जाता है। आज प्राय जी देखने को मिल रहा है कि, गुरु लोग अपने शिष्य को उचित शिक्षा नहीं दे रहे हैं जो गुरु के लिए गलत है। लोगों को अपने घर पर पुराण पढ़कर शिक्षा लेनी चाहिए। जिससे सद मार्ग पर चने की रास्ता प्रशस्त हो जाए, सत मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की संतान भी सद मार्ग पर चलती है। कथा की व्यवस्थाएं संदीप कुमार गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, मनीष गणेश गिरीश अम्रत राहुल रजत रोहित शिवम संध्या आर्यन गोविंद राजदीप ओम अनंत आदि भक्तों ने वह ग्रामीणों ने देखी।

## एक नजर

### दो ट्रकों में हुई भिड़ंत, दुर्घटना से बाल-बाल बचे लोग

**श्रवण कुमार, उत्तर प्रदेशः** जनपद कुशीनगर ,नगर हाटा के ढांढा में स्थित संत पुष्पा स्कूल के पास हाईवे पर बृहस्पतिवार की सुबह दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। गनीमत रहा कि इसमें कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और हाईवे पर यातायात करीब तीन घंटे तक बाधित रही। गोरखपुर की तरफ से एक ट्रक आ रही थी। अभी वो ढांढा के संत पुष्पा स्कूल के पास हाईवे के समीप पहुंची थी कि उसी दौरान सामने से गलत दिशा से आ रही एक ट्रक में भीड़ गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ट्रकों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। एनएचआई टीम ने क्रेन की मदद से दोनों गाड़ियों को हटवाया। इस दौरान करीब तीन घण्टे तक आवागमन बाधित रहा, हालांकि टीम ने वनवे करके रास्ता साफ कराया और दोपहर बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हो पाया।

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**अशोक कुमार, उत्तर प्रदेशः** पन्नूगंज थाना अंतर्गत रामगढ़ कस्बे में इंडियन बैंक के समीप ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई । जिसमें बाइक सवार युवक मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज कुमार बिंद 38 वर्ष पुत्र गोकुल निवासी सोकरिया कला तिरिया चट्टी पर मछली बेचने का काम करता था। बृहस्पतिवार की शाम करीब 6 बजे विपरित दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया। आस, पास के लोगों द्वारा उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य तिराया चतरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे देख मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पन्नुगंज केदार नाथ मौर्य ने बताया कि, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए, जिला अस्पताल सोनभद्र भेज दिया गया है। जहां ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है ।


### ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर होगा सुनवाई



**अमन पांडे, वाराणसीः** ज्ञानवापी से संबंधित दो प्रकरण की सुनवाई शुक्रवार को होगी। ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी का तहखाना जिलाधिकारी को सौंपने की मांग से संबंधित वाद की जिला जज की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

इस मामले में पक्षकार बनने के लिए प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने अर्जी दी है। सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी प्रशांत सिंह की कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में उर्स समेत अन्य धार्मिक आयोजनों की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र की भी सुनवाई होगी। यह प्रार्थना पत्र लोहता क्षेत्र निवासी मुख्तार अहमद सहित चार अन्य लोगों ने दाखिल किया है।

### सीजीएल परीक्षा में सफल होने पर, घर का माहौल हुआ मेले जैसा बांटे गए मिठाई




**अशोक कुमार, उत्तर प्रदेशः** सोनभद्र राबर्ट्सगंज निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत श्रीवास्तव के पुत्र उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सीजीएल की अखिल भारतीय परीक्षा में 24वा स्थान पाकर जिले का मान बढ़ाया है। उनका चयन विदेश मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर हुआ है। इनके चयन पर अधिवक्ताओं, नगर के रहवासियों, परिवारीजनों एवं शुभ चिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

बता दें कि पूर्व में उत्कर्ष आयकर विभाग में टैक्स असिस्टेंट के पद पर कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में केंद्रीय सचिवालय सूचना व प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी, मृदुभाषी उत्कर्ष की प्राथमिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल राबर्ट्सगंज तथा बीटेक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से हुई है।

जहां से उनका कैंपस प्लेसमेंट बहुराष्ट्रीय कंपनी इन्फोसिस में हुआ था। ज्ञातव्य हो कि उत्कर्ष जनपद के अधिवक्ताओं के प्रेरणाश्रोत रहे स्व रमाशंकर लाल श्रीवास्तव के पौत्र हैं। इनके चाचा विद्याकांत वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एवम कमलकांत श्रीवास्तव अपर जिला जज के पद पर कार्यरत हैं। उत्कर्ष की इस उपलब्धि पर अधिवक्ता राम प्रसाद यादव, राजेश कुमार पाठक, अशोक श्रीवास्तव आदि ने हर्ष जाहिर किया है।

## पुलिस प्रशासन ने सुनी जनता की बात, समस्याओं को निस्तारण के दिए निर्देश



रोशन कुमार कुशवाहा

**उत्तर प्रदेशः** जनपद कुशीनगर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में सुनी गई जनता की समस्याएं। निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये निर्देश आज दिनांक 08.12.2023 को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में जनता की समस्याओं को सुना गया तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबध्द निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## सर्दी का मौसम आते ही चोरों के हौसले हुए बुलंद

इंद्रजीत

**हरियाणाः** बीते दिन मंडी कालांवाली के पोश इलाका जो कि मॉडल टाउन है। फ्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए चोर घर में घुस आए। गली के अंदर जब कुत्तों के भौंकने की आवाज आई तो मकान मालिक ने उठकर देखा। मलिक को देखते ही देखते तीन बंदे उनके घर में एंट्री कर चुके थे। मलिक को देखते ही चोरों ने दीवार कूद दूसरे प्लॉट में छुपकर बैठ गया और दो चोर फरार हो गए।

मकान मालिक के शोर मचाने पर आसपास के पड़ोसी एकत्रित हो गए चोर के पकड़े जाने पर लोगों ने थाना कालांवाली में इत्लों की गई थाना प्रभारी रामफल अपने साथ गिरफ्तार करके ले गए।




थाना प्रभारी रामफल के द्वारा बताया गया आरोपी कि पहचान दरबारा सिंह पुत्र सुरजीत सिंह मंडी गढ़साना राजस्थान के रूप में पहचान हुई है।

थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है। सारी तफ्तीश पूरी होने के बाद इस मामले के ऊपर पूरी सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुबह प्रातः काल सभी पड़ोसियों ने मिलकर थाने में जाकर उसे चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई और थाना प्रभारी से प्रार्थना की गई रात्रि को पुलिस ग्रस्त बढ़ाई जाए। आम आदमी पार्टी की महिला अध्यक्ष श्रीमती दर्शना कौर, महेश आजाद, गोविंद शर्मा, भिवानी शर्मा, चमन सिंह,सूरज, त्रिलोक सिंह, अजय कुमार, डॉक्टर बलदेव, महिपाल, आदि मौजूद रहे।

' संसद सदस्यता जाने के बाद महुआ मोइत्रा की पहली प्रतिक्रिया

# 'बिना साक्ष्यों के सजा मिली...

मो. हसन रजा

कैश फॉर क्वेरी मामले में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्ता को खत्म कर दिया गया है। इसके बाद उनका पहला प्रतिक्रिया आया है। उन्होंने बोला, मेरे खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। मैने अडानी के मुद्दा सदन में उठाया था और आगे भी उठाती रहूंगी। किसी भी उपहार व नकदी का कोई सबूत नहीं हैं।



महुआ मोइत्रा ने कहा कि निष्कासन की सिफारिश पूरी तरह से इस बेस पर है कि, मैंने अपना पोर्टल लॉगिन शेयर किया है। इसको रेगुलेट करने के लिए कोई भी रूल नहीं है। एथिक्स कमेटी के पास निष्कसित करने कोई भी अधिकार नहीं है। यह भाजपा के अंत की शुरूआत है।

उन्होंने कहा, अगर नरेंद्र मोदी सरकार ने सोचा है कि, मुझे चुप कराके अडानी के मुद्दे को समाप्त कर देंगे, तो बता दूँ कि आपने जो जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। वह दिखाता है कि, अडानी आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। आप एक महिला सांसद को कितना तंग करेंगे।

**भाजपा का रवैया देख कर हो रहा दुख- ममता बनर्जी**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि आज भाजपा का रवैया देखकर दुख हो रहा है। उन्होंने लोकतंत्र को कैसे धोखा दिया। महुआ को अपना पक्ष रखने की परमिशन तक नहीं मिली। उसके साथ सरासर नाइंसाफी हुआ है।

वहीं केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार ने कहा कि, एक दिन में महुआ मोइत्रा का पोर्टल बेंगलुरु, दिल्ली, दुबई और अमेरिका से खुलता है। किसके लिए ? एक व्यापारी और एक कॉर्पोरेट हॉउस के लिए।

**3 से 4 दिन का समय दिया होता तो आसमान नहीं गिर जाता**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, जैसा कि अधीर रंजन ने बताया यदि हमने इस रिपोर्ट को संज्ञान लेने के लिए 3-4 दिन का वक्त दिया होता और फिर सदन के सामने अपनी राय रखी होती तो आसमान नहीं गिर जाता। क्योंकि सदन एक बेहद संवेदनशील मामले पर निर्णय लने जा रहा है।

क्या आचार समिति की प्रक्रिया प्राकृतिक न्याय की मूल सिद्धांत को समाप्त कर सकती है। जो विश्व की हर न्याय प्रणाली का आयोजन सिद्धांत है ? हमने अखबार में जो पढ़ा जिसे अभियुक्त बनाया गया।

## तेलंगाना के नए सीएम रेवंत रेड्डी के बिहार के डीएनए पर आया भूचाल



**बिहारः** तेलंगाना के नए सीएम रेवंत रेड्डी के बिहार के डीएनए पर दिए गए बयान के बाद अब बिहार में भी भूचाल आ गई है। रेवंत रेड्डी के विवादित बयान को लेकर बिहार में राजनीति सियासत तेज हो गई है। तेलंगाना में रेवंत रेड्डी के द्वारा बिहार की डीएनए को लेकर दिए गए विवादित बयान पर जब हाजीपुर में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से सवाल हुआ तो नो कमेंट नो कमेंट करते दिखें। उन्होंने कहा कि, उस बयान को नहीं सुना है। इसी लिए कोई टीका टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

तेलंगाना में एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने बिहार की उठअ को लेकर बड़ा विवादित बयान दे दिया था। रेड्डी ने कहा था कि, बिहार और तेलंगाना की डीएनए की तुलना करते हैं और कहते हैं कि, मेरा डीएनए तेलंगाना है और केसीआर का डीएनए बिहार है। और केसीआर कुर्मी जाति से हैं। इस विवादित बयान को लेकर बिहार की राजनीतिक में अब हड़कप मच गया है।

## अवैध खनन कर रहे माफियाओं पर पुलिस ने की कार्रवाई

राजेश कुमार

**जम्मू कश्मीरः** जम्मू सतवारी पुलिस ने अवैध खनन करने वालों से हथियारों के दम पर गुंडा पर्ची वसूलने पर कार्रवाई की है। चार लोगों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली कि फ्लांय मंडाल में कुछ लोग गुंडा पर्ची वसूल रहे हैं। इसके बाद टीम को मौके पर भेजा।




इस दौरान पुलिस ने हथियारों के साथ चार लोगों को पकड़ा। इसमें अभिषेक सिंह, रवि सिंह, सचिन सिंह सभी आरएस पुरा निवासी और चट्ठा निवासी हरबख्श सिंह शामिल है। रवि सिंह से तेजधार हथियार मिला है। पुलिस ने पंजाब नंबर की बाइक और जम्मू नंबर की कार को भी सीज किया है।

## दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

राम शर्मा

**उत्तर प्रदेशः** नोएडा जॉन के एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि, गुरुवार की रात सेक्टर 20 थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को सुचना मिली की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने डल्फ मॉल से फिल्म सिटी की और सड़क पर मोबाइल लूटने का प्रयास किया। सुचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस की घेराबंदी दौरान बदमाश पुलिस से बचने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस ने उन्हें घेर लिया, अपने को घिरा देखकर बदमाश ने पुलिस पर गोलियां जलां चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की इसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया है।



एसीपी रजनीश वर्मा के अनुसार बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस टीम की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान बागपत जिले के टिटिरी गांव निवासी गुलशन के रूप में हुई है। पकड़े गए बदमाश के पास पुलिस ने घटना में प्रयुक्त केटीएम बाइक एक तमंचा एक जिंदा कारतूस और एक बैग में लुट गए 7 मोबाइल फोन बरामद किये है। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल बदमाश शातिर किस्म अपराधी है। इसके विरुद्ध दिल्ली एनसीआर के विभिन्न थानों में लगभग 9 मुकदमा दर्ज है। बदमाश का एक साथी मुकेश से फरार हो गया। पुलिस टीम फरार बदमाश की तलाश करने में जुटी गई है।

# अडानी के खिलाफ जो बोला, उन्हें संसद से होना पड़ा बाहर, जानिए पूरी

रुस्तम इमरान

नईदिल्लीः महुआ मोइत्रा पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में प्रश्न पूछने के बदले घूस लेने का आरोप लगाया गया था। इस घटना पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी। यद्यपि, महुआ मोइत्रा ने



भाजपा सांसद द्वारा अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को लगातार निराधार बताती रही है।

जानकारी हो कि मोइत्रा पर आरोप था कि उन्होंने संसदीय वेबसाइट पर एक गोपनीय खाते में लॉग-इन करने के लिए हीरानंदानी को अपनी आईडी और पासवर्ड दे दिया था, ताकि वह सीधे प्रश्न साझा कर सकें। यद्यपि, उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए पैसे लेकर प्रश्न पूछने से इनकार किया था लेकिन लॉग-इन विवरण को साझा करने की बात स्वीकार की थी।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा महुआ मोइत्रा पर लगाए गए इन आरोपों के बाद मामले पर जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी। भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली लोकसभा आचार समिति ने इस महीने की शुरूआत में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें मोइत्रा को निलंबित करने की सिफारिश की गई थी।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में आरोप लगाया था कि महुआ ने संसद में कुल 61 सवाल पूछे थे, जिनमें 50 सवाल सिर्फ अडाणी समूह से जुड़े हुए थे। निशिकांत के मुताबिक, महुआ ने रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी ग्रुप के प्रमुख और अरबपति कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए आपराधिक साजिश रची थी।

## संपादकीय

# 'इंडिया' की अंदरूनी चुनौतियां

राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश, इन तीन हिंदी भाषी राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली अप्रत्याशित और अपमानजनक पराजय के बाद कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन के भीतर से भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बमुश्किल 48 घंटों के बाद ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ एक सामूहिक मुहिम के लिए जरूरी समर्थन जुटाने हेतु ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नीतीश कुमार तक पहुंचने की कोशिश की।

दरअसल, कमलनाथ चाहते हैं कि ह्यइंडियाह्ण गठबंधन चुनावों पर न्यायमूर्ति मदन लोकुर की अध्यक्षता वाले सिटिजन कमीशन की सिफारिशों को जोर-शोर से उठाए, जिनके अनुसार ईवीएम मशीनें सत्यापन योग्य नहीं हैं। सिटिजन पैनल के एक सदस्य सुभाशीष बनर्जी का तर्क है कि ईवीएम मशीन के स्त्रोत कोड को सार्वजनिक होना चाहिए या ईवीएम में केवल एक बार प्रोग्राम करने वाली चिप का ही इस्तेमाल होना चाहिए इत्यादि बातें केवल मुख्य मुद्दे से भटकाने का काम करती हैं।

अगर ये सभी मांगें मान भी ली जाएं (माना भी जाना चाहिए), तब भी ईवीएम सत्यापन योग्य नहीं होंगी। लेकिन ईवीएम के कथित दुरुपयोग के लिए 'इंडिया' गठबंधन का समर्थन पाने की कमलनाथ की इस कोशिश में एक बड़ा दोष है। पहला, यह पराजित पक्ष का तर्क है, और, दूसरा, ईवीएम से छेड़छाड़ का यह तर्क तेलंगाना में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के संदर्भ में अपना अर्थ खोता दिखता है, जहां उसने बीआरएस और भाजपा, दोनों को प्रभावशाली अंतर से हराया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान 'अखिलेश वखिलेश' कहते हुए ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के सहयोगियों को प्रदेश से बाहर रखने के बाद कमलनाथ जिस दुस्साहस के साथ सहयोगियों से समर्थन मांग रहे हैं, उससे अखिलेश, ममता और नीतीश चकित हैं।

यह भी याद किया जा सकता है कि तीन महीने पहले सितंबर में दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर विपक्ष के 13 सदस्यीय पैनल की एक बैठक हुई थी, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन ने अक्तूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में महागठबंधन की पहली बैठक के लिए सहमति जताई गई थी। लेकिन कमलनाथ ने ऐसी किसी सार्वजनिक बैठक की मेजबानी से इन्कार कर दिया था, जो भाजपा सरकार में बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित होगी। भोपाल में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक को लेकर कमलनाथ के विरोध को कई तरह से देखा जा सकता है। उनका तर्क था कि प्रस्तावित गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था, जो राज्य विधानसभा चुनाव में उन्हें नुकसान पहुंचा सकता था, जो उन्हें लगा कि वह आसानी से जीत रहे हैं।

# नेताओं पर भ्रष्टाचार में कार्रवाई की तलवार

> राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने चुनावी प्रचार के दौरान जम कर हमला बोला। बीकानेर में पीएम नरेंद्र मोदी ने जिन मुद्दों पर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरा था, उनमें भ्रष्टाचार भी प्रमुख था। पीएम मोदी ने गहलोत सरकार के करप्शन पर निशाना साधते हुए कहा था कि गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार में भी रिकॉर्ड बनाया है।

-योगेंद्र योगी-

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जारी रखेगी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा ने भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। ऐसे में अब इस बात की प्रबल संभावना है कि इन दोनों राज्यों की भ्रष्टाचार निरोधी एजेंसी और केंद्र की एजेंसियों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का बचना मुश्किल है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल सहित इनके मंत्रियों पर कानूनी शिकंजा कसने के आसार बढ़ गए हैं। दरअसल कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस बात के प्रयास ही नहीं किए कि भ्रष्टाचार के मामलों से सख्ती से निपटा जाए। कांग्रेस ने मतदाताओं में यह संदेश देने का प्रयास ही नहीं किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टोलरेंस की नीति है। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा होने पर दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने दबाने-छिपाने का प्रयास किया। भाजपा ने इसे प्रमुख चुनावी मुद्दा बना लिया। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने चुनावी प्रचार के दौरान जम कर हमला बोला। बीकानेर में पीएम नरेंद्र मोदी ने जिन मुद्दों पर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरा था, उनमें भ्रष्टाचार भी प्रमुख था। पीएम मोदी ने गहलोत सरकार के करप्शन पर निशाना साधते हुए कहा था कि गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार में भी रिकॉर्ड बनाया है। वह चाहे 17 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले हों या सरकार में भ्रष्टाचार हो, अगर भ्रष्टाचार की रैंकिंग होती तो राजस्थान उसमें भी नम्बर-1 आता। भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर खदान घोटाले सहित हजारों करोड़ रुपये के घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया था। ईडी इन आरोपों की जांच कर रही है।




अब इनमें कार्रवाई होने की प्रबल संभावना है। भाजपा सांसद का आरोप था कि अशोक गहलोत सरकार ने 66 हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले किए हैं। इनमें 27 हजार करोड़ रुपये का खदान घोटाला और 20 हजार करोड़ रुपये का बजरी घोटाला शामिल है। मीणा ने जल जीवन मिशन घोटाले सहित कई घोटालों में राज्य के मंत्रियों, नौकरशाहों और विधायकों की संलिप्तता का आरोप लगाया। मीणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री गहलोत और उनके मंत्री और नौकरशाह शायद राजस्थान के इतिहास में सबसे भ्रष्ट हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में गहलोत सरकार अपनी ही पार्टी के लोगों का भी निशाना बनी। पार्टी से निकाले गए पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने आरोप लगाया था कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के मामले में कर्नाटक की 40 प्रतिशत कमीशन वाली भाजपा सरकार से आगे निकल गई है। पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री गुढ़ा ने अपने कैबिनेट सहयोगी शांति धारीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यालय से कोई भी फाइल बिना भ्रष्टाचार के मंजूर नहीं होती। गहलोत के मुखर विरोधी रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। पायलट ने पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों में पदयात्रा तक की। राजस्थान की गहलोत सरकार की तरह छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घेरने में भाजपा पीछे नहीं रही। पिछले पांच वर्षों के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। बैटिंग ऐप प्रकरण में भाजपा ने भूपेश बघेल पर आरोपी से पांच सौ करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया। ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तक की ओर से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये के भुगतान का दावा किया था। पूर्व सीएम बघेल को लेकर किए गए ईडी के इस दावे के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम रमन सिंह ने मुख्यमंत्री पर हमला बोला। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि अब तो स्पष्ट हो गया है कि महादेव एप घोटाले के 508 करोड़ रुपये सीएम भूपेश बघेल के पास आए हैं। इस प्रकरण में असीम दास को गिरफ्तार किया गया और उसकी कार से 5.37 करोड़ रुपये जब्त हुए थे। असीम दास ने सीएम भूपेश बघेल के नाम से पैसे देने की बात कही थी।

यही असीम दास महादेव ऐप का प्रमोटर भी है। कांग्रेस की गहलोत सरकार की तरह ही भूपेश बघेल सरकार पर लगे आरोपों में शराब घोटाला, ट्रांसफर घोटाला, गोबर घोटाला, ग्राम सभा सदस्य बनाने के नाम पर घोटाला, चावल घोटाला, खदान से जुड़े माल ढुलाई के काम में घोटाला के साथ ही महादेव बेटिंग ऐप जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को 2.5 साल के लिए मुख्यमंत्री बनाया था। अगले ढाई साल टीएस सिंहदेव मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। भूपेश बघेल तमाम गतिरोधों के बावजूद पूरे 5 साल मुख्यमंत्री बने रहे। टीएस सिंहदेव को आखिरी कुछ महीनों के लिए उपमुख्यमंत्री बनाकर चुप करा दिया गया। भारतीय जनता पार्टी आरोप लगाती है कि बघेल ने छत्तीसगढ़ को कॉन्ग्रेस पार्टी के लिए तिजोरी के तौर पर इस्तेमाल कराया। जिन चीजों का वादा करके वो सत्ता में आए थे, किया उसके ठीक विपरीत काम, और घोटालों पर घोटालों को अंजाम दिया। कॉन्ग्रेस पार्टी के लिए फंडिंग की और खुद को सत्ता में बनाए रखा। छत्तीसगढ़ में पीसीएस घोटाला चर्चित रहा। छत्तीसगढ़ पब्लिक सर्विस कमीशन में नेताओं और अधिकारियों के बच्चों को सीधे एंट्री मिली और उन्हें बड़े-बड़े पद भी दिए गए। प्रधानमंत्री ने भी इस घोटाले पर सवाल उठाए। मोदी ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के हजारों युवाओं ने दिन-रात पढ़ाई करके, परीक्षा पास की थी, उनको किस फॉर्मूले से बाहर निकाला गया? कॉन्ग्रेस नेताओं के बच्चों को गणित के किस फॉर्मूले से भर्ती किया गया? भूपेश बघेल ने वादा किया था कि कॉन्ग्रेस सत्ता में आएगी तो छत्तीसगढ़ में शराबबंदी करेगी। उल्टा भूपेश बघेल और उनके बेटे पर आरोप लगा कि उन्होंने कमीशनखोरी करके 2161 करोड़ रुपए का घोटाला किया। इस मामले में ईडी चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कॉन्ग्रेस सरकार पर सरकारी राशन के बंटवारे में भी घोटाले का आरोप लगा। पीडीएस व्यवस्था के तहत प्रति व्यक्ति 5 किलो धान देने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन कैग रिपोर्ट में आया है कि इसमें 600 करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई है। भूपेश बघेल सरकार पर लगभग 5000 करोड़ रुपये के चावल घोटाले के आरोप लगे। भाजपा ने भूपेश बघेल पर चावल घोटाले का आरोप लगाते हुए इस्तीफा भी मांगा था।

# महुआ मोइत्रा बनाम संसद का आहत पुरुषार्थ.....

-राकेश अचल-

पश्चिम बंगाल के श्रीकृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का संसद से बाहर किया जाना संसद के आहत पुरुषार्थ का अब तक का सबसे बड़ा उदाहरण है। महुआ की संसद सदस्यता रद्द किये जाने से लोकतंत्र पर कोई पहाड़ नहीं टूटने वाला किन्तु सत्तारूढ़ दल की इस कार्रवाई ने एक बार फिर बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर दिया है। यानि महुआ मोइत्रा अब कदाचरण की नहीं बल्कि सत्ता की प्रताड़ना की प्रतीक बन गयीं है। उनके ऊपर संसद में नगदी लेकर सवाल पूछने का आरोप था।

पचास साल की महुआ अमेरिका से अर्थशास्त्र और गणित में स्नातक है। राजनीति में आने से पहले बैंकर थी। राजनीति में उनका तजुर्बा भी संसद के रूप में ज्यादा नहीं है। वे दूसरी बार संसद के लिए चुनी गयीं लेकिन उन्होंने इन सात सालों में भी अपनी मेधा से सत्तारूढ़ दल के छक्के छुड़ाने में महारत हासिल करने के साथ ही एक अलग पहचान भी बनाई। उनके डीएनए में कांग्रेस है। युवा कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे आम आदमी का सिपाही परियोजना में राहुल गांधी की भरोसेमंदों में से एक थी। 2010 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुईं। उन्होंने अपने धारदार प्रश्नों से सत्तारूढ़ दल के पुरुषार्थ को इतना ज्यादा आहत किया कि अंततः उन्हें संसद ने ध्वनिमत से संसद से बाहर कर दिया। लेकिन वे जब संसद से बाहर आयीं तो उनके साथ समूचा विपक्ष था। महुआ मोइत्रा सांसदी गंवाने वाली अकेली या पहली सांसद नहीं है। उनसे पहले दर्जनों संसद अपनी सांसदीगंवा चुके है। कांग्रेस के शासन में भी और भाजपा के शासन में भी। लेकिन किसी की सांसदी दलबदल की वजह से छीन गयी तो किसी की सांसदी आपराधिक मामलों में दो साल से ज्यादा की सजा मिलने के बाद। लेकिन महुआ की सांसदी जिस तरीके से छीनी गयी है उसकी वजह से वे समूचे विपक्ष और देश की सहानुभूति की पात्र बन गयीं है। महुआ मोइत्रा पर एक कारोबारी के साथ अपना आधिकारिक ईमेल आईडी पासवर्ड शेयर करने का आरोप था। उनके खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा के संसद निशिकांत दुबे थे। उनके खिलाफ मामले की जांच करने वाली संसद की मयार्दा से के सदस्य भाजपा के थे और उन्हें संसद की सदस्यता के लिए अपात्र करने वाले सदस्य भी सत्तारूढ़ दल के थे।

संसद की सदस्यता किसी को उपहार में नहीं मिलती। संसद की सदस्यता पाने केलिए जनादेश हासिल करना पड़ता है इसलिए यदि किसी की सदस्यता छीनी जाती है तो ये उस जनादेश की अवमानना होती है जो उसे जनता ने दिया था, लेकिन संसद शायद ऐसा नहीं मानती और जिसे सत्ता अपनी आँख की किरकिरी मानती है उसे महुआ मोइत्रा बना देती है। महुआ मात्र एक सांसद थीं लेकिन राहुल गांधी तो एक राष्ट्रीय दल के सर्वमान्य नेता थे, सत्तारूढ़ दल ने उनकी सदस्यता भी रद्द की, गनीमत है कि वे अदालत के हस्तक्षेप से अपनी सदस्ता बहाल करने में कामयाब हुए। मुमकिन है कि महुआ भी अदालत जाएँ तो उनकी भी सदस्यता बहाल हो जाये। सत्तारूढ़ दल नहीं चाहता की महुआ मोइत्रा जैसी कोई वाचाल, प्रश्नाकुल और गणित समझने वाली कोई महिला संसद की सदस्य हो। आपको याद दिला दूँ कि महुआ पिछले सात साल से सत्तारूढ़ भाजपा को परेशानी में डालने में सबसे आगे थी। उन्होंने अनेक बहसों में शामिल होकर प्रधानमंत्री से लेकर उनके तमाम सेनापतियों के लत्ते लिए, निरुत्तर किया। भाजपा जब मैदान में तृणमूल कांग्रेस का कुछ नहीं बिगाड़ पायी तो उस्सने महुआ को निशाने पर ले लिया। भाजपा का असल गुस्सा तो बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी पर था। ममता ने भाजपा को बंगाल में हराया, प्रधानमंत्री की सभा का बहिष्कार किया और भाजपा के एजेंट बनकर काम करने वाले तत्कालीन राज्यपाल जयदीप धनकड़ को विफल किया। संसद के बाहर ममता और संसद के भीतर महुआ भाजपा के लिए मुसीबत बन गयी। आपको याद दिला दूँ कि सवाल के बदले माल (नगदी) लेने का सबसे पहला मामला 2005 में उजागर हुआ था। उस समय जिन 11 सांसदों की सदस्ता संसद की मयार्दा कमेटी की रिपोर्ट पर छीनी गयी थी, उसके ऊपर बाकायदा बहस हुई थी।

# कांग्रेस के लिए ताजा चुनावों के संकेत

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलांगना और मिजोरम समेत पांचों राज्यों की विधानसभाओं के लिए हुए चुनावों के नतीजे दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में आ गए थे। ये चुनाव 2023 में होने वाले चुनावों के अंतिम चुनाव कहे जा सकते हैं। इसके कुछ महीने बाद ही 2024 में देश की लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं। इसलिए देश की राजनीति में इनकी महत्ता ही नहीं बढ़ गई थी, बल्कि सभी राजनीतिक दलों का पारा भी जरूरत से ज्यादा चढ़ गया था। जहां तक इन चुनावों के नतीजों का सवाल है, भाजपा ने तीनों हिन्दी प्रदेशों यानी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत हासिल कर ली है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उसने कांग्रेस से सरकार छीनी है और मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बरकरार रखी है। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से भाजपा ने 163 पर जीत हासिल की। कांग्रेस के हिस्से केवल 66 सीटें आईं। राजस्थान विधानसभा की कुल 200 सीटों में से भाजपा ने 115 पर जीत हासिल की और कांग्रेस को 69 सीटें ही मिलीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों में से भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटें मिलीं। तेलंगाना विधानसभा में कुल 119 सीटें हैं। वहां अभी तक भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। कांग्रेस ने वह सरकार उससे छीन ली है। भाजपा ने 8 सीटें जीती हैं। ओवैसी का हैदराबाद और उसके आसपास थोड़ा असर लम्बे अरसे से है। उसने 7 सीटें जीती हैं। वैसे वह लम्बे अरसे से सात सीटें ही जीतता रहा है।

दक्षिण के छह राज्यों तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, केरल, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश और तेलंगाना में भाजपा का प्रभाव नहीं है, ऐसा प्रायः माना जाता है। यह किसी सीमा तक सच भी कहा जा सकता है। उत्तर, पूर्व और पश्चिम में तो भाजपा मुख्य पार्टी है, लेकिन पूर्वोत्तर व दक्षिण में उसकी पैठ नहीं है। लेकिन धीरे धीरे भाजपा दक्षिण में भी आगे बढ़ रही है, इसके पुख्ता सबूत इस चुनाव ने भी दिए हैं। कर्नाटक में तो भाजपा मुख्य पार्टी है ही। वहां अब मोटे तौर पर भाजपा व कांग्रेस ही मुख्य दल हैं। कभी सरकार भाजपा की बनती है और कभी कांग्रेस की। यही राजनीतिक पंडित मानते हैं कि कर्नाटक भाजपा के लिए दक्षिण का सिंहद्वार बनाया है। पुदुच्चेरी में भी भाजपा सरकार में भागीदार है। पिछले चुनावों में भाजपा की महिला प्रत्याशी ने वहां के जाने माने अभिनेता कमल हासन को पराजित कर सभी को चौंका दिया था। भाजपा ने अपने बलबूते पहली बार वहां चार सीटों पर जीत हासिल की थी। अब सभी का ध्यान तेलंगाना की ओर लगा हुआ था। तेलंगाना में पिछले दस साल से एक क्षेत्रीय पार्टी भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। इन चुनावों में दो प्रश्न थे। क्या तेलंगाना भी तमिलनाडु और आन्ध्रप्रदेश की तरह क्षेत्रीय राजनीति का केन्द्र बन जाएगा और राष्ट्रीय दल हाशिए पर चले जाएंगे? तेलंगाना के मुख्यमंत्री इसी प्रयास में लगे थे। लेकिन तेलंगाना के लोगों ने इसे नकार दिया। कांग्रेस ने वहां इस क्षेत्रीय दल को पराजित कर जरूरत से तीन सीटें ज्यादा हासिल कर सरकार उससे छीन ली। लेकिन भाजपा के लिए तो यहां इससे भी बड़ा सवाल था। क्या भाजपा की यह दक्षिण यात्रा जारी रहेगी या फिर तेलंगाना इसको रोक देगा? 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा यहां केवल एक सीट जीत पाई थी। उसके बाद हुए दो उपचुनावों में भाजपा ने दो सीटें और जीत लीं। पिछले साल ही मीडिया में यह चर्चा भी होने लगी थी कि भाजपा तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति को पराजित करने की हालत में पहुंच गई है। लेकिन यह शायद अतिशयोक्ति ही थी। भाजपा ने आठ सीटें और चौदह प्रतिशत वोट लेकर स्थापित कर दिया है कि उसने दक्षिण के इस राज्य में भी हाशिए से बाहर निकल कर स्वयं को प्रदेश की राजनीति के केन्द्र में स्थापित कर लिया है। कांग्रेस की सबसे बड़ी चिन्ता यही है कि पूर्व, पश्चिम और उत्तर के बाद अब भाजपा ने दक्षिण की ओर भी बढ?ना शुरू कर दिया है। अब प्रश्न मिजोरम का। मिजोरम ईसाई प्रदेश है। इसकी जनसंख्या मात्र ग्यारह लाख है जिसमें से चार लाख लोग इसकी राजधानी आईजोल में ही रहते हैं। प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 4078681 है। मिजोरम की विधानसभा में चालीस सीटें हैं। इनमें से चौदह सीटें आईजोल में ही हैं। पिछले लम्बे अरसे से वहां मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) नाम के क्षेत्रीय दल की सरकार थी। लेकिन इस बार जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जैडपीएम) नाम के दल ने उससे सत्ता छीन ली है।

# रुपये में लगातार गिरावट भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय

-नन्तू बनर्जी-

अपने हालिया 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह कुछ 'बड़े परिवारोंइ द्वारा विदेश में शादियाँ आयोजित करने की प्रवृत्ति से परेशान थे, और लोगों से भारतीय धरती पर ऐसे समारोह आयोजित करने का आग्रह किया ताकि देश का पैसा देश से बाहर न जाये।' अब शादी का सीजन भी शुरू हो गया है। कुछ व्यापारिक संगठनों का अनुमान है कि इस शादी के सीजन में करीब 5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। आप सभी को शादियों की खरीदारी करते समय भारत में बने उत्पादों को ही महत्व देना चाहिए,' प्रधानमंत्री ने कहा।

प्रधानमंत्री का विचार बिल्कुल सही है। हालांकि, सवाल यह है कि घरेलू मुद्रा रुपये के बदले खरीदी गई विदेशी मुद्रा की ऐसी फिजूलखर्ची पर सरकार कब तक मूकदर्शक बनी रहेगी? जिस तरह से देश के अमीर भारत के गरीब किसानों, छोटे पैमाने के निर्यातकों और विदेशों में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों की मेहनत की विदेशी मुद्रा को बर्बाद करने के लिए विदेशों में पैसा खर्च कर रहे हैं, वह एक तरह से पूरे देश के लिए शर्म की बात है। कुछ साल पहले ही बॉलीवुड एक्टर दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने उत्तरी इटली के लेक कोमो के नजदीक एक रिसॉर्ट में शादी की थी। पिछले साल, साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया था कि विदेशों में एक बड़ी भारतीय शादी के लिए वियतनाम का फुक्वोक अरबपति की पसंद क्यों है।

शायद, अब समय आ गया है कि धनाढ्य भारतीयों द्वारा मौज-मस्ती और मनोरंजन के लिए विदेशी खर्च पर अंकुश लगाया जाये ताकि रुपये के मूल्य को आंशिक रूप से संरक्षित किया जा सके, जिसमें तब से लगातार गिरावट देखी जा रही है जब से सरकार ने विदेशी यात्रा खर्च नियमों में भारी ढील देने का फैसला किया है। 1980 के दशक के मध्य तक, विदेश जाने वाले भारतीय पर्यटकों को अधिकतम 500 अमेरिकी डॉलर की अनुमति थी, जब एक अमेरिकी डॉलर का विनिमय मूल्य केवल आठ रुपये के आसपास था। भारत के हजारों हज यात्रियों को उनकी महीने भर की हज यात्रा के दौरान सऊदी अरब में खर्च करने के लिए प्रत्येक को 300 डॉलर दिए गये थे। उन्होंने बॉम्बे बंदरगाह से जेद्दा तक जाने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले मुगल लाइन जहाजों का इस्तेमाल किया। उन दिनों, अधिक कमाई करने वाले बॉलीवुड फिल्म आइकन भी खुशी-खुशी अपने विवाह समारोह घर पर आयोजित करते थे।

अंधाधुंध विदेशी खर्च और घरेलू साज-सज्जा सहित विलासिता की वस्तुओं के बढ़ते आयात के कारण, इस सदी की शुरूआत से ही भारतीय मुद्रा का मूल्य नीचे की ओर बढ़ रहा है। रुपये का मूल्य लगभग हर हफ्ते या हर महीने गिर रहा है। मई 2004 में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 45.32 रुपये थी। 2014 में वर्तमान सरकार के सत्ता में आने पर यह 62.33 रुपये तक पहुंच गया। मई 2014 और अब के बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का विनिमय मूल्य 21 पायदान गिरकर 83.32 रुपये पर आ गया है। भारतीयों द्वारा रुपये के बदले में विदेशी धन की अंधाधुंध फिजूलखर्ची भारतीय मुद्रा के मूल्य में निरंतर गिरावट का एकमात्र कारण नहीं है, इसके अलावा कई अन्य कारण भी हैं। फिर उन सभी को सरकार द्वारा उचित रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है। सरकार रुपये के मूल्य की रक्षा के लिए पहल की कमी कर रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, भारतीयों ने अकेले दिसंबर 2022 में यात्रा पर 1137 मिलियन डॉलर खर्च किये। इससे अप्रैल और दिसंबर 2022 के बीच सीमा पार छुट्टियों पर कुल खर्च 9947 मिलियन डॉलर या लगभग 10 अरब डॉलर हो गया। ऐसे देश के लिए जहां 800 मिलियन गरीबों को हर साल सरकार द्वारा मुफ्त अनाज दिया जाता है, यह आश्चर्यजनक लग सकता है। अमीर भारतीयों द्वारा साल-दर-साल बड़े पैमाने पर सोने के आयात का मामला भी ऐसा ही है। सोने की मांग और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं क्योंकि अमीरों का भारत की कागजी मुद्रा के मूल्य में विश्वास खो रहा है। 2022-23 में, भारतीयों ने $35 अरब का सोना आयात किया। चांदी के आयात का मूल्य $5.29 अरब था। यह उस समय था जब देश में $267 अरब का व्यापार घाटा देखा गया था। चिंता की बात है कि वार्षिक व्यापार घाटा बढ़ रहा है, और भारतीय मुद्रा के मूल्य को कमजोर कर रहा है।

भारत के मेहनतकश किसानों और प्रवासी श्रमिकों की विदेशी मुद्रा आय देश के अमीरों द्वारा किये जाने वाले विदेशी खर्च का भुगतान कर रही है। 2022-23 में, भारत का कृषि निर्यात 53.2 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने पिछले साल रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भारत भेजा। विश्व बैंक के नवीनतम प्रवासन और विकास आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2022 में देश में विदेशी मुद्रा प्रेषण में 24 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की और यह रिकॉर्ड $111 अरब तक पहुंच गया। हालांकि, विश्व बैंक ने भविष्यवाणी की कि भारत 2023 में केवल 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। जुलाई 2022 तक, भारत से 1.3 मिलियन लोग काम करने के लिए पलायन कर गये। मापी गई समय अवधि के दौरान संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब ने सबसे अधिक संख्या में भारतीय श्रमिकों की मेजबानी की।

रुपये की लगातार गिरावट में योगदान देने वाले कई कारक हैं। भारतीय अमीरों द्वारा विदेशी मुद्रा की फिजूलखर्ची उनमें से एक है। अन्य में मुद्रास्फीति, मुद्रास्फीति से असंबद्ध ब्याज दर, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और भुगतान का घाटा संतुलन, उच्च विदेशी ऋण, राजकोषीय घाटा और सरकारी उधार शामिल हैं। मुद्रास्फीति, अंतर अनुमानित दरें और विदेशी विनिमय दरें सहसंबद्ध हैं। इनमें से प्रत्येक कारक दूसरे को प्रभावित कर सकता है। जबकि कम मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दर किसी देश में विदेशी फंड को आकर्षित कर सकती है, इसकी विनिमय दर को मजबूत कर सकती है, उच्च मुद्रास्फीति और नियंत्रित ब्याज दर स्थानीय मुद्रा के मूल्य को नीचे ला सकती है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# जीएसटी के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी

## बी2सी ट्रांजेक्शन पर ई-बिल का नियम सभी कारोबारियों पर होगा लागू




**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार अगले दो से तीन साल में जीएसटी के नियमों में बड़ा बदलाव करने वाली है। सभी बिजनेस के लिए बिजनेस टू कस्टमर बी2सी ट्रांजैक्शन के लिए अगले दो से तीन साल में ई-बिल यानी इलेक्ट्रॉनिक बिल जरूरी हो जाएगा। फिलहाल पांच करोड़ रुपए या उससे अधिक के टर्नओवर वाले बिजनेस को लिए ही ई-बिल अनिवार्य है, मगर अब सरकार नियमों में बदलाव करके इसे सभी बिजनेस को लिए लागू करने की तैयारी में है। सरकार जीएसटी सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

सीबीआईसी यानी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य जीएसटी शशांक प्रिया ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिजनेस टू कंज्यूमर ट्रांजैक्शन को ई-बिल में लाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। इसके लिए काम चल रहा है और सिस्टम को जल्द तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि किस क्षेत्र में इस नियम को सबसे पहले लागू किया जा सकता हैण् इसके साथ ही कई ऐसे बिजनेस को चिन्हित किया जा रहा है जो 5 से 10 करोड़ रुपए का कारोबार करने के बावजूद भी ई-वॉइस जनरेट नहीं कर रहे है। ऐसे में विभाग नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई और अंकुश लगाने की तैयारी में है।

### ई.-बिल के दायरे का हो रहा विस्तार

गौरतलब है कि जीएसटी के ई-बिल के दायरे को सरकार धीरे-धीरे बढ़ा रही है। एक अक्टूबर 2020 से 500 करोड़ रुपए से अधिक के टर्नओवर वाले बिजनेस के लिए ई-बिल अनिवार्य किया गया था। वहीं एक जनवरी 2021 को 100 करोड़ रुपए से अधिक टर्नओवर वाले बिजनेस को ई-बिल के दायरे में लाया गया है। एक अप्रैल 2021 से 50 करोड़ रुपए और एक अप्रैल 2022 से 20 करोड़ रुपए के बिजनेस के लिए ई-बिल अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं एक अक्टूबर 2022 से 10 करोड़ और 1 अगस्त 2023 से 5 करोड़ रुपए के बिजनेस को लिए ई-बिल जनरेट करना जरूरी हो चुका है। ऐसे में 5 या उससे अधिक टर्नओवर वाले बिजनेस ऐसा करने में नाकाम रहते हैं तो उन पर जीएसटी विभाग कार्रवाई करेगा।

## विकास के वैश्विक एजेंडे में समावेशन होना चाहिए : वित्तमंत्री सीतारमण



वित्त मंत्री सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि विकास के वैश्विक एजेंडे में समावेशन को प्रमुखता से शामिल जाना चाहिए और ग्लोबल साउथ में व्यापक समावेशन के मुद्दों को सुना जाना चाहिए और उन्हें अगले विकास इंजन के रूप में उभरने का मौका दिया जाना चाहिए। श्रीमती सीतारमण कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक देश का एक एजेंडा होगा जो उसकी आवश्यकताओं के लिए विशिष्ट है, लेकिन कोविड-19 और तीन युद्धों के कारण हुए व्यवधान के बाद सभी की आवाजों को सुना चाहिए और ग्लोबल साउथ में व्यापक समावेशन के मुद्दों को भी सुना जाना चाहिए और उन्हें अगले विकास इंजन के रूप में उभरने के लिए मदद की जानी चाहिए। ऊर्जा के महत्व पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ऊर्जा को पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संक्रमणकालीन ऊर्जा एक बड़ी चुनौती है जबकि खुद को हरित ऊर्जा की ओर ले जाना भी दूसरी चुनौती है। फिर भी, भारत अनुकूल नीतियों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र विशेषकर सौर ऊर्जा की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन ग्रिड कनेक्टिविटी पर एक बड़ी पहल है। उन्होंने विश्व स्तर पर जुड़े ग्रिड की वकालत की जो दुनिया में कहीं से भी सौर ऊर्जा प्राप्त करेगा।

# अजियो बिग बोल्ड सेल का ऐलान




**बैंगलुरु।** फैशन ई-टेलर अजियो ने 7 दिसंबर से शुरू होने जा रही अपनी प्रमुख ईवेंट बिग बोल्ड सेल का ऐलान कर दिया, जो एडिडास द्वारा संचालित और सुपरड्राई द्वारा सह-संचालित है। ग्राहकों को इस सेल में 4 दिसंबर से ही शुरुआती पहुंच प्रदान कर दी गई थी। बिग बोल्ड सेल बीबीएस के अब तक के सबसे बड़े संस्करण में ग्राहक 1.6 मिलियन से ज्यादा क्यूरेटेड फैशन स्टायल पेश करने वाले लगभग 5500 ब्रांडों की चीजें खरीद सकते हैं, जो शॉपिंग का एक बेमिसाल अनुभव प्रदान करेगा। बीबीएस में पूरे भारत के 19000 से ज्यादा पिन कोड्स पर मौजूद ग्राहक फैशन, लाइफ स्टायल, होम एंड डेकोर, जूलरी, ब्यूटी एंड पर्सनल केयर जैसी कई श्रेणियों में मिलने वाली बेहतरीन डील और ऑफर्स के साथ इक्सक्लूसिव अंतरराष्ट्रीय ब्रांड, स्वामित्व वाले लेबल तथा घरेलू ब्रांडों के विशाल संकलन में से खरीदारी करते नजर आएंगे। ग्राहक भारी बचत कर सकते हैं तथा आईसीआईसीआई क्रेडट और डेबिट कार्ड का उपयोग करके 10 फीसदी तक की तत्काल छूट पाने के अलावा शीर्ष ब्रांडों एवं श्रेणियों में 50-90 फीसदी तक की छूट हासिल कर सकते हैं। एडिडास, सुपरड्राई, नाइकी, प्यूमा, जीएपी, एसिक्स, यूएसपीए, न्यू बैलेंस, अंडर आर्मर, स्टीव मैडेन, टॉमी हिलफिगर, डीजल, केल्विन क्लीन, माइकल कोर्स, बॉस, लेवीज, मार्क्स एंड स्पेंसर, अरमानी एक्सचेंज, रितु कुमार, एमयूजीआइ, एसएएम, बुडा जीन्स कंपनी, फायरे रोज, पोर्टिको, कैसियो, लैक्मे, मेबेलिन जैसे कई अन्य ब्रांडों की खरीद पर रोमांचक डील उपलब्ध हैं। अजियो के सीईओ विनीत नायर ने कहा, बिग बोल्ड सेल एक ऐसी बेहद लोकप्रिय ईवेंट रही है, जिसके हर संस्करण का ग्राहक बड़ी उत्सुकता और बेसब्री से इंतजार करते हैं। शॉपिंग के लिए शुरुआती प्रवेश देने के बाद से हम बीएयू की तुलना में 40 फीसदी की ऑर्डर वृद्धि पहले ही दर्ज कर चुके हैं। सबसे बड़े ब्रांडों और सबसे शानदार पेशकशों के जरिए इस शॉपिंग सीजन में ग्राहकों को निहाल कर देना हमारा लक्ष्य है। श्रद्धा कपूर इस बार अपने पिता शक्ति कपूर के साथ लॉन्च की कैम्पेन फिल्म में लौटी हैं।

### एसएमई कंपनियों की बाजार पूंजी एक लाख करोड़ रुपए पार

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ रुपए का बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा पार कर लिया है। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। 397 कंपनियां 7800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं। वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्सए जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78 फीसदी का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, लाख करोड़ रुपए बाजार पूंजीकरण को पार करना महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# टाटा पावर की बाजार पूंजी एक लाख करोड़ रुपए पार

## टाटा ग्रुप की छठी कंपनी बनी, शेयर ने नया हाई बनाया




**मुंबई (एजेंसी)।** टाटा पावर लिमिटेड एक लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप को पार करने वाली टाटा ग्रुप की छठी कंपनी बन गई है। गुरुवार को टाटा पावर का शेयर 11.03 फीसदी की तेजी के साथ 326.60 रुपए के ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी की बाजार पूंजी बढ़कर 1.04 लाख करोड़ रुपए के पार हो गया है।

कारोबार के दौरान टाटा पावर के शेयर ने 332.15 रुपए का 52 वीक हाई भी बनाया था। पिछले छह महीनों में टाटा पावर का स्टॉक 48.02 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है। वहीं पिछले एक महीने में यह करीब 28.10 फीसदी बढ़ा है। टाटा पावर ने 2023 में 54.17 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं पिछले एक साल में कंपनी का शेयर 45.12 फीसदी चढ़ा है। इससे पहले शुक्रवार को ट्रेंट लिमिटेड एक लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की 5वीं कंपनी बनी थी। टाटा पावर और ट्रेंट के अलावा टाटा ग्रुप की एक लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली अन्य कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस, टाइटन, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील है।

**बाजारी पूंजीकरण के मामले में टॉप-5 कंपनियां**

| कंपनी | बाजार पूंजी |
|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 16.63 |
| टीसीएस | 13.24 |
| एचडीएफसी बैंक | 12.38 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 7.01 |
| इंफोसिस | 6.08 |

बाजार पूंजी लाख करोड़ रुपए में

# फिल्म एनिमल और डा. ऑर्थो में भागीदारी




**चंडीगढ़।** संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' एक्शन, थ्रिलर, इमोशन और रोमांस से भरपूर फिल्म है। जिसमें रणबीर कपूर (रणविजय सिंह), रश्मिका मंदाना (गीतांजलि), अनिल कपूर (बलबीर सिंह) और बॉबी देओल (विराज सुर्वे) के साथ-साथ शक्ति कपूर अहम भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी एक पिता और पुत्र के रिश्ते की है। इसी बीच बलबीर पर एक मुसीबत आती है जिसका असर पिता-पुत्र के रिश्ते पर भी होता है। लाईफ के उतार-चढ़ाव में काफी एक्शन भी होगा, जो कि फिल्म देखने पर ही दिखेगा। फिल्म के कामयाब होने की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ एंटरप्रन्योर और इंवेस्टर डा. संजीव जुनेजा ने बताया कि पिता-पुत्र के बनते-बिगड़ते रिश्तों के बीच कैसे एक पुत्र अपने पिता की केयर करता है, उसी को लेकर उन्होंने अपने आयुर्वेदिक ब्रांड डा. ऑर्थो की फिल्म एनिमल से कोब्रांडिंग की। डा. ऑर्थो और फिल्म एनिमल की कोब्रांडिंग के दौरान डा. ऑर्थो के बारे में बोलते हुए रणबीर कपूर कहते हैं किसी भी के पिता उनके हीरो होते हैं, इसलिए बच्चों को उनके दर्द का सामना मिलकर ही करना होता है जैसे डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक ऑयल लड़ता है जोड़ों के तरह के हर दर्द से। दिविसा हर्बल कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि हमारा प्रोडक्ट डा. ऑर्थो लोगों की उम्मीदों पर इतना खरा उतरा है कि आज भारतवर्ष में लगभग हर घर में डा. ऑर्थो का कोई न कोई प्रोडक्ट मौजूद है, जोकि उनके लिए गर्व की बात है। डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल बहुमूल्य आठ गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों के योग से निर्मित है व जोड़ों के दर्द की सबसे प्रसिद्ध औषधि है। इतना ही नहीं अब, डा. ऑर्थो कैप्सूल, आइंटमेंट, स्प्रे, बाम, स्ट्रांग ऑयल, प्रीमियम क्वालिटी के नी कैप, बैकस्पोर्ट, पोष्चर कोरक्टर, एंकल बाइंडर, प्रीमियम सर्वाइकल पिल्लो आदि भी बाजार में उपलब्ध है।

# शेयर बाजार की सात दिन की तेजी थमी

## सेंसेक्स 132 अंक उतरा

**मुंबई।** विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और धातु समेत छह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाज़ार के पिछले लगातार सात दिन की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 132.04 अंक उतरकर 69,521.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.55 अंक टूटकर 20,901.15 अंक रह गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 35,347.59 अंक और स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत चढ़कर 41,287.95 अंक पर पहुंच गया। बीएसई के छह समूहों में बिकवाली जबकि शेष में लिवली हुई।



### पहली बार 350 लाख करोड़ रुपए के पार मार्केट कैप

शेयर बाजार की गुरुवार को गिरावट पर क्लोजिंग हुई है लेकिन बीएसई पर कंपनियों के मार्केट कैप ने ऐतिहासिक लेवल छू लिया है। बीएसई का मार्केट कैप पहली बार 350 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है। बीएसई एम-कैप 348.98 लाख करोड़ रुपए पर था। बीएसई पर स्थित कंपनियों का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण गुरुवार को 35017242.96 करोड़ रुपए का रहा है।

#### आरबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

# यूपी के को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। यह उत्तर प्रदेश में सीतापुर बेस्ड बैंक है। आरबीआई के इस एक्शन के साथ ही अब अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को अपना कामकाज बंद करना होगा। बैंक 7 दिसंबर से कारोबार बंद होने के साथ ही अपना बैंकिंग बिजनस बंद कर देगा। को-ऑपरेटिव उत्तर प्रदेश के कमिश्नर और रजिस्ट्रार से अनुरोध किया गया है कि वे बैंक को बंद करने और एक लिक्विडेटर नियुक्त करने के लिए आदेश जारी करें।

आरबीआई ने पाया कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और ना ही कमाई की संभावना है। इस प्रकार यह बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धाराओं का अनुपालन नहीं करता है। यह बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धाराओं का अनुपालन करने में विफल रहा है। आरबीआई ने कहा कि बैंक का जारी रहना उसके जमाकर्ताओं के हितों के लिए अच्छा नहीं है। बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को पूरा भुगतान करने में असमर्थ होगा। यदि बैंक को अपना बैंकिंग व्यवसाय आगे बढ़ाने की अनुमति दी जाती है, तो जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। लाइसेंस रद्द होने के साथ ही अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड सीतापुर को बैंकिंग व्यवसाय करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# जीवन बीमा कंपनियों के प्रीमियम में गिरावट

## एलआईसी का प्रीमियम 32.86 प्रतिशत घटकर 16134.55 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** नवंबर 2023 में जीवन बीमा कंपनियों के नए बिजनेस प्रीमियम में साल-दर-साल 25.28 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी और प्राइवेट बीमा कंपनियों दोनों के प्रीमियम में गिरावट देखी गई। जीवन बीमा काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि जीवन बीमा इंडस्ट्री ने नवंबर 2023 में 26494.83 करोड़ रुपए का प्रीमियम कमाया, जो कि एक साल पहले की अवधि में दर्ज 34588.8 करोड़ रुपए से 25.28 प्रतिशत कम है। जहां प्राइवेट बीमा कंपनियों का प्रीमियम सालाना आधार पर 9.33 प्रतिशत घटकर 11426.73 करोड़ रुपए से 10360.29 करोड़ रुपए हो गया, वहीं एलआईसी का प्रीमियम 24032.07 करोड़ रुपए से 32.86 प्रतिशत गिरकर 16134.55 करोड़ रुपए हो गया। प्राइवेट बीमा कंपनियों में सबसे बड़ी प्राइवेट बीमा कंपनी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने प्रीमियम में 9.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2381.73 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस में साल-दर-साल 20.70 फीसदी की गिरावट के साथ 2159.73 करोड़ रुपए रह गई। एलआईसी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस के अलावा अन्य दो लिस्टेड जीवन बीमा कंपनियों आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने साल-दर-साल 2.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और 1290.95 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जबकि मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने 7.91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और 748.76 करोड़ तक पहुंच गई।

# चीनी के जूस से एथेनॉल बनाने पर सरकार ने लगाई रोक

## कीमतों पर नकेल कसने के लिए लिया फैसला




**नई दिल्ली।** देश में चीनी की कीमतों में उछाल और गन्ने के उत्पादन में गिरावट के बाद सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने गन्ने के जून से एथेनॉल बनाने पर रोक लगाने का फैसला किया है।

इस फैसले को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इस फैसले के बाद ये माना जा रहा है कि घरेलू बाजार में चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। उपभोक्ता मामलों और खाद्य आपूर्ति मंत्रालय ने ये आदेश जारी करते हुए कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन डिपार्टमेंट देश में चीनी के उत्पादन, बिक्री और चीनी की उपलब्धता को मॉनिटर करता है जिससे देश में स्थिर कीमत पर चीनी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सके। अपने अधिकारों के तहत मंत्रालय ने चीनी मिलों और डिस्टिलरीज को ये आदेश दिया है वे 2023-24 के दौरान चीनी के जूस या सिरप का इस्तेमाल एथेनॉल बनाने के लिए नहीं करेंगे। ये आदेश फौरी तौर पर लागू हो चुका है, लेकिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की ओर से बी-हेवी मोलासेज से एथेनॉल सप्लाई के लिए मिले आर्डर के लिए एथेनॉल की सप्लाई जारी रहेगी। मंत्रालय ने पेट्रोलियम मंत्रालय को भी इस फैसले की जानकारी दे दी है। जैसे ये खबरें आने लगी कि भारत सरकार चीनी से एथेनॉल बनाने पर रोक लगा सकती है उसके बाद इंटरनेशनल मार्केट में न्यूयार्क के एक्सचेंज में चीनी के फ्यूचर रेट में करीब आठ फीसदी की गिरावट आई है। वहीं ये माना जा रहा है कि इस फैसले का असर घरेलू बाजार में भी देखने को मिल सकता है। चीनी की कीमतों में कमी आ सकती है।

### एलआईसी का शेयर 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** पब्लिक सेक्टर की भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी का शेयर 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंचने के साथ कंपनी का मार्केट कैप गुरुवार को पांच लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया। बीएसई में एलआईसी का शेयर 5.34 प्रतिशत चढ़कर 785.50 रुपए पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में शेयर 5.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 785.15 रुपए रहा। एलआईसी का शेयर गुरुवार की तेजी के साथ इस सप्ताह 19 प्रतिशत और चढ़ा है। इसके साथ यह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है। कारोबार के दौरान एलआईसी का शेयर एनएसई में 52 सप्ताह के उच्चस्तर 800 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया था।

### गो फर्स्ट विमानों को दोबारा नहीं खरीद पा रहे पट्टेदार

**नई दिल्ली।** विमान मैन्युफैक्चरर्स और पट्टेदारों के वैश्विक विमानन समूह एविएशन वर्किंग ग्रुप एडब्ल्यूजी ने गुरुवार को भारत की रेटिंग पॉजिटिव से घटाकर निगेटिव कर दी। इस ब्लोबल ग्रुप ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि गो फर्स्ट द्वारा दिवालिया याचिका दायर किए सात महीने से ज्यादा हो गए लेकिन कोई भी पट्टेदार गो फर्स्ट से अपने विमान वापस नहीं ले पाए हैं। लीजिंग की लागत भारतीय एयरलाइंस के लिए एक प्रमुख खर्च है। एडब्ल्यूजी के डाउनग्रेड के साथए यह संभव है कि लीजर्स भारतीय कैरियर्स के लिए एयरक्रॉफिट लीजिंग की दरों में बढ़ोतरी करेंगे।




# दो दिन की गिरावट के बाद सोने में मामूली तेजी, चांदी में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय सरार्फा बाजारों में लगातार दो दिन की कमजोरी के बाद आज सोने की कीमत में मामूली तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चांदी आज लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है।

आज की तेजी के बावजूद चेन्नई को छोड़ कर देश के दूसरे सभी सरार्फा बाजारों में सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे ही कारोबार कर रहा है। सोने के भाव में मामूली सुधार के बावजूद दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी आज 100 रुपये लुढ़क कर 78,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,6000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में मामूली तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत में निर्मित होंगे 50 अरब डॉलर के मोबाइल फोन

## निर्यात में भी टूटेगा रिकॉर्ड : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि चालू वित्त वर्ष यानी वित्त वर्ष 2024 में 50 अरब डॉलर की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग होगी और इस कैटेगरी से करीब 15 अरब डॉलर का निर्यात भी किया जाएगा। मीडिया से बातचीत करते समय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोबाइल फोन अब भारत से चौथी सबसे बड़ी निर्यात कैटेगरी बन गई है। इसका मतलब यह है कि भारत से निर्यात की जाने वाली कैटेगरीज में मोबाइल फोन का एक्सपोर्ट चौथे नंबर पर आता है। उन्होंने कहा, आने वाले 2 सालों में मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स टॉप एक्सपोर्ट की लिस्ट में दूसरे या तीसरे रैंक पर पहुंच जाएगा। बता दें कि वर्तमान में प्रोसेस्ड पेट्रोलियम, हीरा, आयरन, स्टील और फार्मास्युटिकल्स ऐसे सेक्टर हैं जो मोबाइल फोन के अलावा टॉप-5 की लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। वाणिज्य विभाग के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर 2022 से भारत एक अरब डॉलर से ज्यादा के स्मार्टफोन निर्यात कर रहा है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले छह महीनों में स्मार्टफोन निर्यात 6.53 अरब डॉलर रहा, जबकि पूरे वित्त वर्ष 23 में यह 10.95 अरब डॉलर का रहा। बता दें कि यह दो महीने पहले यानी अक्टूबर तक का डेटा है। स्मार्टफोन निर्यात का एक बड़ा हिस्सा ऐपल इंडिया के प्रदर्शन से जुड़ा हुआ है, जो सभी स्मार्टफोन निर्यात का 62 प्रतिशत हिस्सा है। इंडस्ट्री और सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 के अप्रैल-अक्टूबर में ऐपल ने भारत में अपने तीन वेंडर्स के माध्यम से 5 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात किया था। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2024 में देश से इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 15.77 अरब डॉलर रहा। पिछले साल यह 28 अरब डॉलर था।

### मेक इन इंडिया से मिल रही सफलता

वैष्णव ने कहा कि स्मार्टफोन निर्यात की तेज बढ़ोतरी से पता चलता है कि भारत की एक्सपोर्ट कैटेगरी किस तरह से फैल रही है। सरकार की मेक इन इंडिया पहल की सफलता पर फोकस करते हुए वैष्णव ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह सफल हो गया है। उन्होंने कहा, देश की अर्थव्यवस्था एक बड़े मोड़ पर है। भारत उस पॉइंट पर पहुंच गया है, जहां हम जल्द ही 1 ट्रिलियन डॉलर यानी 1 लाख करोड़ का निर्यात करने के लिए तैयार हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2023 में भारत का कुल निर्यात 775.7 अरब डॉलर था, जिसमें व्यापारिक निर्यात 450.4 अरब डॉलर था, जबकि सर्विसेज का निर्यात 325.4 अरब डॉलर था।

### क्लैट 2024 परीक्षा आसान से मध्यम रही

**नई दिल्ली।** कानून के उम्मीदवारों को परीक्षा के बाद अवसरों का पता लगाने में मदद करने के लिए लीगलएज लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स वन टू वन काउंसलिंग सत्र ला रहा है। क्लैट 2024 में 120 प्रश्नों के साथ एक अद्यतन परीक्षा पैटर्न था और संशोधित पेपर पैटर्न ने अनिश्चितता के बादल पैदा कर दिए थे, हालांकि सभी की उम्मीदों के विपरीत क्लैट 2024 का पेपर आसान से मध्यम था। लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स जबलपुर केंद्र के प्रमुख प्रभाकर जैन ने कहा, इच्छुक कानून छात्रों को क्लैट के बाद के परिदृश्य को समझने और पिछले वर्ष के परीक्षा रुझानों की समीक्षा करने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए हम 11 दिसंबर 2023 को शाम 4 बजे क्लैट 2024 के बाद क्या होगा शीर्षक से एक परामर्श सत्र आयोजित करेंगे। इसके लिए छात्र लीगलएज जबलपुर केंद्र विजयनगर में आ सकते हैं। यह वन टू वन सत्र अभ्यर्थियों को क्लैट 2024 परीक्षा के बाद उनके विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन करेगा।

### व्हाट्सएप का मानने से पहले जांच ले कैंपेन शुरू

**मुंबई।** व्हाट्सएप ने हालही में इंटीग्रेटेड सेफ्टी कैंपेन मानने से पहले जांच ले लॉन्च किया है, जिसका प्रयास इस प्लेटफॉर्म की सुरक्षा सुविधाओं के बारे में यूजर्स को जागरूक करना और डिजिटल की सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह कैंपेन सिर्फ व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना के प्रसार को रोकने में मदद ही नहीं करता है, बल्कि यह यूजर्स को अपने मैसेजिंग अनुभव पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम भी बनाता है। महीने भर चलने वाला यह कैंपेन व्हाट्सएप की इन-बिल्ट प्रोडक्ट सुविधाओं और सेफ्टी टूल्स को उजागर करता है, जिसमें ब्लॉक, रिपोर्ट और फॉरवर्ड लेबल्स शामिल हैं। ये न सिर्फ यूजर्स को गलत सूचना की पहचान करने और इसके आगे प्रसार को रोकने में सक्षम बनाते हैं, बल्कि यूजर्स को संदिग्ध या गलत लगनेवाली जानकारी को वैरिफाई करने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं।

# अंडर 19 एशिया कप 2023 में भारत का जीत के साथ आगाज, अर्शिन कुलकर्णी का बेहतरीन प्रदर्शन

**मुंबई (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल अंडर 19 मेंस एशिया कप 2023 का आगाज हो चुका है। वहीं इस आगाज के साथ ही भारत की जीत भी हुई है। दरअसल, भारत ने अपने पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया है। जबकि पाकिस्तान ने भी नेपाल को सात विकेट से ही हराया।

भारत की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने अपने ऑलराउंडर खेल से सबका दिल जीत लिया। अर्शिन ने पहले गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में महज 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए और फिर बैटिंग के दौरान नॉचआउट 70 रनों की पारी खेली। उनके ऑलराउंडर खेल ने सबका दिल जीत लिया। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान को 50 ओवर में 173 रनों पर समेट दिया। अफगानिस्तान की ओर से जमशिद जदरान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जवाब में भारत ने 37.3 ओवर में ही तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

अर्शिन 70 जबकि मुशीर खान 48 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत ने 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 76 रनों तक तीन विकेट गंवा दिए थे। आदर्श सिंह 17 रन बनाकर आउट हुए थे। अर्शिन हालांकि, एक छोर संभाले रखे। रुद्र पटेल के रूप में भारतीय टीम को दूसरा झटका लगा था, जबकि कप्तान उदय सहारन भारत की ओर से आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे।

ऐसा लग रहा था कि अफगानिस्तान की टीम कुछ उलटफेर कर सकती है, लेकिन अर्शिन और मुशीर ने इसके बाद काफी सूझबूझ से बैटिंग की और भारत को एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप के पहले मैच में जीत दिलाई।




# शेन वॉटसन बने क्वेटा ग्लेडियेटर्स के मुख्य कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन क्वेटा ग्लेडियेटर्स के मुख्य कोच बन गए हैं। जानकारी के अनुसार वह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी संस्करण के लिए क्वेटा ग्लेडियेटर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा कर दी है। घोषणा में टूर्नामेंट के उद्घाटन के बाद से ग्लेडियेटर्स का पहला कोच परिवर्तन देखा गया, क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोइन खान, जिन्होंने आठ साल तक कोच के रूप में कार्य किया, को टीम निदेशक की भूमिका में पदोन्नत किया गया। टीम के मालिक नदीम उमर ने टीम के सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा कि शेन संन्यास लेने से पहले देश की प्रीमियर लीग के शुरुआती सीज़न में क्वेटा ग्लेडियेटर्स की सफलता का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और टीम को प्रशिक्षित करने और उन गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए उनसे बेहतर कोई विकल्प नहीं है जिनके लिए हम प्रसिद्ध हैं।

गौरतलब है कि वॉटसन का ऑस्ट्रेलिया के लिए एक ऑलराउंडर के रूप में शानदार करियर रहा है, उन्होंने टीम के हिस्से के रूप में 2007 और 2015 में विश्व कप जीता था। 42 वर्षीय वॉटसन ने 2020 में सभी क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह 2022 में अपने पूर्व ऑस्ट्रेलिया टीम के साथी रिकी पोंटिंग के साथ सहायक कोच के रूप में आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए। इस साल की शुरुआत में, उन्हें मेजर लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। ग्लेडियेटर्स अपने पहले चार संस्करणों के दौरान पीएसएल की सबसे लगातार फ्रेंचाइजी थी, जब वे तीन बार फाइनल में पहुंचे, और 2019 में खिताब भी हासिल किया है।

## वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की पिच को औसत करार दिया गया, आईसीसी ने दी चौंकाने वाली रेटिंग

**मुंबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की उस पिच को औसत करार दिया है जिस पर 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे विश्व कप का फाइनल खेला गया था। आईसीसी मैच रेफरी और जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज एंडी पाइक्रॉफ्ट ने हालांकि मैदान की आउटफील्ड को बहुत अच्छा करार दिया। जिस पिच पर फाइनल खेला गया वह काफी धीमी थी। ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर खिताब जीता था। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में केवल 240 रन बना पाई। ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 120 गेंद पर 137 रन की लाजवाब पारी खेली। भारत लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः कोलकाता, लखनऊ, अहमदाबाद और चेन्नई की जिन पिचों पर खेला था, आईसीसी ने उन्हें भी औसत करार दिया है।। भारत ने सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम कि जिस पिच पर न्यूजीलैंड का सामना किया था, आईसीसी ने उसे 'अच्छी' रेटिंग दी है। इस मैच से पहले हालांकि मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि कि भारत ने पिच बदलवा दी थी और यह मैच नई पिच के बजाय पहले इस्तेमाल की गई पिच पर खेला गया था। आईसीसी ने कोलकाता के ईडन गार्डंस की उस पिच को भी औसत करार दिया है जिस पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला गया था। इस कम स्कोर वाले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 49.4 ओवर में 212 रन पर समेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद 47.2 ओवर में सात विकेट होकर लक्ष्य हासिल किया था।

# महिला क्रिकेट टीम के लिए इंग्लैंड के खिलाफ आज करो या मरो का मुकाबला

**मुंबई (एजेंसी)।** पहले मैच में हार से आहत भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में बने रहना हैं, तब इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करके 38 रन से जीत दर्ज की और इस तरह से भारत पर दबदबा बनाए रखा। इंग्लैंड की यह भारत के खिलाफ 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 21वीं और भारतीय धरती पर 10 मैच में आठवीं जीत थी।

भारतीय टीम पहले मैच में परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल नहीं बिठा सकी थी और इसके अलावा टीम ने कुछ गलतियां भी की थी जिससे यह मैच एकतरफा बन गया था। सपाट पिच पर गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल रही थी तथा भारत ने चार स्पिनरों का उपयोग किया जिन्होंने कुल मिलाकर 12 ओवर में 121 रन लुटाए। भारत ने बाएं हाथ की दो स्पिनर श्रेयंका पाटिल और सैका इशाक को पदार्पण का मौका दिया लेकिन इन दोनों का अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था और वे महंगे साबित हुए। यहां तक की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा भी प्रभावित नहीं कर पाई और



उन्होंने अपने कोटे के पूरे चार ओवर भी नहीं किए।

भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा तथा इंग्लैंड की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने वाली डैनी वाट और नेट साइवर ब्रंट दोनों को जीवनदान मिले, जो भारतीय टीम को महंगे पड़े। भारत की तरफ से गेंदबाजी में केवल तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के पहले ओवर में ही दो विकेट निकालकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई और उसने इंग्लैंड को वापसी का मौका दिया।

## संजय बांगड़ की आईपीएल में वापसी, पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख के तौर पर हुई वापसी

मुंबई ।पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास



प्रमुख नियुक्त किया। पूर्व भारतीय आल राउंडर 2014 में फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे जब टीम उप विजेता रही थी। अगले दो सत्र में वह मुख्य कोच थे जब टीम तालिका में निचले स्थान पर रही थी। बांगड़ ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''फिर से पंजाब किंग्स के साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' बांगड़ टीम के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस के साथ मिलकर काम करेंगे और दोनों 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए योजना बनायेंगे। बांगड़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बल्लेबाजी सलाहकार थे जिसके बाद अगले दो साल के लिए उन्हें टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर दिया गया। पंजाब किंग्स ने पांच खिलाड़ियों को रिलीज किया है जिसमें तमिलनाडु के शाहरूख खान भी शामिल हैं।

## डब्ल्यूपीएल सीजन 2024: 9 दिसंबर को डब्ल्यूपीएल नीलामी का आयोजन



नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन की नीलामी शनिवार 9 दिसंबर को मुंबई में होगी। वहीं इस बार नीलामी में कुल 165 खिलाड़ियों की बोली लगेगी जिसमें 104 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगी। इन 61 विदेशी खिलाड़ियों में 15 एसोसिएट नेशन की प्लेयर्स होंगी। डब्ल्यूपीएल 2024 का आगाज अगले साल फरवरी मार्च में होने की संभावनाएं हैं, हालांकि अभी तक अधिकारिक तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। नीलामी के बाद बीसीसीआई जल्द इसका भी ऐलान करेगा। नीलामी में शामिल 5 टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास कुल 30 स्लॉट खाली हैं। जिसमें 9 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के हैं। अब देखने वाली बात ये होगी कि इन 165 खिलाड़ियों में से किन 30 प्लेयर्स की किस्मत चमकती है। आइए डब्ल्यूपीएल ऑक्शन से जुड़ी कुछ अहम जानकारियों पर एक नजर डालते हैं।

## जूनियर महिला हॉकी विश्व कप: भारत ने क्लासिफिकेशन मैच में कोरिया को हराया

**सैंटियागो (चिली) (एजेंसी)।** भारत ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के नौवें से 12वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया। गुरुवार को खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से रोपनी कुमारी (23वें मिनट), मुमताज खान (44वें) और अन्नू (46वें) ने गोल किए। कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल जियुन चोई (19वें) ने किया।

पहले क्वार्टर में कोरिया का दबदबा रहा और इस दौरान उसने पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीम ने एक दूसरे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। चोई ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कोरिया को बढ़त दिलाई लेकिन रोपनी ने भी पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिला दी।

मध्यांतर तक दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और इस बीच मुमताज ने पेनाल्टी कार्नर पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद अन्नू ने चौथे क्वार्टर के शुरू में मैदानी गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत के पास अभी नौवें स्थान पर रहने का मौका है। वह टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में शनिवार को चिली या अमेरिका से भिड़ेगा।



## आज होगा अरबनाइजर्स हैदराबाद और मणिपाल टाइगर्स के बीच फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुरेश रैना की कप्तानी वाली अरबनाइजर्स हैदराबाद की टीम लीजेंड्स लीग 2023 के फाइनल में मणिपाल टाइगर्स से भिड़ेगी जिसकी अगुआई दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह कर रहे हैं। मणिपाल टाइगर्स टीम ने क्वालीफायर 2 में गौतम गंभीर की टीम इंडिया कैपिटल्स को 6 विकेट से हराकर हैदराबाद संग खिताब भिड़ंत तय की। हैदराबाद और मणिपाल टाइगर्स की टीम क्वालीफायर 1 में टकरा चुकी हैं, जहां हैदराबाद ने 75 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में धमाकेदार एंट्री मारी। मणिपाल टाइगर्स को हैदराबाद के खूंखार बल्लेबाज ड्वेन स्मिथ को जल्द आउट करना होगा जो लीग इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ चुके हैं। फाइनल शनिवार को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रेक्टर स्टेडियम में शाम 6:30 बजे से खेला जाएगा।

मणिपाल टाइगर्स ने क्वालीफायर 2 मैच में पहले बैटिंग कर 9 विकेट पर 177 रन बनाए। कप्तान गौतम गंभीर का बल्ला खामोश रहा। गंभीर 10 रन बनाकर



पवेलियन लौटे। टॉप के 4 बैटर 30 का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने 27 गेंद में 56 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 5 छक्के और 2 चौके लगाए। मणिपाल टाइगर्स की ओर से थिसारा परेरा और मैक्लाघन ने 3-3 विकेट लिए।

178 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मणिपाल टाइगर्स ओर से ओपनर चैडविक वेल्टन ने 18 गेंद में 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाए। एंजेलो परेरा 30 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि असेला गुणारत्ने ने टीम की जीत का जिम्मा उठाया और मैच विनिंग पारी खेली। परेरा ने 27 गेंद में 35 रन ठोक दिए। असेला गुणारत्ने 39 रन बनाकर नाबाद लौटे वहीं कोलिन डी ग्रैंडहोम ने 24 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए। इसके पहले सुरेश रैना की टीम हैदराबाद ने क्वालीफायर 1 में मणिपाल के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। उस मैच में 40 साल के विंडीज के पूर्व विस्फोटक ओपनर ड्वेन स्मिथ ने 42 गेंदों पर शतक ठोककर रिकॉर्ड बुक को तहस नहस कर दिया था। स्मिथ ने लीजेंड्स लीग इतिहास का सबसे तेज शतक ठोका।

## बांग्लादेश के खिलाफ वनडे के लिए कीवी टीम का ऐलान




वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के साथ शुरु होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए तीन नए खिलाड़ियों वाली 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। वनडे कप्तान केन विलियमसन, टिम साउदी, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और डेवोन कॉनवे को घरेलू सत्र से पहले आराम दिया गया है। इसकारण टॉम लैथम को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है और इस टीम में तीन नए खिलाड़ियों में ऑलराउंडर जोश क्लाकर्सन, तेज गेंदबाज विल ओ' रूके' और लेगस्पिनर आदि अशोक को टीम में शामिल किया गया है। माइकल ब्रेसवेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, जेम्स नीशम, बेन लिस्टर और हेनरी शिपली चोट के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। ट्रेंट बोल्ट ने खुद को चयन के अलग कर दिया था न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, 'इस साल सर्दियों में क्रिकेट की मात्रा और तीव्रता का मतलब है कि हमें खिलाड़ियों के लिए कार्यभार के साथ संतुलन बनाने की जरूरत है, विशेषकर उन खिलाड़ियों के लिए जो कई प्रारूप खेलते हैं उन्हें संतुलन की आवश्यकता भी होगी और कुछ खिलाड़ियों को उनका पहला कॉल-अप देने में सक्षम होना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा, 'जोश वह व्यक्ति है, जिसने अभी भी युवा होते हुए भी स्टैग्स के लिए 150 से अधिक मैच खेले हैं, लगातार योगदानकर्ता बनने के लिए बल्ले और गेंद के साथ अपने कौशल को विकसित किया है। वे और विल दोनों अभी भी घरेलू क्रिकेट में नए हैं, लेकिन शुरुआती दौर में प्रभावशाली रहे हैं इस साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड 17 दिसंबर को बंगलादेश के खिलाफ पहला एकदिवसीय मैच खेलेगा। दूसरा एकदिवसीय मुकाबला 20 दिसंबर को नेल्सन में और तीसरा 23 दिसंबर को नेपियर में होगा।

न्यूजीलैंड की टीम - टॉम लैथम (कप्तान), आदि अशोक (दूसरे और तीसरे मैच के लिए), फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, मार्क चैपमैन, जोश क्लाकर्सन, जैकब डफी, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, हेनरी निकोल्स, विल ओ' रूके', रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी (पहले मैच) और विल यंग।

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल ने वनडे शतकवीर विराट को बताया सबसे आसान विकेट

नई दिल्ली । टीम इंडिया के विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी से अनेक विश्व रिकार्ड बनाये हैं। इस सिलसिले दिग्गज गेंदबाजों को उन्होंने घुटने टेंकने पर मजबूर किया है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज पेसर मिचेल जॉनसन ने वनडे के शतकवीर विराट को सबसे आसान विकेट बताया। दरअसल, मिचेल वही गेंदबाज हैं जिनके साथ टेस्ट मैच में विराट की बीच मैदान में तीखी बहस देखने को मिली थी। विराट और मिचेल जॉन्सन की द्ववंदात्मक कहानी शुरू होती है साल 2014 से, जब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज खेल रही थी। इस सीरीज में विराट कोहली टेस्ट मैच के दौरान अपनी पीक पर मिचेल पर हावी होते नजर आए थे। मैच के बीच विराट ने मिचेल की गेंद पर सामने शॉट खेला और गेंद मिचेल के हाथों में गई। बॉल पकड़ते ही तेज गेंदबाज ने विराट की ओर तेजी से थ्रो फेंक दिया जो कोहली की बॉडी पर लगी और कोहली गिर पड़े। इस घटना के बाद दोनों प्लेयर्स के बीच गर्मा-गरमी देखने को मिली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल रहा है। वहीं, अब इंस्टाग्राम पर मिचेल जॉनसन के द्वारा एक कमेंट वायरल हो रहा है जिसे देखने के बाद लगता है कि पूर्व गेंदबाज ने उस कहानी को हवा दी है। मिचेल की एक पोस्ट पर फैन ने लिखा, 'आप विराट के पसंदीदा गेंदबाज हैं।' जिसके जवाब में जॉनसन लिखते हैं। 'वह मेरा सबसे आसान विकेट था।' विराट कोहली के खिलाफ मिचेल जॉनसन ने साल 2015 वर्ल्ड कप में कमाल की गेंदबाजी की थी। उन्होंने विराट को महज 1 के स्कोर पर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। नॉकआउट मुकाबले में कंगारू टीम ने भारत को करारी शिकस्त दे दी थी।

# कोई भी कोच शमी जैसा गेंदबाज नहीं बना सकता, भारतीय कोच ने दिया बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि मोहम्मद शमी के पास हर बार गेंद को सीधी सीम में डालने की दुर्लभ प्रतिभा है और दुनिया का कोई भी कोच इस तरह की तेज गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज तैयार नहीं कर सकता। वनडे विश्व कप के सात मैच में 24 विकेट चटकाकर गेंदबाजी सूची में शीर्ष पर रहने वाले शमी वनडे और टेस्ट में भारत के बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं।

म्हाम्ब्रे शमी की सफलता के लिए कोई श्रेय नहीं लेना चाहते। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को मोहम्मद शमी जैसी प्रतिभा वाला गेंदबाज मिलेगा तो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रवाना होने से पहले पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, 'अगर मैं कहूं कि कोच शमी जैसा गेंदबाज बना सकते हैं तो यह सच नहीं होगा। अगर कोई गेंदबाज हर बार सीधी सीम में गेंद को डाल सकता तो दुनिया का हर गेंदबाज शमी बन जाएगा।' उन्होंने कहा, 'यह ऐसा कौशल है जो शमी ने कड़ी मेहनत के दम पर हासिल किया है और खुद को ऐसा गेंदबाज बनाया है।'

म्हाम्ब्रे ने कहा, 'सीम पर ही एक के बाद एक गेंद फेंकना और वो भी परफेक्ट कलाई पॉजिशन के साथ तथा इसे दोनों तरफ घुमाना एक दुर्लभ प्रतिभा है। काफी गेंदबाज अगर सीम पर गेंद डाल भी पाते हैं तो उनकी गेंद पिच पर लगते ही सीधी हो जाती है।' पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के बारे में भी इसी तरह की बात करते हुए कहा, 'यहां तक कि बुमराह का एक्शन असमान्य है लेकिन वह गेंद को इसी एक्शन से अंदर या दूर कर देता है। यह एक कला है और इस कला का पारखी होने में काफी कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है।'

शमी और बुमराह दुनिया भर के बल्लेबाजों पर दबदबा बनाने में सफल रहे हैं जिससे म्हाम्ब्रे काफी हैरान हैं। उनकी सफलता से काफी को ईर्ष्या भी होगी। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में हमारे पास बुमराह, शमी और ईशांत (शर्मा) थे जिन्होंने इस तरह का जादू बिखेरा था लेकिन अगर अब आप मुझे पूछोगे कि क्या मैंने इस तरह के दबदबे की उम्मीद की थी तो मैंने इस स्तर के प्रदर्शन का सपना भी नहीं देखा था।'

उन्होंने कहा, 'मेरा मतलब कि जैसे श्रीलंका को 50 रन पर समेट देना और फिर दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम के खिलाफ भी ऐसा ही दोहराव करना कि 320 रन के करीब का स्कोर बनाना और उन्हें 80 रन पर समेट देना। यह सपना लगता है। निश्चित रूप से हमारे जैसे गेंदबाजी आक्रमण के साथ हमें उनसे अच्छा करने की उम्मीद थी, लेकिन इतने लंबे समय तक बड़े मंच पर ऐसा प्रदर्शन करना वास्तव में सराहनीय था।'



# अनेक गुणों की खान है नीम

**सदियों से नीम को कई बिमारियों के इलाज के लिए प्रयोग में लाया जाता है। जब कोई डॉक्टर नहीं होता था तो वैद्य नीम के इस्तेमाल से कई प्रकार के उपयोगी दवाओं का निजात करते थे। इतना ही नहीं नीम वर्तमान युग में कैंसर जैसी जानलेवा बिमारी के निदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है, इसका खुलासा वैज्ञानिकों ने शोध द्वारा किया है। शोध में नीम की पत्तियों में एक विशेष कंपाउंड पाया, जो कैंसर सेल्स के साथ शरीर प्रतिरोधक क्षमता की लड़ाई को सहयोग देने में सक्षम है। कई मायनों में नीम का सेवन शरीर के लिए लाभकारी है।**

एक जर्नल में प्रकाशित शोध में वैज्ञानिकों ने उन्नत चरण के सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित 17 मरीजों की कैंसर सेल्स लेकर उस पर किए प्रयोग के नतीजे का खुलासा किया है। इस अध्ययन से उन्हें नीम की पत्ती द्वारा कैंसर के विकास को रोकने के तरीके का पता चल गया।त्वचा रोगों के लिए जैविक दवा बेंगलूर जैव प्रौद्योगिकी कंपनी बायोकॉन ने पुराने त्वचा रोग के इलाज के लिए जैविक दवा पेश की है। इस दवा का शोध, विकास और विनिर्माण देश में किया गया है। कंपनी ने कहा है कि वह इस दवा को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिये वैश्विक सहयोगी को अंतिम रूप देने के लिये बातचीत कर रही है। बेंगलूर स्थित मेडिसिन कंपनी की चेयरपर्सन तथा प्रबंध निदेशक कहना है कि अलजुमाब नाम की दवा लंबे समय से चली आ रही त्वचा रोगों के इलाज के लिये है। यह अब देश में वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध है। इसकी कीमत बाजार में उपलब्ध ऐसी ही दवाओं के मुकाबले कम से कम 50 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि हम इस दवा को दुनिया के अन्य देशों में पहुंचाना चाहते हैं और इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में कई कंपनियों के साथ बातचीत जारी है। किरण ने यह भी कहा कि यह बड़ी सफलता है और इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ सकता है।बायोकॉन के अनुमान के अनुसार त्वचा रोग से संबद्ध दवाओं का बाजार 2016 तक 8 अरब डॉलर पहुंच जाने का अनुमान है। कंपनी ने 2006 में अलजुमाब पर काम करना भी शुरू किया था।





# योग द्वारा दूर हो सकता है पीठ का दर्द

कई लोग ऐसे होते हैं जिन्हें कोई ना कोई बीमारी परेशान करती ही रहती है। चाहे वह कितना भी इलाज क्यों ना करा लें।थक हारकर ऐसे लोगों को साधू-संतों का सहारा लेना पड़ जाता है।इस प्रकार की समस्या भोग रहे लोगों के लिए योग काफी सही और सफलतम साधन बन कर उभरा है।आइए जानते हैं इस बारे कुछ उपयोगी टिप्स।

प्राचीन भारतीय पद्धति योग को लेकर किए गए एक नए अध्यन से पता चला है सप्ताह में एक बार योग आपको पीठ के निचले हिस्से के दर्द से राहत दिला सकता है।अमेरिका के एक विश्वविद्यालय द्वारा किए गए शोध में अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सप्ताह में एक बार योग करने से पीठ के दर्द से उसी तरह राहत मिल सकती है और दर्दनाशक दवाओं पर निर्भरता कम हो सकती है।पूर्व के अध्ययनों में कहा गया था कि योग पीठ के निचले भाग में उठने वाले तेज दर्द के इलाज के लिए लाभकारी हो सकता है लेकिन कुछ अध्ययनों में कहा गया है कि यह कुछ खास आबादी के लिए यह उपयोगी है।इस अध्ययन के लेखक द्वारा कहा गया है कि पीठ के निचले भाग में दर्द अक्सर कम आय वाले मरीजों को होता है क्योंकि उनके पास इलाज के लिए न तो पर्याप्त रकम होती है और न ही योग, मालिश या एक्यूपंक्चर जैसे इलाज तक उनकी पर्याप्त पहुंच होती हैं। उनके अनुसार, अगर ऐसे मरीज सप्ताह में एक बार योग करें तो उन्हें समुचित लाभ हो सकता है। साथ ही दैनिक कामकाज करने की उनकी क्षमता में भी सुधार हो सकता है।

# हमेशा जवां दिखने के लिए जरूरी है पूरी नींद

आप अगर हमेशा युवा दिखना हैं तो आपको पूरी नींद लेनी होगी। अन्यथा आपकी त्वचा समय से पहले बूढ़ी होने लगेगी और आप उम्रदराज नजर आने लगेंगे। यह दावा अमेरिका के युनिवर्सिटी हॉस्पीटल्स केस मेडिकल सेंटर के फिजिशियन और वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक शोध में किया गया है। उन्होंने पाया कि नींद त्वचा के कामकाज तथा उसकी उम्र को भी प्रभावित करती है। इसके अनुसार कम नींद लेने वालों की त्वचा समय से पूर्व बूढ़ी होने लगती है और उनमें अल्ट्रावायलट विकिरणों सहित पर्यावरण के अन्य नकारात्मक प्रभावों से जल्द मुक्त होने की क्षमता भी नहीं रहती।यह शोध युनिवर्सिटी हॉस्पीटल्स केस मेडिकल सेंटर में त्वचा अध्ययन केंद्र के निदेशक व मुख्य शोधकर्ता एल्मा बैरन के नेतृत्व में हुआ।

बैरन ने अपने आंकड़े हाल ही में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में हुए इंटनेशनल इंवेस्टिगेटिव डर्मेटोलॉजी मीटिंग में इफेक्ट्स ऑफ स्लीप क्वालिटी ऑन स्किन एजिग एंड फंक्शन शीर्षक से पेश किए। बैरन केस वेस्टर्न रिजर्व युनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के त्वचा रोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे शोध में पहली बार दिखाया गया है कि कम नींद लेने से त्वचा पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। शोध से, कम सोने वाली महिलाओं की त्वचा के समय से पहले कांतिहीन होने और धूप के संपर्क में आने के बाद उस पर पड़ने वाले असर से निपटने की क्षमता में कमी का पता चलता है।

# गंजेपन से जुड़ी बातें हैं आपका भ्रम

**अक्सर लोग अपने बालों के झड़ने से परेशान रहते हैं। कई बार तो यह समस्या उन्हें गंजा तक बना देती है। देखा जाए तो आज के इस परिवेश में बालों का गिरना और गंजापन सामान्य सा दिखता है। लेकिन जितना यह सामान्य दिखता है उतना ही यह चिंता का विषय भी है।**

कई बार गंजेपन से जुड़ी हम ऐसी धारणाएं मन में पाल लेते हैं जो महज हमारा भ्रम ही है। जबकि उनका वास्तविक आधार कुछ है ही नहीं। ऐसे में अगर आप गंजेपन को रोकने की कोशिश में जुटे हैं तो इन मिथ पर जरूर गौर करें और इनकी असलियत पहचानें।

### टोपी पहनने से बाल झड़ते हैं

कई बार लोगों का मानना होता है कि टोपी अधिक पहनने से बालों को भरपूर पोषण नहीं मिलता है और बाल झड़ने लगते हैं। सच यह है कि बालों तक पोषक तत्व रक्त से पहुंचते हैं और इसका बाहरी हवा से कोई संबंध नहीं है।

### अधिक शैंपू यानी अधिक हेयरफॉल

शैंपू करते वक्त ढेर सारे बाल गिरें तो इसका मतलब यह कतई नहीं कि शैंपू से गंजापन हो सकता है। कई बार आपके टूटे और कमजोर बालों को सिर से निकालने का काम भी शैंपू करता है। शैंपू का काम सिर्फ बाल साफ करना है, इसका बालों की लंबाई व घने होने से कोई संबंध नहीं है।

### हेयरस्प्रे या जेल से बाल झड़ते हैं


इस बात का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है कि हेयर स्प्रे या जेल से बाल झड़ेंगे। अगर आप अच्छी क्वालिटी का हेयरजेल या स्प्रे इस्तेमाल करेंगे तो इससे बालों को कोई नुकसान नहीं है क्योंकि जेल बालों की जड़ों में नहीं लगाते बल्कि बालों पर लगाते हैं। इससे न तो बालों की लंबाई पर फर्क पड़ता है और न ही बाल झड़ते हैं।

### मां से ही मिलता है गंजापन

गंजापन अनुवांशिक हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह सिर्फ मां की तरफ से होगा। आपके पिता की ओर के रिश्तेदारों से ही आप में इसके जीन्स आ सकते हैं।

### बाल कटवाने से घने होते हैं

बार-बार बाल कटवाने या सिर मुडवाने से बाल घने नहीं होते बल्कि यह सिर्फ हमारा भ्रम है। छोटे बाल मोटे या घने इसलिए लगते हैं क्योंकि ये सिर का घुमाव चौड़ा लगता है जिससे बालों का घनत्व अधिक दिखता है।






# दिल की बिमारी से बचाते है ड्राई फ्रूट्स

**भारत में श्रावण के महीने से त्यौहार शुरू हो जाता हैं। इन महीनों में कई प्रकार के पर्व आते हैं। जिसमें लजीज और मनभावक पकवान खाने को मिलते है।जिसमें ड्राई फ्रूट्स की भूमिका अहम होती है।वैसे तो ड्राई फ्रूट्स का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद**

होता है।कमजोरी होने पर इनका सेवन करना अच्छा हो सकता है। ऐसा डाइटीशियन्स का कहना है। उनके अनुसार मेवो को सुपर फूड्स कहा जाए तो गलत न होगा। मेवे महत्वपूर्ण पोषक तत्व ओमेगा-3 फैटी एसिड के प्रमुख स्रोत हैं और ये रक्त में कोलेस्ट्राल को नियंत्रित रखते हैं। इन्हें नाश्ते के रूप में भी लिया जा सकता है।इससे एक अलग जायका मिलेगा। साथ ही सेहत भी सही रहेगी। कई अध्ययनों से यह पता चला है कि कि अनप्रोसेस्ड नट्स का सप्ताह में तीन-चार बार सेवन करने से हृदय रोग होने का खतरा 25 फीसदी कम हो जाता है। यही नहीं यदि आप लंबे अर्से से कमजोरी व थकान की शिकायत से ग्रस्त हैं तो आपके लिए नट्स का सेवन लाभप्रद रहेगा। डाइटीशियन्स के अनुसार नट्स में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ही नहीं, बल्कि मस्तिष्क को भी तरोताजा रखते हैं। इनके सेवन से आपका मिजाज खुशनुमा बनता है। इनमें एंटी ऑक्सीडेंट व कई विटामिन्स पाए जाते हैं, जो बढ़ती उम्र में भी आपको चुस्त-दुरुस्त रखते हैं।मेवों में प्रोटीन भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। प्रोटीन विभिन्न अंगों, मांसपेशियों, एंटीबॉडीज, हार्मोस और विभिन्न एंजाइमों के निर्माण में सहायक होता है। इसमे में पर्याप्त मात्रा में जिंक भी पाया जाता है।

# 2024 की ईद पर रिलीज होगी बड़े मियां छोटे मियां

बॉलीवुड स्टार्स अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां मच-अवेटेड मूवीज में से एक है। इस फिल्म का जब अनाउंसमेंट हुआ था तब से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ये फिल्म साल 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल, लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म का टीजर कब रिलीज किया जाएगा।पिकंविला की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टीजर रिलीज के लिए तैयार है और ये पोस्ट प्रोडक्शन के लास्ट स्टेज में है। फिल्म का टीजर एक्शन से भरपूर है। मेकर्स टीजर को 2024 के रिपब्लिक डे के वीकेंड के दौरान रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टीजर ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर के साथ अटैच किया जाएगा। ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां अगले साल ईद पर रिलीज होने वाली है और इससे पहले 75 दिन फिल्म का प्रमोशन किया जाएगा। अली अब्बास जफर के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां साल 2024 की ईद पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी और इसे वाशु भागनानी और पूजा एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहे है। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज का फैंस इंतजार कर रहे हैं।




# अजय को फिल्म की शूटिंग के दौरान लगी चोट

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म सिंघम 3 का फैंस काफी दिनों से इंतजार कर रहे हैं। अभी कुछ दिनों से पहले सिंघम 3 से अजय देवगन का धांसू लुक सामने आया था। अजय देवगन के फिल्म से सामने आए इस लुक को फैंस ने काफी पसंद किया। अब इन सब के बीच सिंघम 3 से जुड़ी एक बुरी खबर सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अजय देवगन फिल्म सिंघम 3 की शूटिंग के दौरान घायल हो गए है। इस खबर के सामने आने के बाद एक्टर के फैंस काफी दुखी नजर आए। तो चलिए जानते है अब एक्टर की हालत कैसी है।फिल्म सिंघम 3 काफी दिनों से चर्चा में है। इस फिल्म से अब तक कई स्टार्स के लुक सामने आ चुके हैं। इसी बीच अब सिंघम 3 से सेट से एक बुरी खबर सामने आ रही है। मिड-डे की रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म सिंघम 3 के सेट पर अजय देवगन को एक सीन शूट करते समय आंख में चोट लग गई। फिल्म की ये शूटिंग मुबंई के विले पार्ले इलाके में चल रही थी। इस दौरान अजय देवगन के साथ-साथ सेट पर रोहित शेट्टी और उनकी भी वहां मौजूद थी। अजय देवगन को चोट लगने की खबर को जान फैंस काफी दुखी हो गए। आपको बता दें कि जब अजय देवगन सीन शूट कर रहे थे, तब गलती से एक्टर के चेहरे पर एक झटका लगा, जिसकी वजह से अजय देवगन की आंख पर चोट आ गई।जैसे ही अजय देवगन को चोट लगी, तुरंत ही सेट पर मौजूद डॉक्टर्स ने उनका इलाज किया। रिपोर्ट के मुताबिक अजय देवगन ने चोट लगने के बाद कुछ घंटे का ब्रेक लिया, उसके बाद वो शूटिंग पर वापस आ गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब अजय देवगन की हालत एकदम ठीक है। फिल्म सिंघम 3 को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।।

# यश ने 8 दिसंबर को 'यश 19' के आधिकारिक शीर्षक की घोषणा करने के लिए किया पोस्टर जारी



'केजीएफ' स्टार यश ने सोमवार को साझा किया कि वह अपनी आगामी फिल्म के शीर्षक की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसे वर्तमान में 'यश 19' कहा जाता है। अभिनेता अपने आगामी प्रोजेक्ट के आधिकारिक शीर्षक का अनावरण करेंगे, जिसे वर्तमान में 'यश 9' कहा जाता है। सोशल मीडिया पर, यश ने प्रोडक्शन हाउस, कवीएन प्रोडक्शंस के साथ एक सहयोगी पोस्ट में अपने अनुयायियों को सूचित किया कि वह 8 दिसंबर, 2023 को सुबह ९-55 बजे फिल्म के आधिकारिक शीर्षक की घोषणा करेंगे। यश ने एक दिलचस्प पोस्टर भी साझा किया, जहां एक बड़ा प्रश्न चिह्न देखा जा सकता है। इसके नीचे शीर्षक घोषणा 8 दिसंबर सुबह ९-55 बजे लिखा है।बाद में, उन्होंने के.जी.एफ- चैप्टर 1 में अभिनय किया, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बन गई। उन्होंने सीक्वल, के.जी.एफ- चैप्टर 2 में अपने प्रदर्शन के लिए और अधिक प्रशंसा हासिल की, जो वर्तमान में चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है।



# रीटेक से थककर राधिका हुई थीं सेट से फरार



राधिका मदान ने कलर्स के शो मेरी आशिकी तुमसे ही से एक्टिंग डेब्यू किया था. सीरियल में राधिका शक्ति अरोड़ा के साथ दिखाई दीं और घर-घर में ईशानी के किरदार से पहचानी गईं. पहले ही टीवी सीरियल से दिल जीत लेने वाली और लंबी फैन फॉलोविंग बना लेने वाली राधिका बहुत जल्द बॉलीवुड में एंट्री लेने में कामयाब रहीं. उन्होंने फिल्म पटाखा से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया.राधिका मदान ने दो सालों तक मेरी आशिकी तुमसे ही में काम किया. इस दौरान उनका सफर काफी रोमांचक रहा. एक बार तो एक्ट्रेस शो के सेट से ही फरार हो गई थीं. इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने आजतक को दिए एक इंटरव्यू में किया था. उन्होंने बताया था कि उन्हें एक्टिंग का काम थोड़ा मुश्किल लगता था. राधिका मदान ने बताया कि एक बार एक सीन के लिए उन्हें कई बार रीटेक देना पड़ रहा था. ऐसे में जब वे देते-देते थक गईं तो वे मेरी आशिकी तुमसे ही के सेट से भाग गईं. यह उसकी शूटिंग का पहला ही दिन था. एक्ट्रेस रीटेक से डर गई थीं जिसके बाद वे स्टूडियो से भाग निकलीं. हालांकि बाद में यूनिट के मेंबर्स उन्हें ढूंढकर सेट पर वापस ले आए थे. मेरी आशिकी तुमसे ही के अलावा राधिका मदान डांस रिएलिटी शो झलक दिखला जा 8 का भी हिस्सा रही हैं. एक्ट्रेस ने रिवील किया था कि वे हमेशा से एक डांसर बनना चाहती थीं. इसके लिए उन्होंने फॉरेन एकेडमी में एडमिशन भी ले लिया था लेकिन इस बीच ही उन्हें मेरी आशिकी तुमसे ही ऑफर हो गई.टीवी की दुनिया में नाम कमाने के बाद राधिका ने बॉलीवुड का रुख किया और विशाल भारद्वाज की फिल्म पटाखा के साथ डेब्यू किया।

# सिद्धार्थ के रोमांटिक प्रपोजल के बाद कियारा ने की थी शादी के लिए हां



बॉलीवुड के फेमस फिल्ममेकर करण जौहर क
करण' का सीजन 8 इस वक्त काफी चर्चा में बना हु
में शो पर गेस्ट के तौर पर खूबसूरत हसीना कियारा अ
विक्की कौशल के साथ पहुंची. जिसकी एक प्रोमो भी स
है. इस प्रोमो में कियारा ये खुलासा करते हुए नजर अ
मल्होत्रा ने शादी के लिए उनको बेहद रोमांटिक वे
था.दरअसल शो का लेटेस्ट प्रोमो करण जौहर ने
अकाउंट पर शेयर किया है. प्रोमो में कियारा आडवाणी
कलर की ऑफ शोल्डर बॉडीकोन ड्रेस पहने हुए न
आई. जिसमें एक्ट्रेस बला की खूबसूरत लग रही है
कियारा ने अपना ये ऑल ब्लैक लुक ओपन हेयर औ
न्यूड मेकअप के साथ पूरा किया है. वहीं विक्की शो
ब्लैक सूट-बूट में पहुंचे हैं. इस प्रोमो में कियारा आडवाणी
करण जौहर के साथ अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बा
करती हुई दिखाई दी. इस दौरान करने उनसे कहते हैं वि
आखिरी बार जब उन्होंने विक्की का इंटरव्यू लिया था त
आपके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इस काउच पर थे
इसपर कियारा आडवाणी हंसते हुए कहती हैं कि, हां हां त
हम दोनों रोम से वापस आए थे. जहां पर सिद्धार्थ ने रोमांटिक
तरीके से मुझे प्रपोज किया था. एक्ट्रेस की ये बात सुनक
करण भी हैरान हो जाते हैं और फिर हंसने लगते हैं.बता दें वि
विक्की कौशल और कियारा आडवाणी आखिरी बार एकसाथ
फिल्म 'गोविंदा मेरा नाम' में नजर आए थे. तभी से दोनों के
बीच अच्छी दोस्ती है. बात करें दोनों स्टार्स के हालिया काम
की तो कियारा %सत्यप्रेम की कथा% में नजर आई थीं. तो
विक्की कौशल हालिया रिलीज फिल्म 'सैम बहादुर' में दिख
दिए. जो फैंस को खासा पसंद आ रही है।




# शहनाज ने गांव में दोस्तों संग ढोल पर किया डांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। शहनाज गिल अपने से जुड़े वीडियोज और फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। शहनाज गिल इन दिनों अपने परिवार वालों और करीबियों के साथ अपने गांव पर हैं और जमकर मस्ती कर रही हैं। शहनाज गिल इसकी झलक सोशल मीडिया पर दिखा रही हैं। अब शहनाज गिल का एक लेटेस्ट वीडियो धूम मचा रहा है। दरअसल, शहनाज गिल इस वीडियो में अपने भाई शहबाज बदेशा और करीबियों के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। शहनाज गिल का ये वीडियो फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। शहनाज गिल ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि शहनाज गिल अपने भाई शहबाज बदेशा और दोस्तों के साथ गांव पर ढोल पर भांगड़ा डांस करते नजर आ रही हैं। शहनाज गिल काफी मस्ती के मूड में दिखाई दीं और जमकर डांस किया। वहीं, शहनाज गिल के साथ पंजाबी में गाना गाते नजर आ रहे हैं। शहनाज गिल का डांस वीडियो तेजी से वायरल हो और फैंस को पसंद आ रहा है। शहनाज गिल का डांस को देखकर उनके फैंस दीवाने हो रहे हैं और कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ कर रहे हैं। गौरतलब है कि शहनाज गिल अपने गांव पर फुल मस्ती के मूड में हैं। शहनाज गिल ने एक वीडियो शेयर किया था। शहनाज गिल गांव की सड़क पर चलते हुए दिखती हैं। इस दौरान शहनाज गिल खेत के बीच एक रेड़ी पर खड़ी होकर शाहरुख खान का सिग्नेचर पोज भी देती हैं। इस दौरान शहनाज गिल काफी खुश दिखाई दे रही हैं।





# एनिमल में सारा को मिलने वाला था तृप्ति का रोल

रणबीर कपूर, अनिल कपूर और बॉबी देओल की धमाकेदार फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रखा है। फिल्म की कमाई ने सभी को हैरान कर दिया है। रणबीर कपूर की इस फिल्म ने तीन दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म की कमाई के साथ-साथ एनिमल के कुछ सीन्स ने लोगों को होश उड़ा दिए है। तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर के बोल्ड सीन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इस सीन के बाद तृप्ति डिमरी को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रेंड भी चला। लेकिन आपको पता है पहले ये रोल सारा अली खान को मिलने वाला था। जी हां, आपने एकदम सही सुना। सारा अली खान तृप्ति डिमरी के रोल में नजर आने वाली थी। लेकिन इस वजह से मेकर्स ने उन्हें फिल्म में कास्ट नहीं किया।फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी और रणबीर कपूर के बोल्ड सीन ने सबके होश उड़ा दिए है। इस सीन के बाद तृप्ति डिमरी की हर तरफ तारीफ हो रही है। लेकिन आपको बता दें कि तृप्ति डिमरी के रोल में सारा अली खान नजर आने वाली थी। फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक सारा अली खान फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी वाले रोल को करना चाहती थी। इसके लिए सारा अली खान ने ऑडिशन भी दिया था। लेकिन मेकर्स ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था। इसके पीछे की वजह ये थी मेकर्स का मनाना था कि सारा अली खान इस रोल के लिए फिट नहीं बैठती है और वो इतना बोल्ड सीन नहीं कर पाएंगी। जिसकी वजह से मेकर्स सारा अली खान के हाथ से ये रणबीर कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ने इंडिया के साथ-साथ विदेशों में धमाल मचा रखा है। एनिमल ने इंडिया में 200 करोड़ रुपये से यादा की कमाई कर ली है, तो वहीं फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है। अगर तृप्ति डिमरी की जगह सारा अली खान होती तो फिल्म कैसी होती, इसको लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।

# अदिति डॉट, एक्टिंग के अलावा सिंगर और गीतकार भी हैं

जोया अख्तर की आने वाली फिल्म The archies आजकल चर्चा का विषय बना हुआ है। फिल्म में कुछ जाने माने चेहरे हैं, तो कुछ अनजान। ट्रेलर आउट होने के बाद फिल्म को देखने के लिए दर्शकों में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म में 3 को छोड़कर सारे नए कलाकार हैं। The archies में पॉपुलर स्टार किड्स सुहाना खान, खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा जैसे जाने माने चेहरे इस फिल्म के साथ अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में इन पॉपुलर स्टार कास्ट के अलावा मिहिर आहूजा, वेदांग रैना, अदिति डॉट सहगल और युवराज मेंडा जैसे नए चेहरे भी नजर आएंगे। आज के इस लेख में हम सुहाना खान और खुशी कपूर के साथ नजर आ रही तीसरी फीमेल स्टार कास्ट अदिति डॉट सहगल के बारे में जानेंगे।अदिति डॉट सहगल ने नेटफ्लिक्स के The archies में काफी दिलचस्प रोल प्ले किया है। अदिति सहगल ने फिल्म में एर एथेल मुग्स का रोल प्ले किया है, दो दिन बाद The archies रिलीज होने वाली है, इस बीच फिल्म के नए कलाकारों के बारे में जानने का यह सही समय है। स्टार किड्स को तो सभी जानते हैं, उन्हें किसी प्रकार की परिचय की आवश्यकता नहीं है, लेकिन अदिति के बारे में चलिए थोड़ा जान लें। अदिति सहगल को उनके स्टेज के नाम डॉट से भी जाना जाता है। अदिति एक 24 वर्षीय भारतीय सिंगर और गीतकार हैं। अदिति अपने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर गाए हुए गानों को पोस्ट करती रहती हैं। The archies में एक अभिनेत्री के रूप में यह अदिति की पहली फिल्म है। अदिति सहगल शेना गामट और दिवंगत अमित सहगल की बेटी हैं। शेना गामट एक एक्टर और थिएटर प्रैक्टिशनर हैं। वहीं अमित सहगल एक रॉक संगीतकार और भारत की पहली रॉक पत्रिका रॉक स्ट्रीट जर्नल के प्रसिद्ध संस्थापक थे। भारतीय रॉक समुदाय के लोग अमित सहगल को पापा रॉक कहते थे। अदिति सहगल 6 साल की छोटी सी उम्र से पियानो बजा रही हैं और 12 साल की उम्र से गाना लिखने का काम कर रही हैं। इनका म्यूजिक करियर दिल्ली में वन वर्ल्ड कॉलेज और म्यूजिक के कुछ कलाकारों के साथ शुरू हुआ था। कॉलेज के समय अदिति एक बैंड के साथ गाना शुरू किया था। साल 2017 में उनका गाना एवरीबॉडी डांस टू टेक्नो के वायरल होने के बाद वह रातों-रात सफल हुई थी।






# फाइटर से ऋतिक का फर्स्ट लुक आउट

बॉलीवुड स्टार्स ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर को लेकर काफी बज बना हुआ है। ये फिल्म अगले साल यानी 2024 में 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। इसी बीच ऋतिक रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म फाइटर से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। इसके साथ ही ऋथिक रोशन ने रिवील किया है कि फिल्म फाइटर में उनके किरदार का नाम क्या होगा। ऋतिक रोशन का लुक देखकर फैंस का उत्साह बढ़ गया है। ऋतिक रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म फाइटर से जुड़ा अपडेट शेयर किया है। दरअसल, इस फिल्म से ऋतिक रोशन का फर्स्ट लुक सामने आया है। ऋतिक रोशन ने जो अपना पोस्टर शेयर किया है उसमें वह पायलट के लुक में नजर आ रहे हैं। ऋतिक रोशन ने इस पोस्ट में बताया है कि फिल्म %फाइटर में स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया के रोल में नजर आएंगे। फिल्म %फाइटर जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलने वाले हैं। इस फिल्म की कहानी देशभक्ति के आसपास रहेगी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि ऋतिक रोशन की फिल्म %फाइटर का टीजर जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। संपादक : मो इस्माईल खान RNI No. DLHIN/2010/37009